राष्ट्रीय मुख्यधारा PRINT | WEB | VIDEO
बोकारो, शनिवार
15.02.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 15
हिन्दी दैनिक
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका से 'बहुत कुछ लेकर' लौट रहे हैं स्वदेश

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका से 'बहुत कुछ लेकर' स्वदेश लौट रहे हैं। उन्होंने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत अनेक दिग्गजों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस से अमेरिका पहुंचे। ट्रंप ने जनवरी में दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद भारत के साथ पहली द्विपक्षीय वार्ता की मेजबानी की।





### यात्रा की उपलब्धि

1-व्यापार एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा एवं सुरक्षा, ऊर्जा और दोनों देशों के नागरिकों के मध्य संबंधों सहित विभिन्न विषयों पर उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ता।
2-अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति करेगा अमेरिका। भारत को एफ-35 लड़ाकू विमान मिलने का मार्ग प्रशस्त।
3-दोनों देशों के बीच ऊर्जा समझौता। भारत में अमेरिका तेल और गैस का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनेगा।
4-भारत और अमेरिका कट्टरपंथी इस्लामी आतंक के खतरे का मिलकर मुकाबला करेंगे।
5-अमेरिका मुंबई (26/11) हमले में शामिल तहव्वुर राणा को भारत को सौंपेगा। प्रत्यर्पण को मंजूरी।
6-दोनों देश महत्वाकांक्षी भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर मिलकर काम करेंगे।
7-जल्द ही बड़े व्यापार सौदों की घोषणा संभव।

### दिग्गजों से मुलाकात

1-प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय मूल के उद्यमी विवेक रामास्वामी से मुलाकात की। दोनों के बीच भारत-अमेरिका संबंधों, नवाचार, जैव प्रौद्योगिकी और अन्य मुद्दों पर बातचीत।
2-अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज से मुलाकात। इस दौरान विदेशमंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद रहे।
3-ब्लेयर हाउस में अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात। भारत-अमेरिका मैत्री पर चर्चा।
4-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्लेयर हाउस में स्पेस एक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क से भेंट। अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों पर बातचीत। ट्रंप ने पिछले महीने मस्क को नवगठित सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख नियुक्त किया है। मस्क अमेरिकी ऑटोमोटिव और स्वच्छ ऊर्जा कंपनी टेस्ला के भी सीईओ हैं।

## बांग्लादेश का क्या करना है ट्रंप ने पीएम मोदी को दिया फ्री हैंड

**वॉशिंगटन**। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार और रिश्तों पर चर्चा की। साथ ही ट्रंप ने कहा, मैं बांग्लादेश का मुद्दा पीएम मोदी पर छोड़ता हूं।अमेरिका पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप में बांग्लादेश मुद्दे को लेकर बड़ी चर्चा हुई है। खबर है कि ट्रंप ने बांग्लादेश में जारी हालात में अमेरिका की भूमिका से साफ इनकार कर दिया है। साथ ही मुल्क को लेकर फैसला भी पीएम मोदी पर छोड़ा है। साथ ही भारतीय पीएम ने राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से भी बांग्लादेश के हालात को लेकर चर्चा की है। रिपोर्ट के मुताबिक पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप अब तक चार नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। सरकार में उनकी वापसी के बाद सबसे पहले व्हाइट हाउस इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पहुंचे थे। इसके बाद जापान के पीएम शिगेरु इशिबा और इसके बाद जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय ने भी अमेरिका पहुंचकर ट्रंप से मुलाकात की थी। बीते साल बांग्लादेश में छात्र आंदोलन के दौरान हुए हिंसक प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना की सरकार गिर गई थीं। खुद उन्हें देश छोड़कर भागना पड़ गया था। इसके बाद नोबल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख बनाया गया था।

## पुलवामा की बरसी पर प्रधानमंत्री मोदी, शाह और राजनाथ सिंह ने शहीदों को किया नमन

एजेंसी। नई दिल्ली



पुलवामा आतंकी हमले को आज छह साल हो चुके हैं। 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने एक आत्मघाती हमले को अंजाम दिया था, जिसमें सीआरपीएफ के 39 जवान शहीद हो गए थे। इस दुखद घटना में शहीद हुए जवानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य प्रमुख नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। पुलवामा की बरसी के अवसर पर शुक्रवार 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शहीद जवानों को याद करते हुए लिखा, 2019 में हमने जिन वीर जवानों को खोया, उन्हें शत-शत नमन। आने वाली पीढ़ियां उनके बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट समर्पण भावना को कभी नहीं भूलेंगी।

**गृह मंत्री शाह ने दी श्रद्धांजलि** : गृह मंत्री अमित शाह ने भी पुलवामा बरसी पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम है। उन्होंने लिखा, यह कायराना हमला हमारे जवानों की कुर्बानी को कमजोर नहीं कर सकता। हम आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को और मजबूत करेंगे। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा, कि 14 फरवरी 2019 का दिन हमें उन बहादुर जवानों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। हम उनके बलिदान को कभी नहीं भूल सकते और उनके परिवारों को अटूट समर्थन प्रदान करते हैं।

देशभर में इस दिन को याद करते हुए विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। देश की सुरक्षा एजेंसियां और सरकार आतंकवाद के खिलाफ मजबूती से खड़ी हैं। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए कोई भी कदम उठाने से पीछे नहीं हटा जाएगा। इस अवसर पर पूरे देश ने एक स्वर में वीर शहीदों को नमन किया और उनके बलिदान को स्मरण किया।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत और जमैका ने सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों में प्रौद्योगिकी की संभावनाओं पर न्यूयार्क में की चर्चा



**नई दिल्ली**। न्यूयॉर्क में सामाजिक विकास आयोग की बैठक के 63वें सत्र के बाद महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर की अध्यक्षता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल और श्रम एवं सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय की स्थायी सचिव डायोन जेनिंग्स की अध्यक्षता में जमैका के दल के बीच उच्चस्तरीय द्विपक्षीय चर्चा हुई। इस बैठक में सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों को बढ़ाने के लिए डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के उपयोग में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की गई। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों पर मुख्य रूप से चर्चा हुई उसमें वित्तीय समावेशन, डीबीटी, वृद्धावस्था पेंशन आदि में भारत द्वारा किए जा रहे विभिन्न डिजिटल हस्तक्षेप और प्रौद्योगिकी की भूमिका शामिल थी, जो विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। चर्चा का केंद्र पोषण ट्रैकर था- पोषण परिणामों की निगरानी और सुधार के लिए भारत का अग्रणी डिजिटल उपकरण और ऐसे तरीके, जिनसे इसी तरह के तकनीकी नवाचार जमैका के सामाजिक सुरक्षा ढांचे का समर्थन कर सकते हैं। दोनों पक्षों ने सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों में कुशल, पारदर्शी और प्रभावशाली सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल समाधानों का लाभ उठाने के महत्व पर जोर दिया।

### अडानी मामले पर राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर कसा तंज- घर में चुप्पी, विदेश में निजी मामला



**नई दिल्ली**। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए अडानी समूह से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया है। राहुल गांधी ने कहा कि पीएम मोदी देश में इस मामले पर कोई जवाब नहीं देते और विदेश में इसे निजी मामला बताकर टाल देते हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि घर में सवालों पर चुप्पी, विदेश में निजी मामला! मोदी जी के लिए दोस्त की जेब भरना राष्ट्र निर्माण है, जबकि रिश्वतखोरी और राष्ट्रीय संपत्ति की लूट सुविधाजनक रूप से निजी मामला बन जाती है।

**पीएम मोदी ने अमेरिका में क्या कहा**? : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान जब अडानी से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों पर सवालों का सामना कर रहे थे, तब उन्होंने इसे खारिज करते हुए कहा कि, भारत एक लोकतंत्र है और हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की है। दो देशों के प्रमुख कभी भी ऐसे व्यक्तिगत मामलों पर चर्चा नहीं करते हैं। अमेरिकी न्याय विभाग ने गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अडानी समूह के अन्य अधिकारियों पर 250 मिलियन डॉलर की रिश्वतखोरी योजना में संलिप्त होने का आरोप लगाया था।

## पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति के खास ऐलान

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात हुई है। मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रंप से मुलाकात में क्या कुछ निकलकर सामने आया, इसे 10 प्वाइंट में समझा जा सकता हैं।

**1.एफ-35 लड़ाकू विमान** : डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम नरेंद्र मोदी के साथ चर्चा के बाद भारत को एफ -35 लड़ाकू विमान की आपूर्ति की घोषणा की।


**2.टेक्नोलॉजी ट्रांसफर** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हमारी टीमें एक व्यापार समझौते को पूरा करने पर काम करेंगी, जिससे दोनों देशों को फायदा होगा। हम भारत की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल और गैस व्यापार को मजबूत करेंगे। ऊर्जा के क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा।

**3.तहव्वुर हुसैन राणा** : ट्रंप ने ऐलान किया है कि 26/11 मुंबई हमलों के आतंकी तहव्वुर राणा को भारत को सौंपा जाएगा। भारत और अमेरिका कट्टरपंथी इस्लाम से खतरे से निपटने के लिए साथ मिलकर काम करेंगे। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि राणा पर 2008 के हुए मुंबई हमलों की साजिश रचने के लिए भारतीय अदालतों में मुकदमा चलाया जाएगा।

**4.तेल-गैस आपूर्ति** : ज्वाइंट प्रेस-कॉन्फ्रेंस में डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया कि एक नया ऊर्जा समझौता हुआ है, जिसके तहत अमेरिका भारत को तेल और गैस का प्राथमिक आपूर्तिकर्ता बन जाएगा। पीएम मोदी और मैं ऊर्जा पर एक समझौते पर पहुंचे हैं जो भारत को तेल और गैस का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनाएगा।

**5.बांग्लादेश पर भारत की चलेगी** : पीएम मोदी और ट्रंप की ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बांग्लादेश को लेकर भी सवाल पूछा गया। ट्रंप ने बांग्लादेश के सवाल पर कहा कि ये सब मैं मोदी पर छोड़ता हूं। ये वो तय करेंगे कि आगे क्या करना है।

**6.आतंकवाद पर टफ स्टैंड**: अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसके बाद घोषणा की कि दोनों देश कट्टरपंथी इस्लामी आतंकवाद द्वारा उत्पन्न



वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए अपने अभूतपूर्व सहयोग को मजबूत करेंगे।

**7.खालिस्तान** : पीएम मोदी से बातचीत के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खालिस्तान चरमपंथियों का मुद्दा भी सामने आया। भारत हमेशा से ही दूसरे देशों में बैठकर भारत के खिलाफ साजिश की बात कहता रहा है। इसपर ट्रंप ने कहा कि हमें भारत से इस मुद्दे पर अनुरोध मिला है। वो भारत के साथ मिलकर अपराध से लड़ेंगे।

**8.अवैध प्रवासी** : अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर पीएम मोदी ने कहा कि गैरकानूनी तरीके से जो लोग दूसरे देश में होते हैं, वहां रहने का कानूनी अधिकार नहीं हैं। जो सच्च में भारत का नागरिक होगा और अमेरिका में गैरकानूनी तरीके से रह रहा होगा उसे वापस लिया जाएगा। ह्यूमन ट्रैफिकिंग के इकोसिस्टम को भारत और अमेरिका को हमला करना चाहिए।

**9.अदानी मामला** : पीएम नरेंद्र मोदी से एक अमेरिकी पत्रकार ने जब गौतम अडानी के मामले को लेकर सवाल पूछा तो मोदी ने जवाब दिया, भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हमारा संस्कृति और दर्शन है 'वसुधैव कुटुंबकम' यानी पूरा विश्व मेरा परिवार है, हर भारतीय मेरे परिवार का सदस्य है और जब बात ऐसे निजी मामलों की बाती है, तो दो देशों के नेता निजी मामलों पर कोई बात नहीं करेंगे।

**10.बाइडेन ने भारत के साथ ठीक नहीं किया**: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कहा कि उन्हें नहीं लगता कि भारत और बाइडेन प्रशासन के बीच अच्छे रिश्ते थे। उनका मानना है कि बाइडेन प्रशासन ने भारत के साथ सही तरीके से डील नहीं किया। हालांकि उन्होंने अपनी बात को ज्यादा विस्तार में नहीं बताया।

## महाराष्ट्र नए कानूनों के अनुरूप एक आदर्श 'डायरेक्टरेट ऑफ प्रॉसिक्यूशन' की व्यवस्था बनाए : अमित शाह

एजेंसी। नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की उपस्थिति में राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पुलिस, जेल, कोर्ट, अभियोजन और फॉरेन्सिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के महाराष्ट्र में कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र नए आपराधिक कानूनों के अनुरूप एक आदर्श डायरेक्टरेट ऑफ प्रॉसिक्यूशन की व्यवस्था बनाए। उन्होंने कहा कि 7 साल से अधिक सजा के मामलों में 90



प्रतिशत से अधिक दोषसिद्धि हासिल करने के प्रयास किए जाएं और पुलिस, सरकारी वकील एवं न्यायपालिका मिलकर दोषियों को जल्द से जल्द सजा दिलाने का प्रयास करें। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देशवासियों को त्वरित व पारदर्शी न्याय प्रणाली देने के लिए मोदी सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए अपराधों का दर्ज होना जरूरी है, इसलिए एफआईआर दर्ज करने में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। गृह मंत्री ने एक बार फिर इस बात पर जोर दिया कि संगठित अपराध, आतंकवाद और मॉब लिंचिंग के मामलों की वरिष्ठ पुलिस अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि इन अपराधों से जुड़ी धाराओं का दुरुपयोग न हो। उन्होंने कहा कि जेलों, सरकारी अस्पतालों, बैंक, फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) इत्यादि परिसरों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए साक्ष्य दर्ज करने के व्यवस्था होनी चाहिए। शाह ने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए जिसमें अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम (सीसीटीएनएस) के जरिए दो राज्यों के बीच एफआईआर को ट्रांसफर किया जा सके। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र को सीसीटीएनएस 2.0 और आईसीजेएस 2.0 को अपनाना चाहिए। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पुलिस को पूछताछ के लिए हिरासत में रखे गए लोगों की जानकारी इलेक्ट्रॉनिक डैशबोर्ड पर प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने पुलिस थानों में इंटरनेट कनेक्टिविटी बढाने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि हर पुलिस सब डिवीजन में फॉरेंसिक साइंस मोबाइल वैन्स की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए।

### मणिपुर में सीआरपीएफ जवान ने की गोलीबारी, दो साथियों की मौत, खुद को भी मारी गोली

**इम्फाल**। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में स्थित सीआरपीएफ शिविर में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। सीआरपीएफ की 120वीं बटालियन के एक जवान ने अपने दो साथियों पर गोली चला दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद जवान ने खुद को भी गोली मार ली। अधिकारियों ने बताया कि इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल स्थित सीआरपीएफ के शिविर में रात करीब साढ़े 8 बजे यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि आरोपित हवलदार संजय कुमार ने अपनी बंदूक से गोली चलाई जिससे एक कांस्टेबल और एक उपनिरीक्षक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद कुमार ने खुद को भी गोली मार ली। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया।

## भारत का टेक्सटाइल सेक्टर वैश्विक मंच पर नया इतिहास रचने को तैयार : गिरिराज सिंह

- भारत मंडपम में भारत टेक्स 2025 का दौरा किया

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत का टेक्सटाइल सेक्टर वैश्विक मंच पर नया इतिहास रचने को तैयार है। यह एक्सपो ट्रेड, इनोवेशन और रोजगार के अपार अवसर लेकर आया है। गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स 2025 के उद्घाटन के अवसर पर अपने संबोधन में यह बात कही। कपड़ा मंत्रालय ने जारी एक बयान में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े टेक्सटाइल एक्सपो में से एक भारत टेक्स 2025 की शुरुआत हो गई है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री सिंह ने भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। भारत टेक्स 2025 की थीमः लचीली वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं और कपड़ा स्थिरता है। 14 से 17 फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 70 से अधिक सम्मेलन सत्र आयोजित किए जाएंगे। कपड़ा मंत्रालय ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स 2025 में संपूर्ण कपड़ा मूल्य श्रृंखला का प्रदर्शन किया जाएगा। इस सम्मेलन में भारत के कपड़ा पारिस्थितिकी तंत्र का व्यापक प्रदर्शन किया गया है, जिसमें कच्चे माल और रेशों से लेकर तैयार उत्पाद, तकनीकी वस्त्र, घरेलू साज-सज्जा और उच्च-स्तरीय फैशन तक सब कुछ शामिल है। यह कार्यक्रम 120 देशों के 5,000 से अधिक प्रदर्शकों के साथ वैश्विक कपड़ा स्थिरता और व्यापार पर केंद्रित है। भारत टेक्स 2025 ने वैश्विक कपड़ा दिग्गजों, ब्रांडों और उद्योग निकायों की भागीदारी को आकर्षित किया है। मंत्रालय ने कहा कि 14 से 17 फरवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम का आयोजन 12 टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के संघ द्वारा किया गया है।

## विदेशों की तर्ज पर आधुनिक ट्रेक बना रहा भारतीय रेलवे

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने विदेशों की तर्ज पर ट्रैक पर नई तकनीक का उपयोग शुरू कर दिया है, जिससे ट्रेनें बिना किसी रुकावट के एक ट्रैक से दूसरे ट्रैक पर जा सकेंगी और उनकी गति बनी रहेगी। भारत भी अब विदेशों की तर्ज पर अपने रेलवे ट्रैक को आधुनिक बना रहा है। आने वाले समय में सेमी-बुलेट ट्रेन जैसी तेज गति से रेलगाड़ियां दौड़ेंगी और यात्रियों को झटकों का अहसास भी नहीं होगा। इस तकनीक के संपूर्ण उपयोग के बाद ट्रेनों की अधिकतम रफ्तार 160 किमी प्रति घंटा तक पहुंच जाएगी। झांसी मंडल में इस नई तकनीक का परीक्षण शुरू हो चुका है और जल्द ही इसे अन्य रेलवे रूट्स पर भी लागू किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ट्रेनों की गति को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा को भी मजबूत बनाना है। भारतीय रेलवे ने ट्रैक की



सुरक्षा और स्थायित्व को बढ़ाने के लिए थिक वेब स्विच (टीडब्ल्यूएस) प्वाइंट मशीन लगाने का काम तेज कर दिया है। इससे न केवल ट्रेनों की रफ्तार में इजाफा होगा, बल्कि लूप लाइन पर भी उनकी गति 30 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 50 किमी प्रति घंटे तक की जा सकेगी। रेलवे ट्रैक पर पारंपरिक स्विच के स्थान पर अब थिक वेब स्विच का उपयोग किया जा रहा है, जिससे ट्रेन संचालन अधिक सुगम और सुरक्षित होगा। झांसी मंडल में इस तकनीक का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया जा रहा है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में जनवरी 2024 तक कुल 184 टीडब्ल्यूएस लगाए जा चुके हैं, जिनमें से दिसंबर 2024 में 20 टीडब्ल्यूएस और जनवरी 2025 में भी 20 टीडब्ल्यूएस इंस्टॉल किए गए हैं। रेलवे अधिकारियों का मानना है कि टीडब्ल्यूएस तकनीक के उपयोग से ट्रेनों की गति को 130 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाया जा सकता है और भविष्य में इसे 160 किमी प्रति घंटे तक ले जाने की योजना है। इस तकनीक से न केवल ट्रेन संचालन के दौरान कंपन और झटकों में कमी आएगी, बल्कि मेंटेनेंस लागत भी पहले की तुलना में कम आएगी। झांसी डिवीजन के डीआरएम दीपक कुमार सिन्हा के अनुसार, थिक वेब स्विच (टीडब्ल्यूएस) तकनीक से ट्रैक की सुरक्षा मजबूत होगी और उसकी उम्र भी बढ़ेगी। इसके अलावा, टर्न आउट से जुड़ी खराबियों की संख्या बेहद कम हो जाएगी, जिससे रेलवे का संचालन अधिक विश्वसनीय और कुशल बन सकेगा।

## गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति से सत्येंद्र जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी



**नई दिल्ली**। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रपति से दिल्ली की तत्कालीन केजरीवाल सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सत्येंद्र जैन के खिलाफ धन शोधन मामले में मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इस मामले की जांच कर रही है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि आम आदमी पार्टी (आआपा) नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी गई है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने ईडी की जांच और पर्याप्त सबूत की मौजूदगी के आधार पर मंजूरी का अनुरोध किया है। ईडी ने सत्येंद्र जैन पर हवाला सौदों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केस दर्ज कर मई 2022 में उन्हें गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल जमानत पर बाहर हैं। इस दौरान उन्होंने दिल्ली की शकूर बस्ती सीट से तीसरी बार विधानसभा चुनाव लड़ा, हालांकि इसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी के करनैल सिंह ने सत्येन्द्र जैन को 20,998 वोटों से हराया।

## किसानों के लिए वरदान बनी योजना! 1 रुपये में मिलता है हजारों का फायदा

**नई दिल्ली**। महाराष्ट्र के किसानों के लिए मोदी सरकार की योजना किसी वरदान से कम नहीं है। पर्यावरण में आ रहे बदलाव की वजह से जहां फसलें बर्बाद हो रही हैं, जिसकी भरपाई सरकार उन फसलों की बीमा के जरिये करती है। साल 2023 से महाराष्ट्र में किसानों को केवल 1 रुपये का प्रीमियम देना पड़ता है। इससे राज्य में बीमित क्षेत्र में वृद्धि हुई है। पहले प्रीमियम ज्यादा था, लेकिन प्रीमियम कम होने के तुरंत बाद किसानों द्वारा बीमा लेने में सबसे बड़ी वृद्धि हुई। दूसरी ओर, किसानों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन, जिसने बारिश में अधिक अनिश्चितता लाई है और अत्यधिक बारिश को एक सामान्य घटना बना दिया है। इस स्थिति ने भी फसल बीमा योजना की स्वीकृति को बढ़ावा दिया है। महाराष्ट्र के रहने वाले किसान श्रेयस तुकाराम ने अपनी पांच एकड़ प्याज की फसल का बीमा कराया था। नवंबर में राज्य में हुए चुनावों से ठीक पहले उन्हें फसल नुकसान के लिए 60,000 रुपये का मुआवजा मिला। उनका कहना है कि इस तरह फसलों का बीमा कराने का दांव सफल रहा है। श्रेयस के अनुसार, पिछले साल अप्रैल में असमय बारिश ने मेरी तैयार फसल को बर्बाद कर दिया।

संक्षिप्त समाचार

## रांची में रिंग रोड पर दो बसों की टक्कर, चालक को हल्की चोट



**एजेंसीःरांची**। रांची के मेसरा ओपी क्षेत्र के रिंग रोड स्थित रूदिया आम बगान के पास शुक्रवार दोपहर एक यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में सिर्फ बस चालक को हल्की चोट आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नागालैंड नंबर की चार बसों में यात्री तीर्थस्थल गया के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान दो बसों की आपस में टक्कर हो गई, जिससे एक बस के आगे का शीशा टूट गया और चालक घायल हो गया।घटना की सूचना पाकर मेसरा ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक का इलाज कराया। अन्य यात्रियों को दूसरी बसों में बैठाकर यात्रा के लिए रवाना किया गया।एएसआई अंजय चंद्रवंशी ने बताया कि चार बसों में यात्री बोधगया जा रहे थे। इस दौरान दो बसें आपस में टकरा गईं, जिससे एक बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घायल चालक का इलाज करवाकर उन्हें भी रवाना कर दिया गया। पुलिस ने बस को सड़क से हटवा दिया है, जिससे यातायात सामान्य हो गया।

## बाबूलाल ने पंचायतों के अधिकारों में कमी पर जतायी चिंता

**एजेंसीः रांची**। झारखंड में पंचायतों को अधिकार देने की स्थिति राष्ट्रीय औसत से काफी नीचे होने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चिंता व्यक्त की है। मरांडी शुक्रवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि ग्राम पंचायतों को स्वायत्त शासन की शक्ति दी जानी चाहिए, लेकिन अधिकारों की कमी के कारण वे शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आपूर्ति और बुनियादी ढांचे से जुड़े फैसले स्वतंत्र रूप से नहीं ले पातीं। बाबूलाल ने बताया कि वित्तीय स्वतंत्रता की कमी भी विकास कार्यों में बाधा बन रही है, जिससे स्थानीय शासन प्रणाली कमजोर हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की है कि ग्राम पंचायतों को समुचित संसाधन और वित्तीय स्वायत्तता देकर सशक्त बनाया जाये, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास हो सके।

## झारखंड में उत्तर पश्चिमी हवाओं से फिर लौटी ठंड

**एजेंसीः रांची**। राज्य भर में उत्तर उत्तरी पश्चिमी हवाओं के चलने से ठंड फिर से लौट आई है। इन हवाओं के चलने से जहां रात में कनकनी बढ़ गई है। वहीं दिन में भी ठंड का एहसास हो रहा है। गुरुवार की तुलना में शक्रवार को न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। ठंड कम होने से लोग गर्म कपड़े रखने की तैयारी में थे, लेकिन ठंड बढने से लोगों को गर्म कपड़ों की फिर जरूरत महसूस होने लगी। हालांकि अधिकतम तापमान में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। उल्लेनखनीय है कि मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक तापमान में उतार चढाव होने की बात कही है। शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 25.2 और न्यूनतम 5.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि जमशेदपुर में 32.2 और 12 डिग्री, डालटेनगंज में 29.6 और 9.3 डिग्री, बोकारो में 31.1 और 10.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 33.4 और न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची रांची, एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत



**एजेंसीः रांची**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर शुक्रवार को रांची पहुंची। रांची एयरपोर्ट पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की सहित अन्य अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच वह राजभवन के लिए रवाना हो गयी। वे वहां रात्रि विश्राम करेंगी। इसके बाद 15 फरवरी को बीआईटी मेसरा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी।

# उपायुक्त ने राष्ट्रपति के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, दिये कई निर्देश





**एजेंसीःरांची**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 15 फरवरी को बीआईटी मेसरा के बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (मेसरा) के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम को लेकर, कार्यक्रम स्थल पर पुलिस पदाधिकारियों एवं जिला के वरीय पदाधिकारियों की शुक्रवार को संयुक्त बैठक करते हुए उन्हें कार्यक्रम को लेकर कई अहम दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

**कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे**-राष्ट्रपति के कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे, सभी को सुरक्षा जांच होने के बाद ही ऑडिटोरियम में प्रवेश की अनुमति होगी। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को सभी मानकों का सुनिश्चित रूप से पालन करने क़े निर्देश दिए । इस बैठक में जिला के सभी वरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## रांची के श्री महावीर मंदिर का वार्षिकोत्सव 21 फरवरी से, भव्य आयोजन की तैयारी

**एजेंसीःरांची**

बूटी स्थित श्री महावीर मंदिर का तीसरा वार्षिकोत्सव 21 फरवरी से धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने शुक्रवार को बताया कि इस वर्ष वार्षिकोत्सव भव्य रूप से आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन 21 फरवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल होंगे। सुबह आठ बजे कलश यात्रा निकलेगी। दोपहर एक बजे वेदी पूजन के बाद मंडप प्रवेश होगा। संध्या आरती के बाद खीर भोग का वितरण किया जाएगा। 22 फरवरी को मंडप परिक्रमा, मंडप पूजन और संध्या आरती के बाद खिचड़ी वितरण के साथ अखंड कीर्तन शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक किया जाएगा। 23 फरवरी को मंडप परिक्रमा, देव पूजन, रुद्राभिषेक, हवन, महाआरती, ब्राह्मण विदाई के बाद भव्य भंडारा किया जाएगा। शाम सात बजे से जगराता आयोजित की जायेगी।



## मुख्यमंत्री हेमंत, चंपाई समेत अनेक जनों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को किया नमन

**एजेंसीःरांची**



**रांची**। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर जवानों को नमन किया है। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि 2019 में पुलवामा में कायराना आतंकी हमले में शहीद होने वाले अमर वीर जवानों की शहादत को शत-शत नमन। वहीं दूसरी ओर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और सरायकेला विधायक चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए भारत माता के वीर सपूतों को शत शत नमन। आपके अदम्य साहस, वीरता और शौर्य का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा। इसके अलावा लोकसभा सांसद और भाजपा नेता संजय सेठ ने कहा कि पुलवामा के आतंकी हमले में अपना बलिदान देने वाले मां भारती के सभी वीर सपूतों को मेरा कोटि-कोटि नमन। राष्ट्रहित के लिए दिया गया आपका बलिदान, हर देशवासी के लिए प्रेरणा देने वाला है। यह देश आपके बलिदान का सदैव ऋणी रहेगा। आपकी वीरता को मेरा प्रणाम। इसी प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पुलवामा में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में शहीद हुए मां भारती के वीर सपूतों को नमन। मरांडी ने कहा कि संपूर्ण राष्ट्र वीर जवानों का यह बलिदान कभी नहीं भूलेगा। वहीं दूसरी ओर से स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि 14 फरवरी 2019 पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को कोटि-कोटि नमन। उनकी शहादत को कभी नहीं भूल सकते। देश की रक्षा के लिए उनका बलिदान हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। जय हिंद। डॉ. इरफान अंसारी ने एक फोटो भी साझा की है, जिसमें लिखा है कि 14 फरवरी 2019 यह वही दिन है जब हमारे वीर जवानों पर कायराना हमला हुआ था, जिसमें 40 से ज्यादा सीआरपीएफ जवान शहीद हो गये। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद इसका जिम्मेदार था।

## प्रेमी ने शादी से किया इंकार तो प्रेमिका ने दे दी जान

**एजेंसीःकोडरमा**


जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत मधुबन पंचायत के ग्राम सिमरिया में प्रेमी के शादी से इंकार करने पर प्रेमिका ने कुएं में कूद कर जान दे दी। बताया जाता है कि युवती के परिजनों ने प्रेमी से ही युवती की शादी भी ठीक कर दी थी। कुछ दिनों में शादी की रस्में होने वाली थी। घटना में मृतका की पहचान रुबी कुमारी ( 18 ) के रुप में की गयी है। वह डोमचांच थाना के सिमरिया गांव निवासी प्रेमचंद यादव की पुत्री थी। जानकारी के अनुसार रूबी कुमारी डोमचांच थाना क्षेत्र के सपही निवासी सूरज कुमार यादव से प्यार करती थी। विवाह भी होने वाला था लेकिन प्रेमी सूरज यादव ने अचानक शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद प्रेमिका ने शुक्रवार सुबह कुएं मे कूदकर जान दे दी। उसे कुएं में डूबते देख बच्चों ने हल्ला किया जिसके बाद ग्रामीण दौड़ कर पहुंचे। तब तक युवती कुएं में छलांग लगा चुकी थी। आनन -फानन में ग्रामीणों ने युवती को बाहर निकाला तब तक युवती की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश अपने दल बल के साथ पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया।



# पेट्रोलिंग ड्यूटी करके लौटे हवलदार की मौत, पुलिस लाइन में दी गयी सलामी

**एजेंसीःपलामू**





पलामू पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत सरइडीह पिकेट में कार्यरत जैप-8 के हवलदार छोटन राम (55) की मौत हो गयी। हवलदार बीती रात पेट्रोलिंग ड्यूटी करके लौटे थे। सीने में दर्द होने पर उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृत्यु के पश्चात उनका शव एमआरएमसीएच मेदिनीनगर भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस लाइन में सलामी दी गयी। सूचना मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे थे और अपनी देखरेख में पोस्टमार्टम करवाया था। शुक्रवार दोपहर पुलिस केन्द्र पलामू में सलामी एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक-सार्जेंट मेजर सुरेश राम, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, सचिव लालू उरांव, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, अंकेक्षक सुनील कुमार, एमटी सार्जेंट विमल कुमार चंद्रवंशी, जीपी सर्जेंट मेरी खलखो, नौडीहा थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, सब इंस्पेक्टर नागेंद्र चौधरी, जैप-8 के कोषाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, अंकेक्षक सिकंदर कुमार, केंद्रीय सदस्य द्वारिका प्रसाद महतो, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोज शर्मा, ओमप्रकाश, प्रदेश संयोजक जसवंत कुमार पांडे एवं अजीत कुमार शुक्ला, पुलिस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष एसआई रूपेश कुमार सिंह, पुलिस केंद्र के पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे। सलामी के बाद हवलदार का पार्थिव शव उनके पैतृक गांव उत्तर प्रदेश के डाला चोपन के लिए सरकारी वाहन से पूरे सम्मान के साथ भेजा गया। हवलदार के निधन पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव, नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, डगरा पिकेट के एएसआई राजकिशोर महत ने गहरा दुःख प्रकट किया है। बता दें कि हवलदार छोटन राम ने डगरा पिकेट पर एक अक्टूबर 2024 को अपना योगदान दिया था, जिन्हें वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर 27 जनवरी 2025 को सरईडीह पिकेट पर प्रतिनियुक्त पर भेजा गया था।

## आदिवासी गांवों में आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का फैसला स्वागतयोग्य : बाबूलाल

**एजेंसीःरांची**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड के आदिवासी गांवों में नये आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के फैसले को स्वागतयोग्य बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को लिखा कि केंद्र सरकार की पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत झारखंड के आदिवासी गांवों में 1,220 नये आंगनबाड़ी केंद्र खोलने का फैसला स्वागतयोग्य है। इससे आदिवासी समाज के विकास और पोषण में काफी सुधार होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने तारीफ करते हुए कहा कि यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनायेगा और ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के नये मौके प्रदान करेगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्ति से महिलाओं का सशक्तिकरण भी होगा। केंद्र सरकार का यह निर्णय 'सबका साथ, सबका विकास' के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो झारखंड के आदिवासी समुदाय के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा।

# सीमेंट लदा एलपी ट्रक पलटा, चालक और खलासी की मौत

**एजेंसीःरामगढ़**



रांची-पटना मुख्य मार्ग पर राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर के चुटूपालु घाटी में शुक्रवार को सड़क हादसे में चालक और खलासी की मौत हो गई। रांची से हजारीबाग की ओर से आ रहे सीमेंट लदा एलपी ट्रक (सीजी 04एमएस 4977) अचानक घाटी में अनियंत्रित हो गई और घाटी के गढ़के मोड़ के पास आकर पलट गई। इस घटना में ट्रक के मलबे में चालक और खलासी बुरी तरह दब गए। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने क्रेन के माध्यम से किसी तरह निकलवा कर दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिला अंतर्गत अहिवारा, नंदनी नगर निवासी ट्रक मालिक सह चालक अजय कुमार जैन और खलासी रायपुर जिला अंतर्गत सरधू गांव निवासी प्रकाश वर्मा शामिल हैं। पुलिस ने घटना से संबंधित जानकारी दोनों मृतकों के परिवार वालों को दी। चुटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं को कब तक एनएचएआई के अधिकारी नजर अंदाज करेंगे। डीसी चंदन कुमार ने भी कई बार एनएचएआई के अधिकारियों को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में घाटी में हो रही दुर्घटनाओं पर सकारात्मक पहल करने का निर्देश देते हैं। लेकिन यह निर्देश सिर्फ बैठक तक ही सीमित रह जाती है। अगर डीसी निर्देश देने के अलावा एनएचएआई के अधिकारियों पर कड़े एक्शन लेते है तो निश्चित ही कुछ पहल हो सकता है। चुटूपालू घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की रोक थाम को लेकर डीसी हर बार सड़क सुरक्षा की बैठक कर एनएचएआई के अधिकारियों को कई निर्देश देते है। इससे पूर्व 10 फरवरी को डीसी ने चुटूपालु घाटी में हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए घाटी में लगाई गई लाइट को नियमित रूप से कार्य करने को लेकर निर्देश दिए थे। साथ ही दुर्घटनाओं को रोकथाम को लेकर साइन बोर्ड जल्द से जल्द लगाने का भी निर्देश दिए थे। बावजूद इस और एनएचएआई ने सकारात्मक पहल नहीं करने पर दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है।

## निगम ने फाइन जमा करने पर खोली दो प्रतिष्ठानों की सील

**एजेंसीःरांची**




रांची नगर निगम के राजस्व शाखा की टीम की ओर से निगम क्षेत्र में लगातार होल्डिंग और ट्रेड लाइसेंस की जांच करते हुए विभिन्न भवनों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में 10 फरवरी को निगम के निर्देशों का अवहेलना करने पर रोशपा टावर स्थित दो प्रतिष्ठानों (वन स्टॉकप सर्विस एवं पीओजे फर्निचर) को सील किया गया था। इसके बाद शुक्रवार को पीओजे फर्निचर की ओर से 25,000 रुपए जुर्माना के साथ-साथ नए ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन दिया गया है। इसके बाद निगम की टीम ने प्रतिष्ठान पर की गई सील को खोल दिया। इस संबंध में नगर निगम के प्रशासक ने रांची के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सभी नागरिक अपने भवन के होल्डिंग टैक्स (घृतिकर) का भुगतान समय पर करें। उन्होंने कहा है कि यदि रेजिडेंशियल होल्डिंग में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं तो त्वरित री-असेसमेंट करवाते हुए लोग कमर्शियल होल्डिंग लेना सुनिश्चित करें। साथ ही कहा है कि सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को म्युनिसिपल ट्रेड लाइसेंस लेना जरूरी है। यदि अपने भवन परिसर में किसी नई संरचना का निर्माण किया गया है, तो उसके क्षेत्रफल का पुनर्मूल्यांकन करवाना भी जरूरी है।

संक्षिप्त समाचार

## जैसलमेर में पाक विस्थापितों को मिली भारतीय नागरिकता

**नागरिकता प्रमाण पत्र पा खिल उठे पाक विस्थापितों के चेहरे, मोदी सरकार का जताया आभार**



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः जैसलमेर।** जैसलमेर में बीते लंबे समय से रह रहे पाक विस्थापितों को आखिरकार भारतीय होने का हक मिल गया। जैसलमेर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के डीआरडीए सभागार में जनगणना कार्य निदेशालय,जयपुर द्वारा 2 दिवसीय शिविर आयोजित किया गया जहां जनगणना कार्य निदेशालय, जयपुर के डायरेक्टर विष्णु चरण मलिक की अगुवाई में भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र दिए गए। 13 व 14 फरवरी को ये शिविर आयोजित हुआ जिसमें जैसलमेर के 920 पाक विस्थापितों को अब भारतीय होने का हक मिल चुका है। इस कार्यक्रम में जनगणना कार्य निदेशालय, जयपुर के डायरेक्टर विष्णु चरण मलिक, जिला कलेक्टर प्रताप सिंह नाथावत, सीमांत लोक संगठन के संयोजक हिंदूसिंह सोढ़ा के साथ ही जिले के आलाधिकारी भी मौजूद रहे। इस दौरान भारतीय होने का हक पाकर पाक विस्थापितों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने मिठाइयां खिला व एक दूसरे को माला पहनाकर बधाइयां दी। वही इसके लिए उन्होंने जनगणना कार्य निदेशालय, जयपुर के अधिकारियों का आभार जताया। इसी के साथ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने बताया कि वे अपनी इस खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकते उन्हें आज नया जन्म मिला है। पूर्व मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा पाकिस्तान बांग्लादेश के अंदर हिंदू जैन सिख वहां से पीड़ित होकर भारत में आते हैं उनको नागरिकता मिले इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने क़ानून बनाए था उस कानून से जैसलमेर के लोगों को फ़ायदा हो रहा है। पहले हिंदुस्तान से निकालने का भय रहता था आज उन चेहरों पर खुशी देख रहा हूं। सीमांत लोक संगठन के अध्यक्ष हिन्दू सिंह सोढ़ा ने बताया कि भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र मिलने से सरकारी योजनाओं सहित हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध होगी।

## हिसार : संगठन के नेताओं को सत्ता में भागीदार बनाएगी भाजपा, नौ निगमों में प्रत्याशियों का ऐलान

**भाजपा ने नौ निगमों में मेयर के लिए किए प्रत्याशी घोषित गुरुग्राम में प्रत्याशी बदला, मानेसर को रोकाहिसार**

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः फरीदाबाद।** हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को नौ नगर निगमों में मेयर पद के प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी द्वारा शुक्रवार को जारी की गई नौ प्रत्याशियों की सूची में छह महिलाएं शामिल हैं। पार्टी ने पहली सूची में मानेसर नगर निगम पर टिकट का ऐलान रोक लिया है। भाजपा ने गुरुग्राम से महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजरानी मल्होत्रा को चुनाव मैदान में उतारा है। इससे पहले दोपहर के समय पार्टी द्वारा जारी करके वापस ली गई सूची में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी को गुरुग्राम से प्रत्याशी बनाया गया था। बाद में सूची को बदल दिया गया।फरीदाबाद नगर निगम के लिए भाजपा ने हरियाणा बाल कल्याण आयोग की चेयरमैन प्रवीन जोशी को चुनाव मैदान में उतारा है। प्रवीन जोशी लंबे समय से संगठन से जुड़ी हुई हैं और उनके पति भी भाजपा में कई अहम पदों में रह चुके हैं। प्रदेश में नमो एप के संचालन में सह-संयोजक की भूमिका निभाने वाले प्रवीन पोपली को हिसार नगर निगम से मेयर पद का प्रत्याशी बनाया गया है।करनाल नगर निगम से भाजपा ने पूर्व मेयर रेणु बाला पर दोबारा भरोसा जताया है। रेणु बाला मेयर पद के अलावा भाजपा में कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ की प्रदेश संयोजक हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी के उपचुनाव तथा लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल की टीम में सक्रियता से काम करने पर रेणु बाला को यह इनाम दिया गया है।भाजपा ने प्रदेश ओबीसी मोर्चा की सचिव कोमल सैनी को पानीपत से प्रत्याशी घोषित किया गया है। कलानौर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ चुके पार्टी के पुराने नेता रामअवतार वाल्मीकि को पार्टी ने नया टास्क देते हुए रोहतक नगर निगम से प्रत्याशी घोषित किया है। राम अवतार वाल्मीकि इस समय भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। यमुनानगर नगर निगम से भाजपा ने एससी मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या सुमन बहमनी को चुनाव मैदान में उतारा है।पार्टी ने सोनीपत नगर निगम में आश्चर्यचकित करने वाला फैसला लिया है। यहां पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन को उपचुनाव में प्रत्याशी घोषित किया गया है। राजीव जैन की पत्नी कविता जैन मनोहर सरकार के पहले कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री रह चुकी हैं। वर्ष 2019 में चुनाव हारने के बाद पिछले साल हुए चुनाव में पार्टी ने उनकी टिकट काट दी थी। सोनीपत के पूर्व मेयर इस समय विधायक बन चुके हैं और पूर्व विधायक पति को मेयर का चुनाव लड़वाया जाएगा।अंबाला नगर निगम की पूर्व मेयर शक्ति रानी शर्मा कालका से भाजपा की टिकट पर चुनाव जीत चुकी हैं। उनके स्थान पर महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सैलजा सचदेवा को उपचुनाव में प्रत्याशी घोषित किया गया है।



# दो-दिवसीय हड़ताल को लेकर बोकारो में बैंककर्मियों ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन

**अनावश्यक दखलंदाजी से बैंकों की ग्राहक-सेवा में हो रही गिरावट : राघव**

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** आगामी 24-25 मार्च को घोषित दोदिवसीय बैंक हड़ताल की सफलता तथा अपनी मांगों के समर्थन में निर्धारित आंदोलनात्मक कार्यक्रमों के आलोक में शुक्रवार को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के बैनर तले आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया गया। चास-बोकारो के सभी बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक सेक्टर 4 सिटी सेंटर के सामने विशाल प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन मूलतः ग्राहक सेवा में सुधार हेतु सभी संवर्गों में समुचित बहाली, पांच दिवसीय बैंकिंग, इंडियन बैंक एसोसिएशन (सभी बैंकों की शीर्ष प्रबंधन की सम्मिलित आधिकारिक संस्था) के साथ लंबित मुद्दों का शीघ्र निपटारा, बैंक प्रबंधनों द्वारा लगातार द्विपक्षीय समझौता का उल्लंघन आदि मुख्य मांगे शामिल है को लेकर किया गया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूएफबीयू के बोकारो जिला उप संयोजक राघव कुमार सिंह ने कहा इंडियन बैंक एसोसिएशन द्वारा यूएफबीयू के साथ हुई वार्ताओं में अनेक लंबित मुद्दों को सुलझाने की बात कही गई थी, जिसमें पांच दिवसीय बैंकिंग के साथ-साथ सभी संवर्गों में समुचित बहाली करने की बात की गई थी। मौखिक सहमति के बावजूद भी लंबित मुद्दे पर इंडियन बैंक एसोसिएशन द्वारा किसी प्रकार की सकारात्मक पहल अभी तक नहीं की गई है। साथ ही भारत सरकार अपने वित्तीय सेवा विभाग के माध्यम से अनावश्यक बैंकों में लगातार दखल दे रही है, जिससे जहां एक ओर ग्राहक सेवा में दिन प्रतिदिन ह्रास हो रहा है वहीं बैंक में कार्यरत कर्मचारियों एवं अधिकारियों को असहनीय कार्य बोझ एवं तनाव से ग्रसित होने के लिए विवश किया जा रहा है। यह बर्दाश्त से बाहर है अपने अस्तित्व एवं बैंक के बेहतरी के लिए अंतिम दम तक हम संघर्ष करेंगे। यदि सरकार एवं आईबीए हमारी उपरोक्त मांगों पर जल्द से जल्द सकारात्मक रूख नहीं अपनाती है तो हमें आंदोलन को और तीव्र करना होगा एवं 24 तथा 25 मार्च 2025 को आयोजित दो दिवसीय हड़ताल को पूर्ण सफल करना होगा।

प्रदर्शन को राजेश कुमार ओझा, मिथिलेश कुमार, विभाष झा, राजेश श्रीवास्तव, प्रदीप झा, अवधेश प्रसाद, पी के श्रीवास्तव, राजकुमार प्रसाद, रतन राज मुर्मू, पंकज सिंह, दिलीप कुमार, विवेक ठाकुर, अरुण कुमार आदि ने भी संबोधित किया।

## ऑपरेशन के बाद मरीजों को भेजा गया घर



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल :** डीवीसी कोनार डैम सीएसआर द्वारा नेत्र जांच शिविर के बाद मोतियाबिंद ऑपरेशन के सभी 48 मरीजों में से 38 मरीजों का ऑपरेशन बुधवार को सफलतापूर्वक जय प्रकाश नारायण आई हॉस्पिटल, चौपारण में सम्पन्न किया गया। शुक्रवार को सभी मरीजों को अस्पताल के बस से कोनार डैम लाया गया। कोनार डैम स्थित सामुदायिक भवन से सभी मरीजों को उनके घरों परिजनों के साथ भेजा गया। ऑपरेशन के बाद सभी मरीजों को पुनः जांच के लिए 19 फरवरी को कोनार स्थित डीवीसी हॉस्पिटल बुलाया गया है। जांच के बाद आवश्यक दवाइयां दी जाएंगी। मरीजों और ग्रामीणों ने डीवीसी प्रबंधन और सीएसआर को इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार ने दी।

## बोकारो में अंतरराज्यीय अपराधी गिरोह का भंडाफोड़, चार सरगना गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** बोकारो पुलिस ने अंतरराज्यीय अपराधी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में सक्रिय था और बैंक से पैसे निकालने वाले लोगों को निशाना बनाकर लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देता था।

गिरफ्तारी चिरचास थाना क्षेत्र के सुल्तान नगर से हुई, जहां ये अपराधी किराए के मकान में रहकर वारदातों को अंजाम दे रहे थे। गिरोह के सदस्यों की पहचान प्रकाश दास, दीपक राव, कुशल राव और विक्रम राव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह बलिदी थाना, चंद्रपुरा थाना और पिंड्राजोड़ा थाना क्षेत्र में भी कई घटनाओं को अंजाम दे चुका था।



**गिरोह का काम करने का तरीका-** चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि यह गिरोह एक संगठित तरीके से काम करता था। पहले बैंक में रेकी की जाती थी, फिर पैसे निकालने वाले व्यक्ति का पीछा कर सही मौके का इंतजार किया जाता था। जैसे ही वह व्यक्ति किसी दुकान या चाय की दुकान पर रुकता, ये अपराधी उसकी बाइक की डिक्की तोड़कर पैसे और कीमती सामान चुरा लेते थे।

**पिछली वारदातें और बरामदगी-** 26 नवंबर को पिंड्राजोड़ा थाना क्षेत्र में बैंक से 28 हजार रुपए निकालकर जा रहे एक व्यक्ति से लूटपाट की घटना इसी गिरोह ने अंजाम दी थी। पुलिस ने इनके पास से लूट के नकदी पैसे, तीन बाइक और अन्य चोरी के सामान बरामद किए हैं।

**अन्य राज्यों में भी दर्ज हैं मामले-** पुलिस के मुताबिक, इस गिरोह के खिलाफ बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के कई थानों में पहले से दर्जनों मामले दर्ज हैं। गिरोह के सदस्य पटना से बाइक चोरी कर झपटमारी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

> "यह गिरोह झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में सक्रिय था। इनकी कार्यप्रणाली सुनियोजित थी, जिसमें पहले रेकी की जाती थी और फिर लूटपाट को अंजाम दिया जाता था। हमने इनके पास से लूट के पैसे और तीन बाइक बरामद की हैं। आगे की जांच जारी है।"
> **प्रवीण सिंह, चास एसडीपीओ, बोकारो**

चास एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी पश्चिम बंगाल और उड़ीसा के रहने वाले हैं और सुल्तान नगर में मोहम्मद यासीन के किराए के मकान में रह रहे थे। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है।

## भस्की पहाड़ में धूमधाम से हुई मारांग बुरु जाहेर आयो की पूजा


**झारखंड, बंगाल व ओडिशा के संथालियों का उमड़ा जनसैलाब**

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** जरीडीह प्रखंड के भस्की पहाड़ स्थित मारांग बुरु सरना धोरोम गाढ़ में शुक्रवार को माघी पूर्णिमा के अवसर पर धर्म सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस दौरान यहां मारांग बुरू, जाहेर आयो, लुगु बाबा व लुगु आयो की पूजा-अर्चना के लिए संथाल समुदाय के महिला-पुरुषों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। अहले सुबह से ही यहां लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल के मिदनापुर, पुरूलिया आदि जिलों तथा ओड़िशा से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मालूम हो कि मारांग बुरू धोरोम गाढ़ प्रकृति व संस्कृति से जुड़े संतालों की आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। संताल समुदाय का मानना है कि यहां आकर मारांग बुरू जाहेर आयो की सच्चे दिल से पूजा-अर्चना करने वालों की मनोकामना अवष्य पूरी होती है। यही कारण है कि संताथ समुदाय का इस पहाड़ के प्रति आदि काल से अटूट आस्था बनी हुई है। संतालों के अलावा अन्य समुदायों के लोग भी यहां बड़ी संख्या में पहुंचे। इससे पूर्व जिला स्तरीय कई अधिकारी समेत जरीडीह सीओ समेत अन्य अतिथियों धर्म सम्मेलन का दीप जलाकर उदघाटन किया। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति दुनिया की महान संस्कृति है। प्रकृति के प्रति इनका प्रेम व आस्था अतुलनीय है। इनसे दुनिया बहुत कुछ सीखती आयी है। कहा कि इस महान संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए हमेशा सजग रहने की जरूरत है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, विधायक प्रतिनिधि विनोद कुमार महतो, राम कुमार मरांडी, महेश कुमार मुर्मू, बीआर मुर्मू, महादेव मरांडी, लालधन टुडू, राधानाथ टुड्डू, बीडी किस्कू, मोहन टुडू, मंटू राम मरांडी, सुफल मुर्मू, आनंद बेसरा, भोलानाथ मुर्मू, दीनबंधु मांझी, मंगलराम हांसदा, कार्तिक मुर्मू, निर्मल टुड्डू, मंगल चंद टुड्डू, सीताराम टुड्डू, जगेश्वर मुर्मू, सुनील मुर्मू, बादल मुर्मू, राहुल महतो, बालीदास मरांडी, शिवलाल मुर्मू, अंबिका मरांडी, केनाराम हेम्ब्रम, परसुराम हेम्ब्रम, गुप्तेश्वर हेम्ब्रम, बुधराम मुर्मू, सोहन किस्कू, विनोद किस्कू, रमेश कुमार मुर्मू, प्रकाश मरांडी, जगदीश मरांडी, ब्रजमोहन मांझी, सोनाराम मांझी, वीरेन्द्र मुर्मू, राजेश्वरी मरांडी, लिपि मुर्मू व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



## पुलवामा के शहीदों को कैंडल जलाकर दी गई श्रद्धांजलि



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित झारखंड चौक में शुक्रवार की शाम को करमजीत सिंह बक्सी और पुलवामा अटैक में शहीद हुए जवानों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पूर्व सभी शहीदों के सम्मान में उपस्थित लोगों ने "पुलवामा के शहीद अमर रहें", "भारत माता की जय" और "भगत सिंह अमर रहें" जैसे गगनभेदी नारे लगाए। इस अवसर पर दो मिनट का मौन भी रखा गया। मौके पर भागीरथ शर्मा, सुषमा कुमारी, सरजू रजक, मो. वाजिद, विजय पटेल, गोविंद, हकीम, सुनील सिंह, दीपमाला कुजूर, गीता देवी, ज्योति देवी, अनिल पासवान, निधि देवी, दुलेश्वर प्रजापति सहित भाटिया एथलेटिक्स अकादमी के एथलीटों और अन्य लोग उपस्थित थे।

## महिला सशक्तिकरण खेलकूद प्रतियोगिता का सम्पन्न

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** विगत दिनों स्थानीय मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम में "नया भारत एवं विकसित भारत" के निर्माण में आधी आबादी के सर्वांगीण विकास व जागरूकता हेतु "महिला सशक्तिकरण खेलकूद प्रतियोगिता" का आयोजन यूनिक एंड यूनिटी फाउंडेशन एवं के. वी. एम. के तत्वावधान में सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया। प्रतियोगिता में महिलाओं का उत्साह का देखते बन रहा था। विभिन्न ग्रुपों लगभग 300 महिलाओं ने भाग लिया। अनुमंडल पदाधिकारी, चास प्रांजल डांडा ने प्रतियोगिता को सराहते हुए कही कि भविष्य में भी ऐसा आयोजन हुआ चाहिए। अनुराधा सिंह ने स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद करने पर जोर दी और कुछ न कुछ शारीरिक गतिविधि करना चाहिए।



अतिथि ग्रुप के टेनिस बॉल थ्रो में प्रथम आशा किरण, द्वितीय प्रांजल डांडा, तृतीय स्नेहा, रस्साकशी में प्रथम प्रांजल डांडा, अनुराधा सिंह, आशा किरण, विभा कुमारी, स्नेहा, शुचेता चटर्जी, म्यूजिकल चेयर में प्रथम प्रांजल डांडा, द्वितीय अनांता, तृतीय मरियम, ग्रुप सी शॉट पुट में प्रथम संजू सिन्हा, द्वितीय अनिता कुमारी, तृतीय राज कुमारी देवी, ग्रुप बी प्रथम नेहा शर्मा, द्वितीय स्वास्तिका कुमारी, तृतीय सावित्री कुमारी, फिट फैमिली रिले रेस में दीपक कुमार, सोनी कुमारी, आराध्य, विद्यांशु, ग्रुप सी 100 मीटर अनु सिंह, द्वितीय मार्गेट जोशेफ, तृतीय सुनीता भारती, ग्रुप ए 100 मीटर प्रथम साक्षी कुमारी, द्वितीय प्रियंका कुमारी, तृतीय राधिका कुमारी, ग्रुप बी 100 मीटर प्रथम रानी कुमारी, द्वितीय मीरा कुमारी, तृतीय रीता बनर्जी, रस्साकशी ग्रुप बी प्रथम सोनी कुमारी, पूजा कुमारी, मीरा कुमारी, अभिलाषा कुमारी, सुनीता कुमारी, रानी कुमारी, शिखा कुमारी, सुमित्रा देवी, रस्साकशी ग्रुप ए प्रथम ज्योति शर्मा, ममता कुमारी, सलोनी कुमारी, आरती पांडेय, बसिता कुमारी, सुमन कुमारी, मंजू सिंह, रागिनी कुमारी विजेता बनी।

उक्त प्रतियोगिता में सभी अतिथियों ने 60 मीटर दौड़, टेनिस बॉल थ्रो, रस्साकशी और म्यूजिकल चेयर में भाग ली। फिट फैमिली बरस में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली को फिट फैमिली का खिताब पूरे परिवार को पट्टा पहना कर दिया गया। CTPS के उप समादेष्टा नकुल वर्मा के पत्नी आशा किरण को मैराथन, 200 मीटर, 400 मीटर और रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर में पदक जीतने पर जागरूक महिला का खिताब दिया गया

इस प्रतियोगिता में प्रांजन डांडा, अनुमंडल पदाधिकारी, चास, अनुराधा सिंह, अध्यक्ष, संरक्षिका, CISF, आशा किरण, सुषमा चंदन, विभा कुमारी, निदेशक, यू यू एफ, स्नेहा सिंह, उपेंद्र सिंह, उप समादेष्टा, राकेश चंदन, उप समादेष्टा, नकुल वर्मा, उप कमांडेंट सभी CISF, आर बी साहू, अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक शामिल हुए।

## दसवीं कक्षा के छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए इंटरैक्टिव सेशन आयोजित

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**गोमिया (बोकारो) :** पिट्स मॉडर्न स्कूल गोमिया में दसवीं कक्षा के छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए एक इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में अनएकेडमी के पूर्व उपाध्यक्ष और इनोवर्टन के संस्थापक प्रशांत शर्मा ने भाग लिया, जिन्होंने शिक्षण रणनीतियों और छात्र-केंद्रित शिक्षण दृष्टिकोणों पर अमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने स्वागत भाषण से किया, जिन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों को आईआईटी-जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। अभिभावकों और छात्रों को यह जानकारी दी गई कि विद्यालय अब परीक्षा की तैयारी को सुव्यवस्थित करने के लिए नई शिक्षण पद्धतियां अपना रहा है, ताकि छात्र स्कूल के वातावरण में ही प्रभावी ढंग से तैयारी कर सकें। इसके अलावा, शिक्षकों को इन उन्नत शैक्षणिक तकनीकों के माध्यम से विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।



श्री शर्मा ने विद्यालय के भविष्य के लिए तैयार दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की और तनावमुक्त शिक्षण वातावरण स्थापित करने के लिए माता-पिता, शिक्षकों और छात्रों के बीच सामंजस्यपूर्ण संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया। दूसरे खंड में उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य और संकाय सदस्यों के साथ मिलकर पाठ्यक्रम कवरेज, समय प्रबंधन, परीक्षा रणनीतियाँ और माता-पिता की भूमिका पर सवालों के उत्तर दिए। मौके पर अभिषेक विश्वास, महाप्रबंधक, आई ई पी एल ओरिका, गोमिया और विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दासगुप्ता ने स्कूल-अभिभावक-छात्र संबंध को मजबूत करने और छात्रों को समग्र शिक्षा प्राप्त करने में ऐसे इंटरएक्टिव सत्र के महत्व पर प्रकाश डाला।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्ज में डूबे युवक ने फंदे से लटक कर दी जान



**एजेंसीः रामगढ़।** रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में कर्ज में डूबे एक युवक ने अपने घर में पंखे की कुंडी से फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। जब घर वालों को इसका पता चला तो उन लोगों के होश उड़ गए। कुजू नया बाजारटांड़ निवासी कुणाल सिंह उर्फ छोटू ( 31) ने गुरुवार की रात इतना बड़ा कदम उठाया। जानकारी के अनुसार कुणाल सिंह पिछले कई दिनों से काफी तनाव में रह रहा था। उसका पैसा मार्केट में और संबंधियों के बीच फंसा हुआ था। लेनदेन के कारण वह इतना कर्ज में डूब गया था, जिसकी वजह से उसकी मानसिक स्थिति काफी तनावपूर्ण हो गई थी। कुणाल की मां जब खाना लेकर उसके कमरे में गई तो कमरा अंदर से बंद था। काफी आवाज लगाने के बाद भी जब कोई जवाब नहीं दिया, तो उन्होंने कुणाल के पिता रामकुमार सिंह को इसकी जानकारी दी। पिता और पड़ोसियों ने मिलकर जब दरवाजा तोड़ा तो कुणाल की लाश पंखे से लटकती हुई मिली। जब यह घटना घटी थी तो कुणाल की पत्नी अपनी तीन माह की बेटी के साथ अपने मायके रांची में थी। तत्काल परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### नारी शक्ति की प्रतीक थी सुषमा स्वराजः कर्मवीर सिंह



**एजेंसीः रांचीः** प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने सुषमा स्वराज के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको याद करते हुए कहा कि सुषमा स्वराज का नाम सामने आते ही एक सादगी और सौम्यता की प्रतिमूर्ति उभर आती है। सुषमा बड़ी आसानी से अपने वाक्-चातुर्य के बल पर विरोधियों को परास्त करने के लिए जानी जाती थीं। सिंह शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की जयंती पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित करने के उपरांत बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अपनी क्षमता और मेधा के आधार पर नारीशक्ति किस प्रकार राजनीति में अपना लोहा मनवा सकती है, इसका एक सफल उदाहरण सुषमा स्वराज हैं। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विकास प्रीतम, हेमंत दास,अशोक बड़ाईक, पंकज सिन्हा, मनोज दूबे, सीमा सिंह ,बबीता वर्मा, संजय जायसवाल, योगेंद्र लाल सहित कई उपस्थित थे।

### शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी जरूरी : सीपी सिंह




**एजेंसीः रांची।** रांची के विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह ने कहा कि विद्यालय को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ-साथ बेहतर संस्कार देने की जरूरत है। सिंह शुक्रवार को कांके रोड स्थित ज्ञानोदय उच्च विद्यालय के वार्षिकोत्सव सह विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विद्यालय पिछले 55 वर्षों से इस क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। सिंह ने विद्यालय के आधारभूत संरचना का उल्लेख करते हुए कहा कि सीमित संसाधन में भी विद्यालय निरंतर विकास के पद पर अग्रसर है। इस मौके पर उन्होंने विद्यालय विकास कोष से नवनिर्मित दो कमरों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया । मौके पर विद्यालय के सचिव डॉ भीम प्रभाकर ने पिछले एक वर्ष के वार्षिक रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रचार्य वासुदेव महतो समिति के सदस्य नीरज पांडेय, नलनी रंजन मिश्रा, अनिल सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक दीप्तेनदु, पांडेय पारसनाथ सिंह, अशोक प्रसाद सिंह, रामलगन राम सहित अन्य मौजूद थे।

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा चुनहट वाटर फॉल

**एजेंसीःपलामू**

पलामू उपायुक्त शशि रंजन के साथ जिला, अनुमंडल, प्रखंड और अंचल के पदाधिकारी शुक्रवार को रामगढ प्रखंड के सुदूरवर्ती बांसडीह खुर्द पंचायत के कोकाडु (चुनहट) गांव पहुंचे। वहां जनता दरबार लगाकर आमजनों की जन समस्याओं को सुना और उसका निदान किया। वहीं तत्काल निष्पादन योग्य नहीं रहने वाले मामलों को आगामी कुछ दिनों में निराकरण का भरोसा दिया। उपायुक्त सहित अन्य पदाधिकारियों के समक्ष लोगों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखी। जनता दरबार में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आमजनों ने गांव में बिजली और सड़क संबंधी समस्याओं को दूर करने की मांग की। उपायुक्त ने बिजली विभाग के अभियंता से बात कर ग्रामीणों



को आश्वस्त किया कि अप्रैल माह तक गांववासियों को निर्वाध बिजली आपूर्ति होने लगेगी। उन्होंने बिजली विभाग के अभियंता को प्राथमिकता के तहत गांव में बिजली आपूर्ति का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र, उलमान 2 को गांव की सीमा क्षेत्र में बनने की बात उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि गांव की सीमा क्षेत्र में आंगनबाड़ी का भवन बन रहा है, इसका निर्माण गांव के बीच में कराया जाए, तो बच्चे ज्यादा लाभान्वित होंगे। उपायुक्त ने इसके लिए भरोसा दिया और कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र उनके गांव के बीच में बनाए जाएंगे। ग्रामीणों की मांग पर उपायुक्त सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को नशा छोड़ने की अपील की। उपायुंक्त ने कहा कि नशा से उनका और उनके परिवार को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नशा से ग्रामीण को ही नुकसान हो रहा है। जनता दरबार में एक बच्चे के जलने की शिकायत मिली। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को बच्चे को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। ग्रामीणों द्वारा चुनहट वाटर फॉल को विकसित किए जाने की मांग को लेकर उपायुक्त सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने करीब तीन किलोमीटर से अधिक दूरी पैदल चलकर चुनहट वॉटर फॉल का दीदार किया। क्षेत्र में सड़क की समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने सड़क निर्माण का भरोसा दिया। पर्यटन के दृष्टिकोण चुनहट वाटर फॉल को विकसित करने एवं यहां पर्यटकीय सुविधा बढ़ाने की बातें कही। जनता दरबार में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, एनडीसी विक्रम कुमार, चौनपुर के अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मांडू और रामगढ़ के वन क्षेत्र पदाधिकारी रहते हैं गायब, कोयला तस्कर उठा रहे लाभ

**एजेंसीः रामगढ़**



रामगढ़ जिले में कोयला तस्करों की सक्रियता इतनी अधिक बढ़ गई है कि वन प्रमंडल पदाधिकारी उसे रोकने में अक्षम साबित हो रहे हैं। वन क्षेत्र में होने वाले गैर कानूनी गतिविधियों और कोयला तस्करों को रोकने में इसलिए भी सफलता नहीं मिल रही है, क्योंकि मांडू और रामगढ़ के वन क्षेत्र पदाधिकारी अपने एरिया से ही गायब हैं। ऐसी स्थिति से कोयला तस्करों की बल्ले बल्ले है और वन विभाग के अधिकारी कुछ भी नहीं कर पा रहे हैं। तस्करों के बढ़ते मनोबल से डीएफओ त्रस्त हो गए हैं। उन्होंने अब इन दोनों क्षेत्रों में वन क्षेत्र पदाधिकारी का प्रभार किसी दूसरे पदाधिकारी को देने के लिए वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो को पत्र लिखा है। डीएफओ ने पत्र में कहा है कि मांडू और रामगढ़ के वन क्षेत्र पदाधिकारी अपने क्षेत्र में उपस्थित नहीं रहते हैं। मांडू के वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार को गिरिडीह, बगोदर और चतरा का भी प्रभार मिला हुआ है। रामगढ़ के वन क्षेत्र पदाधिकारी सुरेश राम को भी बगोदर, गोमिया और डुमरी का प्रभार मिला हुआ है। ऐसी स्थिति में वे लोग क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज ही नहीं कर पाते हैं। जिसका कुप्रभाव गैर कानूनी गतिविधियों के रोकथाम पर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में कुजू वन क्षेत्र पदाधिकारी बटेश्वर पासवान को मांडू और रामगढ़ वन क्षेत्र पदाधिकारी का प्रभार देने की अनुशंसा उन्होंने की है।

## कांग्रेस के प्रति बढ़ रहा लोगों का रूझान : कमलेश

**एजेंसीः रांची**



कोल्हान प्रमंडल अंतर्गत सभी जिला अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों, प्रखंड और जिला पदाधिकारियों की बैठक शुक्रवार को चांडिल डैम गेस्ट हाउस सभागार में एक मार्च को कोल्हान प्रमंडल में होने वाले कांग्रेस समागम की तैयारी को लेकर की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं विशिष्टि अतिथि के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद युवा, किसान और महिलाओं, का विश्वास कांग्रेस के प्रति और गहरा हुआ। यही कारण है कि लोगों का रूझान कांग्रेस में बढ़ रहा है और लोग कांग्रेस की सदस्यता लेने के लिए उत्सुक दिख रहे हैं। एक मार्च को आहुत कोल्हान प्रमंडल कांग्रेस समागम इसी का उदाहरण है। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव सह झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, सचिव सह सांसद सत्पगिरी शंकर उलका, सचिव डॉ सिरिबेला प्रसाद , मंत्री और विधायक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि यह मेरा निर्वाचन क्षेत्र रहा है और आप लोगों का जो प्यार हमें मिला उस प्यार का कोई मूल्य नहीं है। कांग्रेस समागम यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कांग्रेस के प्रति लोगों का विश्वास है। बैठक में जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास, धमेन्द्र सोनकार, देबू चटर्जी, संजीव श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, छोटे राय किस्कू, राणा सिंह, एलबी सिंह, शिवकुमार गोराई, राजीव चौधरी, उपेन्द्र गिरि, परमिन्दर मिश्रा, दुर्याधन गोप, त्रिशानु राय सहित अन्य शामिल हुए।

## एसपी ने स्टेडियम का किया निरीक्षण



**एजेंसीःपलामू**

शहीदों की स्मृति में मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में आयोजित होने वाले अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर पुलिस अधीक्षक सह टूर्नामेंट की अध्यक्ष रीष्मा रमशेन अपने दल के साथ शुक्रवार शाम ग्राउंड का निरीक्षण किया। आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ पूरे स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने बाकी बचे कार्यों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए एवं टूर्नामेंट के आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए कई निर्देश भी दिए। इस अवसर पर फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने हर विभाग के कार्यों के बारे में बताया। आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ने भी स्टेडियम में हो रहे टेंट, मंच, लाइट इत्यादि के कार्यों के बारे में जानकारी दी। मौके पर मेजर प्रभारी सुरेश राम, पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील सिन्हा, टीम प्रबंधक संदीप कुमार राम, मीडिया प्रभारी अजीत कुमार पाठक सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## सुरक्षा मानकों पर फेल है बैंक प्रबंधन, चोर उचक्के उड़ा रहे मजा

**एजेंसीः रामगढ़**

रामगढ़ जिले के बैंकों में पैसे जमा करने वाले और निकालने वाले ग्राहक अक्सर बाइकर्स गैंग और चोर उचक्कों के शिकार हो रहे हैं। पहले तो अपराधी बैंक के अंदर उनकी निगरानी करते थे और बाहर निकलते ही लूट लेते थे। लेकिन अब चोरों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वह बैंक के अंदर ही ग्राहकों को अपना शिकार बनाने लगे हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि दर्जनों छिनतई और लूट की वारदातों के बावजूद बैंक प्रबंधन अपनी सुरक्षा में कोई भी सुधार नहीं कर रहा है। ना तो सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ाई जा रही है और ना ही वह चोरों को पकड़ने के लिए बैंक प्रबंधन के सुरक्षा अधिकारी कोई काम कर रहे हैं। लूट और छिनतई की हर वारदात के बाद ग्राहकों को नजदीकी थाना का रास्ता दिखा दिया जाता है। रामगढ़ जिले का ऐसा कोई बैंक नहीं जहां चोर उचक्कों ने ग्राहकों को नहीं लूटा हो। बैंक से पैसे निकाल कर बाहर निकलने वाले ग्राहक से बैग छीनकर बाइकर्स रफू चक्कर हो जाते हैं। हाल में बैंक ऑफ़ बड़ोदा और बैंक ऑफ़ इंडिया में ऐसी वारदात हुई जिसने ग्राहकों को सदमे में पहुंचा दिया है। अपराधी बैंक के अंदर मौजूद रहते हैं और वह ग्राहकों का जेब काट लेते हैं। वैसे लोगों की पहचान करने और पकड़ने के लिए बैंक ना




तो कोई पहल करता है और ना ही सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी निभाता है। बैंक में आने वाले ग्राहकों की सुरक्षा बढ़ाने और अपराधियों को पकड़ने के लिए जिला प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। पुलिस भी अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। लेकिन बैंक के अधिकारी इन सभी मुद्दों पर अपना पल्ला झड़े हुए नजर आते हैं। हर वारदात के बाद बैंक अपनी डफली, अपना राग अलापते नजर आता हैं। एसपी ने बेहतर क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगाने और कई एंगल पर कैमरे लगाने के लिए सभी बैंक प्रबंधकों को चिट्ठी भी लिखी थी। डीएसपी और रामगढ़ थाना प्रभारी के स्तर से भी बैंकों को चिट्ठी लिखी गई। लेकिन किसी भी बैंक ने उसपर अमल नहीं किया। वह पुराने जमाने के सामान्य सीसीटीवी कैमरे पर ही अपनी सुरक्षा का राग अलापते हैं। रामगढ़ शहर के लोग चोर और बाइकर्स गैंग का शिकार होने के बाद सीधे थाना पहुंचते हैं। लेकिन कभी भी बैंक प्रबंधन अपनी जिम्मेदारी निभाता नहीं दिखा। इस मुद्दे पर ना तो कभी चेंबर ऑफ कॉमर्स और ना ही व्यापारियों का अन्य संगठन सक्रिय नजर आता है। ग्राहक बैंक के अंदर लूटे जाएं या सड़कों पर, नतीजा यह है कि उनकी गाढ़ी कमाई से चोर अपनी जेबें भर रहे हैं। क्या कभी बैंक प्रबंधकों की जिम्मेदारी तय होगी? ताकि ग्राहकों की गाढ़ी कमाई

## पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों को एबीवीपी ने दी श्रद्धांजलि



**एजेंसीः रांची**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) रांची महानगर के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को मेन रोड स्थित अल्बर्ट एक्का चौक में पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। मौके पर जिला संयोजक पवन नाग ने कहा कि पुलवामा में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में 14 फरवरी 2019 को हमारे सीआरपीएफ के 40 बहादुर जवानों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। राष्ट्र अपने वीर जवानों को याद करने और उनका सम्मान करने में एकजुट है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमन साहू ने कहा कि आतंकी हमले को विफल करने में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को देश हमेशा याद रखेगा। उनकी वीरता और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। एबीवीपी श्रद्धा पूर्वक उन शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करती है। इस दौरान महानगर सह मंत्री सिद्धांत श्रीवास्तव, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के इकाई अध्यक्ष सतीश केसरी, महानगर कार्यालय मंत्री सौरभ यादव, कृष्णा प्रजापति, अनुराग, आदित्य,कवि, प्रियांशु सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छात्रा का शारीरिक शोषण, एफआइआर

**एजेंसीःपलामू**

पलामू जिले के पिपरा प्रखंड की दलपतपुर पंचायत में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय भितिहा की अनाथ नाबालिक छात्रा से शारीरिक शोषण को लेकर शुक्रवार को 8 घंटे तक धरना प्रदर्शन किया गया। पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता और छात्रा के परिजन एवं ग्रामीणों ने प्रदर्शन के दौरान जमकर हंगामा किया। मामले में गंभीरता देखते हुए छात्रा की बीती रात ही एमआरएमसीएच में मेडिकल जांच की गयी। शुक्रवार को इस संबंध में पोक्सो सहित अन्य धाराओं में पिपरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस छानबीन में जुटी है। वार्डन चंदा कुमारी ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 10 में पढ़ने वाली एक छात्रा लगभग 10.30 बजे विद्यालय से जन वितरण प्रणाली की ई-पॉश मशीन



में अंगूठा लगाने की बात कह अपने परिचित के साथ विद्यालय से बाहर निकली थी। बाद में अपराह्न करीब दो बजे वापस स्कूल लौटी। वहीं सूचना पाकर छात्रा के परिजन जब विद्यालय पहुंचे तो लौटने पर उसकी हालत ठीक नहीं थी। वह नशे की हालत में लग रही थी। कुछ भी नहीं बता पा रही थी। छात्रा के माता-पिता जीवित नहीं हैं। मामले को गंभीरता को देखते हुए अभिभावकों तथा ग्रामीणों ने छात्रा के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए विद्यालय के बाहर पिछले 24 घंटे के दौरान करीब आठ घंटे तक प्रदर्शन किया। घटना की सूचना पाकर छतरपुर एसडीओ आशीष गंगवार, डीएसपी अवध प्रसाद यादव, डीइओ सौरव प्रकाश, बीडीओ बिनय कुमार व थाना प्रभारी नकुल शर्मा ने विद्यालय जाकर मामले की जानकारी ली। इस मामले में छात्रा की चाची ने पिपरा थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है, जिसमें धारा बीएनएस 65 (1) तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले के अनुसार छात्रा को सुल्तानी निवासी रंजन सिंह स्कॉर्पियो से विद्यालय के बाहर छोड़कर फरार हो गया। प्राथमिकी में छात्रा के साथ दुष्कर्म करने का संदेह जताया गया है। पुलिस मामला दर्ज कर छात्र की मेडिकल जांच करा दी है। वहीं दूसरी ओर छात्रा के साथ अनहोनी की जानकारी मिलने पर प्रमुख विक्रांत सिंह यादव, मुखिया पति राजेंद्र यादव, रवि रौशन कुमार, प्रमोद कुमार रवि, सौरभ कुमार, अशोक सक्सेना सहित कई जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों ने विद्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी से विद्यालय की सुरक्षा बढ़ाने, लापरवाह गार्ड पर कार्रवाई करने, छात्राओं को भोजन और अन्य सुविधा सुदृढ़ करने की मांग की गई है। डीईओ ने सभी मामले की जांचोंपरांत कार्रवाई करने की बात कही है। इस संबंध में छतरपुर डीएसपी अवध यादव ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। पुलिस अनुसंधान कर रही है। दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## रिक्शा चालक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**एजेंसीःपलामू**

एक रिक्शा चालक की उसके घर के समीप हत्या करने का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है। जख्मी हालत में वह मदद के लिए घर के बाहर चिल्लाता रहा, लेकिन शराबी समझकर किसी ने उसकी मदद नहीं की। सूचना मिलने पर शुक्रवार को पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के आबादगंज रेलवे लाइन से सटे इलाके की है। इस संबंध में शहर थाना में अज्ञात पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। रिक्शा चालक की पहचान आबादगंज रेलवे लाइन के पास रहने वाले 35 वर्षीय राकेश कुमार के रूप में की गयी है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार ने बताया कि मृतक के



शरीर पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं। उसके पैर टूटे हुए थे और जांघ में दो छेद मिले। नुकीले हथियार से हमला किया गया था। हमलावरों ने राकेश को मारने के बाद रेलवे पटरी के किनारे बने नाले में फेंक दिया था। घटना रात करीब एक से डेढ़ बजे की है। राकेश ने मदद के लिए शोर मचाया, लेकिन मुहल्लेवालों ने उसे शराब पीकर हंगामा करने वाला समझ लिया और कोई मदद को नहीं आया। घायल राकेश किसी तरह नाले से बाहर निकला और किसी तरह अपने घर तक पहुंचा, जहां उसने दम तोड़ दिया। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में उसके घिसटते हुए जाने का फुटेज मिला है। रास्ते में खून के निशान भी मिले हैं। अधिक खून बहने से उसकी मौत होने की बात कही जा रही है। घटना के समय राकेश की मां कुंभ स्नान के लिए बाहर गई हुई है। गुरुवार को राकेश घर में ताला लगाकर रिक्शा चलाने गया था। पूर्व वार्ड पार्षद के बयान पर पुलिस ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार



### क्षेत्रीय राजपूत समाज के महाधिवेशन में हंगामा , चुनाव टला

**पुटकी, एजेंसी।** मुनीडीह में गुरुवार को आयोजित धनबाद - बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज के 10वें महाधिवेशन सह स्थापना दिवस समारोह में जमकर हंगामा हुआ. इसके कारण अधिवेशन बीच में ही समाप्त करना पड़ा. कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने गलत तरीके से चुनाव कराने का आरोप केंद्रीय कमेटी पर लगाते हुए इसका जमकर विरोध किया.

बताया जाता है कि मुनीडीह स्थित राजपूत समाज के केंद्रीय कार्यालय में गुरुवार को महाधिवेशन के दौरान चुनाव की प्रक्रिया शुरू होते ही जोन तीन के कुछ लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया. मंच संचालक के विरोध के साथ वक्ताओं से माइक भी छीन लिया गया. एक युवक ने मतदान पेटी हटा दी. बरडुभी पंचायत के मुखिया मनोज सिंह, दुबराजडीह के मुखिया रमेश सिंह, पीएन सिंह, शिवराम सिंह, डीएल सिंह, चक्रधर सिंह समेत दर्जनों लोग मंच पर चढ़कर विरोध जताने लगे. इससे माहौल बिगड़ गया. उनका कहना था कि समाज के पांचों जोन से कुल 105 लोग जो वोट देंगे, उनका चयन गलत तरीके से किया गया है. लगातार अपील करने के बाद भी वे नये सिरे से चुनाव कराने की मांग पर अड़े रहे. ऐसे में केंद्रीय अध्यक्ष जन्मजेय सिंह चुनाव स्थगित करने की घोषणा कर चलते बने. उन्होंने कहा कि चुनाव पर्यवेक्षक सह सेवानिवृत्त जज रामनारायण सिंह व अन्य पर्यवेक्षकों के साथ बैठक कर जल्द चुनाव की अगली तिथि की घोषणा की जायेगी. बातचीत से मामला सुलझाया जायेगा. महाधिवेशन में धनबाद, बोकारो, रामगढ़ व पुरुलिया जिले के 58 गांव के प्रतिनिधि आये थे. कार्यक्रम में जीतलाल सिंह,रामचरित्र सिंह, अम्बिका सिंह, राधानाथ राय, अतुल प्रसाद, सूर्यनारायण सिंह, विष्णु सिंह, रामप्रसाद सिंह, गोपाल सिंह, शिबू सिंह, दीनानाथ सिंह, रणजीत सिंह, शीतल सिंह, कामदेव सिंह, राज कुमार सिंह, शिरीष सिंह, नागेश्वर सिंह आदि थे. पहली बार बैलेट पेपर से होने वाले केंद्रीय कमेटी के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवार जन्मजेय सिंह, सूर्यनारायण सिंह व शंकर दयाल देव, केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पद पर दुर्गा प्रसाद सिंह, सुरेंद्र सिंह, परमेंद्र सिंह, हाजरा सिंह, महामंत्री पद पर रंजीत सिंह ( पत्रकार ), रामविलास सिंह, सिरीश सिंह, संगठन मंत्री पद पर अंबिका प्रसाद सिंह, रघुनाथ सिंह,जगरनाथ सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर गोपाल सिंह, रामचरित सिंह मैदान में हैं. चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में सेवानिवृत्त अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरएन सिंह, शंकर सिंह मुखिया, राधानाथ राय, अनिल चटिया व श्रीराम चंद्र सिंह शामिल हैं.

### बीबीएमकेयू में शोध, विकास व पीएचडी सेल का पुनर्गठन

**धनबाद, एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय ने शोध और अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए शोध एवं विकास प्रकोष्ठ (आर एंड डी) और पीएचडी प्रकोष्ठ का पुनर्गठन किया गया है. कुलपति के आदेश पर जारी इन दोनों प्रकोष्ठों के गठन से शोध कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने में सहायता मिलेगी.

आर एंड डी के समन्वयक के रूप में डॉ अमिता वर्मा (डीन, ह्यूमैनिटीज) को नियुक्त किया गया है. वहीं डॉ डीके गिरि, डॉ एचएस चौधरी और डॉ सरिता मुर्मू को सदस्य बनाया गया है. यह प्रकोष्ठ शोध अनुदान सुविधा, अकादमिक कार्यक्रमों का आयोजन, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से समझौता ज्ञापन (एमओयू), परियोजना निधि प्रबंधन और वार्षिक शोध रिपोर्ट तैयार करने जैसे कार्यों का संचालन करेगा. एचडी प्रकोष्ठ का समन्वयक डॉ. नकुल प्रसाद (एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग) को बनाया गया है, जबकि डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. रूपम मलिक और डॉ. तनुजा कुमारी को सदस्य नियुक्त किया गया है। यह प्रकोष्ठ पीएचडी प्रवेश एवं पंजीकरण, शोध गुणवत्ता नियंत्रण, साहित्यिक चोरी (प्लेज़रिज्म) की निगरानी, थीसिस मूल्यांकन, प्रकाशन प्रोत्साहन और शोध अभिलेखों का रखरखाव करेगा.

# खूंटी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की 18 बेटियों ने पास की जेईई मेन परीक्षा, रचा इतिहास

**खूंटी, एजेंसी।** राजधानी रांची से सटे खूंटी जिले की 18 आदिवासी बच्चियों ने जेईई मेन 2025 परीक्षा पास कर इतिहास रच दिया। ये पहली बार है कि एक साथ एक स्कूल में पढ़ने वाली बच्चियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा जेईई मेन पास किया है। जिला प्रशासन ने सभी बच्चियों को शुभकामनाएं दी हैं।

जिला प्रशासन खूंटी द्वारा संचालित सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। कालामाटी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 18 बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा जेईई मेन 2025 में सफलता प्राप्त किया है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

इस उपलब्धि पर डीसी लोकेश मिश्रा ने सभी छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं उनके उवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। इन 18 छात्राओं ने यह साबित कर दिया कि संसाधनों की सीमाओं के बावजूद यदि उचित मार्गदर्शन और समर्थन मिले, तो ग्रामीण क्षेत्र की छात्राएं भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। यह उपलब्धि न केवल छात्राओं की मेहनत का परिणाम है, बल्कि सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत शिक्षकों और जिला प्रशासन द्वारा किए गए सतत प्रयासों की भी पुष्टि करती है। हम आगे भी इसी तरह छात्रों के समग्र सहयोग के लिए प्रयासरत रहेंगे।

सम्पूर्ण शिक्षा कवच अभियान के तहत छात्राओं को 24म7 डिजिटल शिक्षा सहायता, व्यक्तिगत मार्गदर्शन, और मॉडल टेस्ट श्रृंखला के माध्यम से तैयारी करवाई गई। इस अभिनव पहल से न केवल जेईई मेन परीक्षा में सफलता मिली, बल्कि यह आगे भी छात्राओं को आईआईटी और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए प्रेरित करेगा। खूंटी जिला प्रशासन इस सफलता को ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव के रूप में देखता है और भविष्य में भी इसी प्रकार छात्राओं को सहयोग प्रदान करने के लिए संकल्पित है।




#### इन्होंने ने पास की परीक्षा

महिमा कुमारी, दिव्या कुमारी, गुंजा कुमारी, जांबी टूटी, प्रमिला टूटी, आरती कुमारी, ईशा कुमारी, आकांक्षा कुमारी, लीला कुमारी, जयंती कुमारी, प्रियांशी कुमारी, प्रियंका कुमारी, आर्ची सांगा, ललिता पूर्ति, अमिका कुमारी, अंता कुमारी, अर्चना कुमारी।

### स्टेट फूड टेस्टिंग लैब को मिली एनएबीएल मान्यता, मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच में होगी सुविधा

**रांची, एजेंसी।** राजधानी के नामकुम स्थित राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को एनएबीएल यानी राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला द्वारा मान्यता दे दिया गया है. इससे यह झारखंड का एकमात्र फूड टेस्टिंग लैब बन गया है, जिसे यह मान्यता प्राप्त हुआ है. स्टेट फूड टेस्टिंग लैब के खाद्य विश्लेषक चतुर्भुज मीणा ने बताया कि एनएबीएल द्वारा यह प्रमाण पत्र उस लैब को दिया जाता है जो सभी मानकों को पूरा करती है. चतुर्भुज मीणा ने बताया कि एनएबीएल की मान्यता मिलने के बाद पूरे राज्य के सभी लीगल नमूनों की जांच शुरू हो जाएगी.

स्टेट फूड टेस्टिंग लैब स्वास्थ्य विभाग के अधीन चलने वाला एक लैब है जो खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006, नियम 2011 के अनुरूप काम करती है, जो झारखंड के सभी नागरिकों को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है. चतुर्भुज मीणा ने बताया कि स्टेट फूड टेस्टिंग लैब रांची खाद्य पदार्थों की जांच के लिए झारखंड सरकार की एक प्रयोगशाला है. यह तीन उच्च स्तरीय उपकरण, 40 आधुनिक उपकरण, सोलर पैनल, डीजल जनरेटर सेट और खाद्य सुरक्षा और मानक एजेंसी नई दिल्ली और राज्य स्रोतों से प्राप्त रसायनों से सुसज्जित है. खाद्य विश्लेषक चतुर्भुज मीणा ने बताया कि राज्य के प्रस्ताव पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक एजेंसी 4.36 करोड़ रुपये की लागत से खाद्य पदार्थों के माइक्रोबायोलॉजिकल विश्लेषण का विस्तार कर रही है. उन्होंने बताया कि पूरे झारखंड में मिलावटी खाद्य पदार्थों जैसे सरसों तेल, पाम ऑयल, घी, दूध से बने उत्पाद, जन वितरण प्रणाली द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले दालें, चावल, पान मसाला, चायपत्ती, चीनी और चीनी से बनी मिठाइयों के साथ मसालों की जांच अधिक प्रामाणिकता के साथ की जाएगी.

## स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में खूंटी अव्वल, नीति आयोग ने दी 3 करोड़ की पुरस्कार राशि

**खूंटी, एजेंसी।** नीति आयोग ने स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए खूंटी जिले को तीन करोड़ रुपये की राशि से सम्मानित किया है. आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, आधारभूत संरचना, कृषि, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है. इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को प्रोत्साहन के रूप में अतिरिक्त संसाधन दिए जाते हैं, ताकि विकास कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित हो सकें.




आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत खूंटी जिले ने स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है. डीसी लोकेश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे जिले के लिए गौरव का क्षण है. यह पुरस्कार जिला प्रशासन के प्रयासों का परिणाम है. पुरस्कार राशि का उपयोग जन कल्याणकारी परियोजनाओं को गति देने तथा क्षेत्र में जीवन स्तर को सुधारने एवं सुदृढ़ करने में किया जाएगा. डीडीसी श्याम नारायण राम ने कहा कि नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, आधारभूत संरचना, कृषि, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है. इन क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिलों को प्रोत्साहन के रूप में अतिरिक्त संसाधन दिए जाते हैं, ताकि विकास कार्य और बेहतर ढंग से हो सके. आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत खूंटी जिले ने स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है. डीडीसी ने कहा कि मानदेय के रूप में जिले को मिलने वाले तीन करोड़ रुपये इन क्षेत्रों में खर्च किए जाएंगे, ताकि गरीबों को स्वास्थ्य और पोषण का लाभ मिल सके.

## मधुपुर में शिक्षक की बम मारकर हत्या, इलाके में मचा हड़कंप, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया हंगामा

**मधुपुर (देवघर), एजेंसी।** झारखंड स्टेट प्राइमरी शिक्षक संघ के उप महासचिव सह सरकारी शिक्षक 51 वर्षीय संजय कुमार दास की दिनदहाड़े बम मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार अपराधियों ने सुबह 9 बजे उन पर बम से हमला किया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार को महुआडाबर प्राथमिक मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत संजय कुमार दास सुबह करीब 8.45 बजे अपने विद्यालय आए थे।

यहां हाजरी बनाने के बाद वे किसी काम के लिए अपनी स्कूटी से भेड़वा नवाडीह की ओर आ रहे थे। विद्यालय से कुछ ही दूरी पर दो अज्ञात अपराधियों ने सुबह करीब नौ बजे अचानक उनके पर बम से हमला कर दिया।

अपराधियों ने संजय कुमार दास के चेहरे पर करीब से बम से वार किया, जिससे उनका चेहरा व सिर पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान अपराधियों ने लगातार दो बम फेंका। बम का धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के लोग दहल उठे।

बताया जाता है कि अपराधी पैदल आए थे और थैले में बम रखा था। घटना को अंजाम देकर वे पैदल ही मौके पर से भाग निकले। घटना के बाद सैकड़ो की संख्या में लोग जमा हो गए। वहीं घटना के काफी देर बाद तक पुलिस नहीं पहुंचने से लोग अपना रोष जताने लगे।

स्वजन मामले में जमीन विवाद के कारण हत्या किए जाने आशंका जता रहे हैं। घटना करीब आधे घंटे के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र प्रसाद घटनास्थल पहुंचे और मामले की छानबीन में पुलिस टीम के साथ जुट गए।

कुछ देर बाद पथरौल, बुढ़ई, करौं, मार्गोमुंडा, मधुपुर समेत कई थाना की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है और कैंप कर रही है।

स्थानीय लोग मंत्री हफीजुल हसन और एसपी के घटनास्थल पर पहुंचने की मांग कर रहे थे। घटनास्थल पर जमा लोगों ने कहा कि फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वहां से शव को लेकर आने पर थाना गेट के पास प्रदर्शन किया जाएगा । जब तक कैबिनेट मंत्री और एसपी नहीं आ जाते तक तक प्रदर्शन जारी रहेगा। हत्या किन कारणों से हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

घटना के घंटो बाद तक मृतक का शव सड़क पर घटनास्थल पर ही पड़ा है। शिक्षक की स्कूटी भी पास में ही पड़ी थी। पुलिस ने मृतक के शरीर के अंग और बम का अवशेष को जमा किया। ये अवशेष शव से काफी दूर तक बिखरे पड़े थे, जिसे बरामद कर लिया गया है।

घटना के बाद से स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पुलिस अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। इधर झामुमो विधायक उदय शंकर सिंह घटनास्थल पहुंचे और घटना की निंदा करते हुए अपराधियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तार करने को कहा है।

## जेल के कैदी को भगाने में किसने की मदद बड़ी कार्रवाई की तैयारी, एसपी ने वार्ड का किया निरीक्षण

**पलामू, एजेंसी।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल से ऋषिकेश दुबे नाम का कैदी सात फरवरी को फरार हो गया था. पलामू सेंट्रल जेल के विचारधीन कैदी के एमएमसीएच से फरार होने के मामले में बड़ी कार्रवाई होगी. कैदी फरार होने के मामले में एसपी रीष्मा रमेशन ने गुरुवार को कैदी वार्ड का निरीक्षण किया.



इस निरीक्षण में कई बिंदुओं पर जांच की गई है. पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि वार्ड का निरीक्षण किया गया है, कैदी के भगाने में कुछ लोगों की संलिप्तता सामने आई है. मामले में कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि जेल प्रबंधन कैदी वार्ड को शिफ्ट करने के लिए पत्र लिखा है. मामले में समीक्षा किया जा रही है. दरअसल ऋषिकेश दुबे पलामू के पाटन थाना क्षेत्र का रहने वाला है. दिसंबर 2023 से वह हत्या के आरोप में पलामू सेंट्रल जेल में बंद है. कैदी भागने के मामले में सदर एसडीपीओ मणि भूषण प्रसाद ने एक जांच रिपोर्ट भी तैयार की है. इस जांच रिपोर्ट में कैदी वार्ड में तैनात जवान की लापरवाही भी पकड़ी गई है. कैदी वार्ड में तैनात तीनों जवानों को निलंबित करने की अनुशंसा भी की गई है. घटना के दिन ऋषिकेश दुबे का मोबाइल से बातचीत करते हुए एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, बातचीत के बाद सीसीटीवी फुटेज में यह नजर आ रहा है कैदी वार्ड के बाहर बाइक सवार दो युवक उसे लेने आए थे. ऋषिकेश टुडे कैदी वार्ड में हाथ मुंह धोने के बहाने बाहर निकाला था और फरार हो गया.

## जंगली हाथियों से बचाव के लिए वन विभाग ने लॉन्च किया ये मोबाइल ऐप, ऐसे मिलेगी जानकारी

**बोकारो, नागेश्वर, एजेंसी।** जंगली हाथियों की वजह से होने वाले नुकसान को देखते हुए वन विभाग ने इससे बचाव के लिए हमार हाथी ऐप लॉन्च किया है. इस ऐप को डाउनलोड करते ही 15 से 20 किलो मीटर के दायरे से हाथियों के भ्रमण की सूचना मिल जाएगी. वहीं, 5 किलो मीटर के रेडियस में आने से मोबाइल की घंटी बजने लगेगी. इससे आसानी से पता चल जाएगा कि हाथियों का झुंड पहुंच गया है.



यह बेल लोगों को सतर्क करने और जानमाल की क्षति से बचाव के लिए अलार्म होगा. ताकि लोग समय रहते आवश्यक उपाय कर लें. ये जानकारी हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के डीएफओ विकास कुमार उज्जवल ने दी. उन्होने कहा कि हमार हाथी एप्लीकेशन को आभियान चलाकर हाथी प्रभावित क्षेत्रों में आम ग्रामीणों के अलावा जन प्रतिनिधियों को इस ऐप के बारे में बताया जा रहा है और लोगों से इंस्टॉल करने की अपील की जा रही है.

बता दें कि चतरोचट्टी वन क्षेत्र, झुमरा पहाड़ समेत कई इलाकों में अक्सर जगंली हाथियों का विचरण होता रहता है. इस दौरान हाथियों का झुंड खेतों मे लगी फसल और ग्रामीणों के आवास को भारी क्षति पहुंचाते हैं. इन घटनाओं से बचने के लिए ही वन विभाग द्वारा हमार हाथी एप्लीकेशन को लॉन्च किया गया है. इस ऐप को मोबाइल में डाउनलोड करने से हाथियों के आगमन की जानकारी मिल सकेगी.

## पारसनाथ जुग जाहेरथान विवाद पर झामुमो और कांग्रेस आमने-सामने ! भाजपा की ओर से भी दी गई तीखी प्रतिक्रिया

**रांची, एजेंसी।** पारसनाथ स्थित जुग जाहेरथान विवाद को लेकर आदिवासियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाते हुए राज्यपाल से हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई थी. अब इस मुद्दे पर झारखंड में राजनीति भी शुरू हो गई है. यहां तक कि इंडिया ब्लॉक के दो बड़े दल झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस मामले में आमने-सामने हैं. जबकि झारखंड भाजपा की ओर से भी बयान दिया गया है.

आदिवासी हितों से समझौता नहीं होगाः मनोज पांडेय

मामले में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने दो टूक शब्दों में कहा कि हेमंत सोरेन को किसी की सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है. उन्होंने कहा कि झारखंड आदिवासियों और मूलवासियों का प्रदेश है और उनके लिए ही झारखंड का निर्माण हुआ है. रही बात जाहेरथान कि तो जो भी हेमंत सोरेन की सोच है निश्चित रूप से उसका पालन होगा. उन्होंने कहा कि जैन समाज की अपनी सोच है. उनका अपना धर्म और रीति-रिवाज है, लेकिन उनके रीति-रिवाजों को देखते हुए आदिवासी अपना रीति-रिवाज बदल दें, यह उचित नहीं होगा. हालांकि बलि के बाद हुई एफआईआर पर उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है, लेकिन राज्य में आदिवासी हितों से समझौता नहीं होगा.

बलि प्रथा अन्याय और जुल्मः रूमी खुर्शीद







वहीं दूसरी ओर मामले में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता रूमी खुर्शीद ने कहा कि बलि प्रथा आज से 100 साल पहले के मामलात हो सकते हैं, लेकिन आज के मॉर्डन युग में ये कुप्रथा नहीं चलेगी. ये अन्याय और जुल्म है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन गिरिडीह गए थे. वहां कुछ लोगों ने बलि दी थी. जिसपर एफआईआर दर्ज हुई थी. मैं मामले कार्रवाई की मांग करता हूं. उन्होंने कहा कि इसका विरोध हर स्तर पर होना चाहिए. समाज को ऊपर आने के लिए इन कुप्रथाओं से अलग हटना चाहिए. हम इसका समर्थन नहीं करते. महागठबंधन की सरकार इसका विरोध करती है और इसके खिलाफ जो संभव कार्रवाई होगी की जाएगी.

एक सवाल से जवाब में उन्होंने कहा कि राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद और कांग्रेस के गठबंधन से सरकार चल रही है. ऐसे में कोई एक दल कोई कार्यक्रम करना चाहेगा और कोई दूसरा दल उसका विरोध करेगा ऐसा नहीं चल सकता. इसके लिए महागठबंधन की को-ऑर्डिनेशन कमेटी बनी हुई है. कमेटी में जो चीजें तय होगी सरकार को उसका क्रियान्वयन करना है और इस सरकार को मजबूती से चलाने के लिए गठबंधन को साथ लेकर चलना होगा.

धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाना ठीक नहींः प्रदीप सिन्हा

इधर, जुग जाहेरथान को लेकर उठे विवाद के बीच भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि जानबूझकर किसी की धार्मिक भावना को ठेस नहीं पहुंचाना चाहिए.बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि कोई भी समाज हो उसके धर्म का हर लोगों को सम्मान करना चाहिए. पारसनाथ जैनियों का पवित्र तीर्थ स्थल है और वहां पर किसी भी तरह की हिंसा पर रोक है. जिन लोगों ने बलि दी थी उन लोगों पर मुकदमे हुए और प्रक्रिया के तहत नोटिस भेजी जा रही है.

समाज को लड़ाने वाले लोगों को किनारे करने की आवश्यकता है. पारसनाथ को लेकर समाज के बीच टकराव पैदा करने की कोशिश की जा रही है. एक पक्ष वहां अपना दावा करता रहा है, जबकि जैन धर्म के लोगों का पवित्र स्थान माना जाता है. पारसनाथ जैनियों के धार्मिक आस्था का केंद्र है. इसलिए इसके साथ खिलवाड़ करने की इजाजत कम से कम राज्य सरकार को तो नहीं ही देनी चाहिए.

**क्या है पूरा मामलाः** दरअसल, 19 जुलाई 2024 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन और समर्थकों के साथ दिशोम मांझीथान में पूजा करने गए थे. इस दौरान डीसी के साथ एसपी और बीडीओ भी मौजूद थे. मांझीथान में मुख्यमंत्री ने 10 बकरों को अक्षत खिलाया था. इसके बाद पूजा में मुख्य भूमिका निभा रहे बाबूराम सोरेन (भारती चलकरी) और पुजारी चांदोलाल टुडू से समाज के लोगों ने पूछा कि बकरों की बलि दी जाएगी या नहीं. उस समय यह बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा अक्षत खिलाए गए बकरों की बलि नहीं दी जाएगी तो किसकी बलि दी जाएगी बैसी के नेताओं का कहना है कि उस दिन जब मुख्यमंत्री मांझीथान से जाने लगे तो पुजारी के आदेशानुसार 10 बकरों में से एक की बलि दे दी गई. शेष 09 बकरों को लेकर मुख्यमंत्री के कुछ समर्थक वहां से चले गए.

आदिवासी नेताओं के अनुसार हम सभी आदिवासी लोग बकरे को अक्षत खिलाते हैं और वहीं पर उसकी बलि देते हैं. आदिवासियों के धार्मिक अनुष्ठानों में यही परंपरा रही है. यहां सीएम ने दोहरा चरित्र अपनाया. हम आदिवासी सवाल करते हैं कि अगर हेमंत सोरेन जी को जुग जाहेरथान, दिशोम मांझीथान और मरांग बुरु पर भरोसा है, तो वह इसका खुलकर ऐलान करें और जैन धर्म और आदिवासियों की संस्कृति के बीच भ्रम को दूर करने का संतुलित रास्ता निकालकर आदिवासी समाज का दिल जीतने का काम करें. आदिवासी धार्मिक नेताओं के अनुसार 19 जुलाई 2024 को पूजा के बाद बलि को असामाजिक बताकर मामला दर्ज कर दिया गया .

## अवैध अप्रवासियां निर्वासित

अंततः महिला, पुरुष और बच्चों सहित एक सौ चार अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर अमेरिकी सैन्य विमान भारत पहुंच गया। अमेरिका में उचित दस्तावेज के बिना रहने वाले इन भारतीयों में पंजाब, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के लोग हैं। वैसे तो अमेरिका अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करता रहता है, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरे कार्यकाल का भारत के लिए यह पहला निर्वासन है। इस संबंध में भारत और अमेरिका के बीच बात भी हो चुकी थी और ऐसा निर्वासन ट्रंप की चुनावी घोषणाओं में भी शामिल था। जहां कुछ अन्य देशों ने इस तरह के निर्वासन पर अपनी आपत्ति जताई वहां भारत ने इसे सहज स्वीकार किया है। कोई भी संप्रभु राष्ट्र ऐसे अप्रवासियों को बर्दाश्त नहीं कर सकता जो अवैध तरीके से पहुंच कर न केवल उनके आर्थिक संसाधनों पर बोझ बनते हैं, बल्कि कानून व्यवस्था के लिए भी संकट खड़ा करते हैं। अमेरिका सहित यूरोप के बहुत से देश इस तरह के अप्रवासन का संकट महसूस कर रहे हैं। स्वयं भारत भी अवैध घुसपैठियों की समस्या का सामना कर रहा है। यहां के राजनीतिक हलकों में हर दिन इसकी गूंज सुनाई देती है। इस समय भारत सरकार की नीति भी अवैध अप्रवासियों को रोकने की है जो पड़ोसी देशों से आकर बस गए हैं। भले ही इस पर कुछ समूह मानवाधिकार या नैतिकता का प्रश्न खड़ा करें लेकिन भारत के पास स्वयं अपनी स्थिति को देखते हुए इस निर्वासन को अमेरिकी शर्तों के साथ स्वीकार करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। वैसे भारत की जिम्मेदारी यह भी बनती है कि वह दोहरी व्यवस्था को चाक-चौबंद करे। पहली यह कि उसके यहां अवैध अप्रवासन न हो और दूसरी यह कि यहां से अवैध ढंग से पलायन न हो। भारत एक और गंभीर समस्या से जूझ रहा है कि बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी अमेरिका, यूरोप के देशों में जाकर बसते हैं, जो या तो भारत विरोधी हैं, या आपराधिक गतिविधियों में संलग्न हैं। ऐसे लोग भारत में प्रताड़ित होने का स्वांग रचते हैं, और सहानुभूति के नाम पर वहां की नागरिकता प्राप्त कर लेते हैं। अमेरिका और कनाडा से ऐसी घटनाएं उजागर हुई हैं जिन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को खतरे में डाला है। इसलिए भारत सरकार को प्रयास करना चाहिए कि अवैध तरीके से लोगों को विदेश भेजने वाले गिरोहों पर लगाम लगाए। उम्मीद की जानी चाहिए कि अमेरिका का निर्वासन का यह कदम भारत की अपनी निर्वासन नीति को भी मज़बूती प्रदान करेगा।

# सौंदर्य की अनुभूति में तादात्म्य पहली शर्त



अरुण कुमार दीक्षित

सौंदर्य आनंदित करता है। भारतीय दर्शन सौंदर्य को शब्दातीत मानता है। रामायण में सौंदर्य शब्द के स्थान पर रमणीय, शोभन और चारु शब्द आए हैं। वैदिक साहित्य में मनुष्य का मन सहज प्रकृति के दिव्य रूपों में रमण करता है। वैदिक कालीन अनुभूति प्रतीति को सौंदर्य कह सकते हैं। जब हम आनंद मगन हों तब सौंदर्य घटित होता है। जब सूर्य की अरुणाभा के दर्शन होते हैं तब सौंदर्य ही है।जब पक्षियों का कलरव ब्रह्म मुहूर्त में छंदबन जाए तब सौंदर्य समझो। जब आकाश गंगा रात्रि में जगमग उदीप्त दिखे तो सौंदर्य ही होता है। जब नदियां-झरने गीत गाते आगे बढ़ रहे हो तब वह सौंदर्य ही प्रवाहित होता है। जब अथाह जलराशि पर शुभ्र ज्योत्स्ना नर्तन में हो सौंदर्य है। नदी समुद्र में जब लहरें उफान मारती मचलती हैं तब सौंदर्य है। जब फूल खिलते हैं, सौंदर्य ही है। जब अनायास कोई गीत आपके हृदय में उमड़ आए तब वह ऋचा रूप सौंदर्य है। पूर्णिमा और अमावस्या दोनों सौंदर्य हैं। एक तमस का सौंदर्य तो दूसरा दीप्ति का सौंदर्य है। ऋतुराज बसन्त ऋतुओं का सौंदर्य है। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के शब्दों में सौंदर्य हमारी धारणा में निहित है। वह कहते हैं- सौंदर्य की विकृत अभिव्यक्ति ही कुरूपता है। कला आत्मविस्मृत आनंद से पोषित होती है। सौंदर्य अनुभूति, भावना कल्पना, संपूर्णता, कला और सौंदर्य शास्त्र की मूल अवधारणाएं हैं। वे न केवल कला को परिभाषित करते हैं, कला और सौंदर्य को जोड़ते भी हैं। कला मानवीय भावनाओं की अभिव्यक्ति है। यूनानी दार्शनिक अरस्तू का कहना है कि सुंदरता को मापा जा सकता है। सुंदरता के लिए व्यवस्था समरूपता और निश्चितता प्रमुख है। सुंदर शरीर के रूप को परिभाषित किया है। सुंदरता के लिए गणितीय विज्ञान का भी उपयोग किया। उसका मानना था कला प्रकृति की नकल करती है। अरस्तू ने सौंदर्य के साथ राजनीति और तत्व मीमांसा पर भी कई रचनाएं लिखी है। सौंदर्य मूल्य और कला के बारे में दार्शनिक जांच है। सौंदर्य बोध की प्रथम यात्रा है। सुंदरता नैतिक या शारीरिक आंतरिक सौंदर्य के रूप में व्यक्ति परक है। श्रीमद्भागवद गीता में सौंदर्य को सत्य कहा गया है। सांसारिक सौंदर्य कृष्ण के सर्वोच्च सौंदर्य की एक झलक है, आभा है। कृष्ण परम सत्य की अभिव्यक्ति हैं। दसवें अध्याय का 41वां श्लोक। रामचरितमानस के बालकांड में तुलसीदास ने राम के सौंदर्य पर लिखा है। उनके (राम) नील कमल और गम्भीर (जल से भरे हुए) मेघ के समान श्याम शरीर मे करोड़ों कामदेवों की शोभा है। लाल-लाल चरण कमल के नखों की (शुभ्र) ज्योति ऐसी मालूम होती है जैसे कमल के पत्तों पर मोती स्थिर हो गए हों। (पृष्ठ 182 बालकांड)। कालिदास ने मेघदूत में कई प्रकार के सौंदर्य का वर्णन किया है। नदी, पर्वत, वन, मेघ, पुष्पों और पक्षियों के सौंदर्य को अद्वितीय ढंग दिया है। यक्ष की कथा में अभूतपूर्व सौंदर्य की झलक है। सौंदर्य प्रसाधन का करोड़ों का कारोबार है। सुंदर दिखने की होड़ है। टीवी-सोशल मीडिया पर सुंदर दिखने और बनने के लाखों तरीके बताए दिखाए जा रहे हैं। नकली पलकें हैं। आंखों के बदलते रंग हैं, रंगों भीतर भी कई रंग हैं। नकली बालों को लगाने और रंगने का चलन बढ़ा है। पहले महिलाओं के लिए साज-सज्जा केन्द्र आये। अब पुरुषों के पार्लर बढ़े हैं। सौंदर्य प्रसाधन क्षेत्र में देशी-विदेशी कम्पनियों का भारी मुनाफा है। बात यहीं समाप्त नहीं होती। शरीर को काट कर सुंदर दिखने का चलन यूरोप की तर्ज पर बढ़ा है। दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे महानगरों में प्लास्टिक सर्जरी की मांग बढ़ी है। विज्ञापनों की भरमार है। अन्तस् का सौंदर्य बाजार में नहीं मिलता। सौंदर्य की अनुभूति में तादात्म्य (एम्पथी) पहली शर्त है। जब हम प्राकृतिक दृश्यों को देखते हैं तो केवल स्वयं एक सुखद अनुभूति में होते हैं। हम बगल में बैठे व्यक्ति का ध्यान सुंदर दृश्य की ओर खींचते हैं कि वह भी सौंदर्य का आनंद ले। सौंदर्य का व्यावहारिक पक्ष यही है कि प्रत्येक व्यक्ति सुंदर वस्तुओं से आकर्षित होता है। चाहे हंसता गुलाब, जूही-चम्पा, लीली और उस पर मंडराती तितलियां, रंगबिरंगी चिड़िया भौरें हों। मनोरम घाटियां, जगमग सितारे, भव्य पूर्णिमा के चांद का सौंदर्य आकर्षित करता हैं। प्रत्येक सुंदर वस्तु के दो पक्ष होते हैं- जड़ और चेतन। इंद्रियों से समझा जाने वाला रूप आकार और उसके माध्यम से अभिव्यक्त विचार, सौंदर्य अनुभूति, कला सृजन परस्पर संबंधित हैं। सौंदर्य शास्त्र का एक विषय के रूप में अध्ययन (स्टेथिक्स) कहलाता है। इसे स्वतंत्र विषय बनाने वाला 18वीं सदी का जर्मन दार्शनिक बामगार्टन था। भारत में सौंदर्य "रस" रूप में देखा गया है। सौंदर्य अनुभूति का सबसे सशक्त स्थल भरत मुनि ने रंगमंच को माना है, जहां प्रत्येक प्रेक्षक भाव विभोर होकर "रस" अनुभूति करता है। जिन चीजों में आनंद आता है उन सुंदर चीजों को देखकर हृदय बार- बार उसी ओर आकर्षित हो जाता है। उसकी छाया



पीछा करती है। गीत फूटने लगते हैं। यह भौतिक आनंद क्षणिक होता है। सौंदर्य विषय पर प्राचीनकाल से चिंतन मंथन है। कला शरीर है। सौंदर्य उसकी आत्मा है। सच्ची कला सौंदर्य का ही मूर्ति रूप होती है। कला बिना पढ़े समझ में आती है। प्राचीनकाल में मानव ने पर्वतों की गुफाओं में पशुओं सहित भिन्न प्रकार के चित्र उकेरे हैं। यह चित्र हमें उस पाषाण, पुरापाषाण काल की सूचनाएं देते हैं कि तब का मानव कैसा था। चित्र भाषा, मानव आत्मा की भाषा है। सौंदर्य का अस्तित्व भी इसलिए है कि दुनिया में कुरूपता भी है। यही कारण है कि सौंदर्य कुरूपता का परिष्कृत रूप है। गुण की पहचान अवगुण है। विशेष कर पश्चिमी देशों में सौंदर्य की प्रतियोगिताएं होती हैं। विश्व सुंदरी के चुनाव के लिए सौंदर्य प्रतियोगिता होती है। ऊपर से कुरूप व्यक्ति तब सुंदर दिखाई देगा जब उसके कार्यों में शुभता और लोकमंगल हो। सौंदर्य अनुभूति अन्य अनुभूतियों से भिन्न है। आंतरिक आनंद की भावना इस अनुभूति में बड़ी होती है। सौंदर्य की प्रशंसा और सम्मोहन इसका चरित्र है। सौंदर्य की अनुभूति को अंग्रेजी में (एम्प्थी) कहते हैं यह आवश्यक शर्त है। तादात्म्य के अभाव में सौंदर्य को पूरा का पूरा अनुभव नहीं किया जा सकता। गायक कुछ गा रहा है। एक चित्रकार चित्र बना रहा है।

अभिनेता अभिनय कर रहा है जो उसके साथ एकात्म हो जाए तभी वह उसके भीतर सौंदर्य की अनुभूति कर सकता है। दुनियाभर में सौंदर्य के प्रति विशेष दृष्टिकोण है। प्रत्येक व्यक्ति का अलग विचार है। आदर्शवादी सौंदर्य को केवल एक हृदय और मस्तिष्क से देखते हैं।

वस्तुओं में नहीं। इसके विपरीत यथार्थवादी उसे वस्तुओं में निहित एक ठोस वास्तविकता मानते हैं। (पृष्ठ 27, 33 सौंदर्य पुस्तक डॉ० राजेन्द्र वाजपेयी) हम सब प्रथम सौंदर्य का दर्शन अपने अंतःकरण में हृदय और मानव चक्षुओं से करते हैं। सौंदर्य सापेक्ष होता है। किसी विशेष वस्तु के सौंदर्य के संबंध में कोई सर्वमान्य अधिकृत मत नहीं दिया जा सकता है। कला प्रकृति के सौंदर्य को प्रतिध्वनित करती है। समस्त कला में सौंदर्य तत्व और आनंद तत्व विद्यमान रहता है। सुप्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक कांट ने सौंदर्य को कामना रहित आनंद बताया है। बौद्ध दर्शन में सौंदर्य दिव्य ज्योति और उज्ज्वल प्रकाश कहा गया है। उसकी अनुभूति मानव को बोध होने पर होती है। भारत में सौंदर्य को मूलतः रस रूप देखा गया है। ऋग्वेद में सौंदर्य को श्रीनाम से कहा गया है। उपनिषदों में भी रस के व्यापक अर्थ हैं। भारत में "रस" सिद्धांत का श्रेय भरत मुनि को जाता है। वहीं, अभिनव गुप्त भारतीय सौंदर्य दर्शन के विशिष्ट प्रवर्तक माने जाते हैं। आयुर्वेद में "रस" रसायन के अर्थों में है।

## सूडोकु नवताल- 7342

✱✲✲✲✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7341 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# तकलामाकन रेगिस्तान हरा-भरा

विनीत नारायण

हमारे पड़ोसी देश चीन ने पिछले सप्ताह एक बार फिर से सुर्खियां बनाई। इस बार भारत में घुसपैठ नहीं बल्कि भारत और दुनिया भर के लिए एक उदाहरण बना। चीन ने अपने नवाचार द्वारा एक रेगिस्तान को न सिर्फ रोका बल्कि उसे हरा-भरा भी कर दिया। चीन का यह विकास कार्य आज काफी चर्चा में है। 'मौत का सागर के रूप में जाने जाना वाला तकलामाकन रेगिस्तान 337,600 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसका आकार लगभग पश्चिमी देश जर्मनी के बराबर का क्षेत्र है। इसके विशाल रेत के टीलों और बार-बार आने वाले रेतीले तूफानों ने लंबे समय तक मौसम के पैटर्न को बाधित किया है। कृषि को खतरे में डाला है और मानव स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। जवाब में चीन ने एक व्यापक हरित अवरोध लागू किया है, जिसे रेगिस्तान के किनारों को लॉक करने और इसके नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र को स्थिर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन प्रयासों ने न केवल रेलवे और राजमागरे जैसे महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की रक्षा की है, बल्कि यह भी प्रदर्शित किया है कि टिकाऊ प्रौद्योगिकियां मरुस्थलीकरण का प्रतिकार कैसे कर सकती हैं। सौर ऊर्जा से संचालित सिंचाई पण्रालियों को एकीकृत करके, चीन पृथ्वी पर सबसे कठिन वातावरणों में से एक में वनस्पति को बनाए रखने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग कर रहा है। तकलामाकन रेगिस्तान के इस व्यापक पहल पर चार दशकों से काम चलाया गया। ग्रीनबेल्ट का पहला 2,761 किलोमीटर का काम कई वर्षो में पूरा हुआ, अंतिम चरण नवम्बर 2022 में शुरू हुआ, जिसमें रेगिस्तानी चिनार, लाल विलो और सैक्सौल पेड़ों जैसी लचीली, रेगिस्तान-अनुकूल प्रजातियों को रोपने के लिए 600,000 श्रमिकों को एक साथ लाया गया-जो शुष्क परिस्थितियों में जीवित रहने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं। ये पौधे कई उद्देश्यों की पूर्ति करते हैंः वे खिसकती रेत को सहारा देते हैं, रेगिस्तान के विस्तार को धीमा करते हैं और स्थानीय समुदायों को आर्थिक लाभ प्रदान करते हैं। यह परियोजना इतिहास में सबसे महत्त्वाकांक्षी पुनर्वनीकरण प्रयासों में से एक का प्रतिनिधित्व करती है, जो दुनिया भर में भूमि क्षरण से निपटने के लिए एक नई मिसाल कायम करती है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में ग्रीनबेल्ट का प्राथमिक लक्ष्य मरुस्थलीकरण को रोकना है, यह परियोजना दीर्घकालिक आर्थिक अवसर भी पैदा कर रही है। कुछ नये लगाए गए पेड़, जैसे कि रेगिस्तानी जलकुंभी में औषधीय गुण होते हैं, जो संभावित रूप से हर्बल चिकित्सा के लिए आकषर्क बाजार खोलते हैं। इसके अलावा, 2022 में, चीन ने हॉटन-रुओकियांग रेलवे का उद्घाटन किया, जो रेगिस्तान के चारों ओर दुनिया की पहली पूरी तरह से घिरी हुई रेलवे थी। 2,712 किलोमीटर लंबा रेलवे रेगिस्तानी शहरों को जोड़ता है, जिससे अखरोट और लाल खजूर जैसे स्थानीय कृषि उत्पादों को पूरे चीन के बाजारों तक पहुंचाना आसान हो जाता है, जिससे क्षेत्रीय व्यापार और विकास को और बढ़ावा मिलता है। खबरों के मुताबिक चीन पुनर्वनरोपण पर रोक नहीं लगा रहा है बल्कि तकलामाकन रेगिस्तान में एक विशाल नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना भी चल रही है। चाइना थ्री गोरजेस कॉर्पोरेशन 8.5 गीगावाट सौर ऊर्जा और 4 गीगावाट पवन ऊर्जा स्थापित करने की योजना का नेतृत्व कर रहा है, जिसके अगले चार वर्षो में पूरा होने की उम्मीद है। रेगिस्तान की बहाली को टिकाऊ ऊर्जा उत्पादन के साथ जोड़कर, चीन उस चीज़ को हरित विकास के अवसर में बदल रहा है जो कभी एक पारिस्थितिक चुनौती थी। ग़ौरतलब है कि तकलामाकन ग्रीनबेल्ट की सफलता मरु स्थलीकरण और भूमि क्षरण से निपटने के वैश्विक प्रयासों के अनुरूप है। इसी तरह की बड़े पैमाने की परियोजनाएं, जैसे कि अफ्रीका की ग्रेट ग्रीन वॉल, का उद्देश्य पूरे महाद्वीप में 8,000 किलोमीटर लंबे वृक्ष अवरोधक लगाकर सहारा रेगिस्तान के विस्तार को रोकना है। तकलामाकन रेगिस्तान का विकास कार्य समान पारिस्थितिक खतरों का सामना करने वाले अन्य देशों के लिए एक खाका के रूप में भी कार्य कर रहा है। यह उपलब्धि नवीन पर्यावरणीय समाधानों के प्रति चीन की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। हरित प्रौद्योगिकियों और बड़े पैमाने पर पुनर्वनीकरण का लाभ उठाकर, राष्ट्र ने न केवल अपने स्वयं के बुनियादी ढांचे और कृषि को सुरक्षित किया है, बल्कि भविष्य की वैश्विक रेगिस्तान बहाली परियोजनाओं के लिए भी मार्ग प्रशस्त किया है। भारत सहित सभी विकासशील देशों को चीन से सबक लेते हुए यह सीखना चाहिए कि विषम परिस्थितियों में भी विकास कार्य किए जा सकते हैं। ओछी राजनीति करने से किसी का भी लाभ नहीं होता।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने लिए लक्ष्य तय करते समय वर्तमान स्थिति पर जरूर ध्यान दें। जितने अधिक उलझन में रहेंगे, आपकी कार्यक्षमता कम होती हुई नजर आएगी। ऑफिस में आज सीनियर्स आपके अधूरे काम को देखकर आपपर दबाव बना सकते हैं। बेहतर होगा कि अपना काम समय से पूरा कर लें।

**वृष राशिः** आज आपका दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। टेलरिंग का काम करने वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है पुराना रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए ताजे फल खायें।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे रुके काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में ऑफिस के कलीग्स के साथ बाहर जा सकते हैं। व्यापार के मामलों में आपके साझेदार से अनबन हो सकती है, बेहतर होगा संयमित रहें।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज जिन लोगों के विरोध की वजह से आपके काम में रूकावट आ रही थी आज वह समाप्त हो जाएगी। आज स्वभाव में नेगेटिविटी लाने की बजाय अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। आज पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी।

**सिंह राशिः**आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके कठिन परिश्रम का अच्छा फल आपको मिलेगा इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आज अपने काम को गंभीरता से करें। समाज के लोग आज आपके व्यक्तित्व से खुश होंगे। आज किसी काम को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आज वाहन चलाते समय थोड़ी सावधानी बरतें।

**कन्या राशिः**आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर आपकी सरकारी कार्यवाही चल रही है तो आज आपको समाधान मिल सकता है। आज ऑफिस में बॉस को इम्प्रेस करने के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। हो सकता है सीनियर्स आज आपसे किसी बात पर नाराज हो जाएं। बेहतर होगा कि आप अपने सभी कामों को सावधानीपूर्वक करें।

**तुला राशिः**आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। विदेश जाने के लिए प्रयास कर रहे लोगों के लिए आज खुशखबरी मिलेगी। आज कोई महत्वपूर्ण काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। आज कुछ नया सीखने को मिल सकता है।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर.. पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**धनु राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। जिससे आपका आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है।

**मकर राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कोई निर्णय लेने से पहले उससे संबंधित सभी पहलुओं पर उचित सोच-विचार करेंगे। आज बिजनेस में सभी गतिविधियों पर ध्यान रखें। आज नया एग्रीमेंट हो सकता है। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**मीन राशिः**आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही कोई बिजनेस करने की सोच रही हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है। सिंगर्स का कोई गाना लोगों को काफी पसंद आएगा। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें, नहीं तो वह काम दोबारा करना पड़ सकता है।

# मुस्लिम मत भाजपा की ओर

अवधेश कुमार

भाजपा जब भी कोई चुनाव जीती है मुस्लिम मतों को लेकर विश्लेषण सामने आते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के साथ टीवी चैनलों से लेकर समाचार पत्रों, वेबसाइटों, यूट्यूब चैनलों पर ऐसी ध्वनियां निकल रही है कि मुसलमानों के एक बड़े वर्ग ने उसके पक्ष में मतदान किया। क्या वाकई ऐसा हुआ है? इमामों का एक संगठन चलाने वाले मौलाना ने मतदान के बाद वीडियो जारी करते हुए कहा कि मैंने भाजपा को मत दिया है। वे टीवी चैनलों पर दिखते हैं इसलिए उनका चेहरा मोटा-मोटी पहचाना है और भाजपा एवं संघ के विरुद्ध उनकी कट्टरता भी सब सामने है। उन्होंने कहा कि मैंने वोट इसलिए दिया क्योंकि कहा जाता है कि मुसलमान एकजुट होकर भाजपा के विरु द्ध मतदान करते हैं। इस धारणा को तोडऩे के लिए मैंने वोट दिया। उन्होंने दूसरा कारण आप के द्वारा मुसलमानों के खिलाफ आचरण को बताया। दरअसल, दिल्ली में केजरीवाल द्वारा घोषित इमामों का वेतन चुनाव तक 18 महीना से नहीं मिला था। इनका संगठन उसके लिए धरना प्रदर्शन कर रहा था, जिसका संज्ञान तक केजरीवाल और उनके साथियों ने नहीं लिया। क्या उनके अलावा किसी अन्य बड़े मुस्लिम चेहरे ने सामने आकर परिणाम के पहले घोषित किया कि उन्होंने भाजपा को मत दिया है? भाजपा की जीत के बाद लोग टीवी कैमरों के सामने आए और कह दिया कि हम नरेन्द्र मोदी जी और योगी जी अच्छा शासन चला रहे हैं, इसलिए समर्थन दिया है। दरअसल, मुस्लिम प्रभाव वाले मुस्तफाबाद और जंगपुरा सीट पर भाजपा की विजय के बाद से यह ध्वनि ज्यादा गुंजित हुई है। ये दोनों क्षेत्र मुस्लिम प्रभाव वाले हैं। अभी तक धारणा थी कि बगैर उनके समर्थन के कोई उम्मीदवार चुनाव जीत नहीं सकता। दिल्ली में 11-12 ऐसे क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। इसके अलावा भी 7-8 क्षेत्रों में मुसलमानों का प्रभाव है। इनमें चार सीटें भाजपा ने जीती हैं। किंतु इसके अलावा ये सारी सीटें एकपक्षीय आप को गई है। पहले मुस्तफाबाद को देखें। मुस्तफाबाद में भाजपा के मोहन सिंह बिष्ट ने आप के आदिल अहमद खान को 17 हजार 578 वोटों से हराया। यहां एआईएमआईएम के उम्मीदवार और 2020 दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को 33 हजार 474 वोट मिला और कांग्रेस के अली मेहंदी को केवल 11 हजार 763। ताहिर हुसैन ने जब कहा कि आपकी लड़ाई हमने लड़ी और आपके कारण जेल में हैं तो मुसलमानों के एक बड़े वर्ग की सहानुभूति मिली। ताहिर हुसैन को इतना वोट नहीं मिलता तो बिष्ट नहीं जीत पाते। आप सोचिए, कांग्रेस के उम्मीदवार को इतना कम मत मिला। जंगपुरा में तरविंदर सिंह मारवाह किसी तरह 675 मतों से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को हरा पाए। मुस्लिम मतदाताओं ने तरविंदर के पक्ष में मतदान किया होता तो जीत का अंतर ज्यादा होता। उनकी और पारिवार कि पृष्ठभूमि कांग्रेस की है। इस कारण मुस्लिम वोट उनको मिलता रहा है। इस बार आंकड़े ऐसा नहीं बताते। कांग्रेस के मुस्लिम मत काटने का उनको लाभ मिला। ईमानदारी से विश्लेषण किया जाए तो साफ





दिखाई देगा कि 2020 के दंगों में मुस्लिम नेताओं की भूमिका देखने के बाद गैर मुसलमानों के बीच थोड़ी एकजुटता हुई। दूसरे, पिछले लोक सभा चुनाव एवं महाराष्ट्र व हरियाणा विधानसभा चुनाव में राजनीतिक, मजहबी मुस्लिम नेताओं, शीर्ष मुस्लिम व्यक्तियों के द्वारा वोट को इस्लाम और दीन का विषय बनाने तथा भाजपा के विरुद्ध मतदान करने के फतवे आदि के कारण एकजुटता का सुदृढ़ीकरण हुआ है। केजरीवाल इसे भांपते हुए ही हिन्दुत्व पर मुखर हुए तथा पुजारियों और ग्रंथियों तक को 18 हजार रुपये वेतन देने की घोषणा की। जेल से बाहर आने के बाद उन्होंने वंदे मातरम और भारत माता की जय का नारा लगाया तथा भाजपा की ही तरह भारत को विश्व गुरु एवं महाशक्ति बनाने के लिए भाजपा को हराने का हवन कर दिया। इस कारण हिन्दुत्व के मुद्दे पर वैसी क्षति नहीं हुई जैसी इंडिया गठबंधन के अन्य दलों को हो रही है। दिल्ली में सबसे बड़ी दो जीत आप को मिली और वह मुस्लिम प्रभाव वाले क्षेत्र में ही। आप प्रत्याशी आले मुहम्मद इकबाल को मटियामहल से 42 हजार 724 वोट के अंतर से सबसे बड़ी जीत हासिल हुई। सीलमपुर से आप के चौधरी जुबैर अहमद 42 हजार 477 मतों से जीते जो दूसरी बड़ी जीत है। इससे पता चलता है कि मुस्लिम वोटो का रुख क्या रहा? मटियामहल से आले मुहम्मद ने भाजपा की दीप्ति इंदौर को हराया। आले को 58 हजार 120 और दिप्ती को केवल 15 हजार 396 मत मिला। यहां कांग्रेस के असीम अहमद को केवल 10 हजार 295 मत मिला। सीलमपुर में चौधरी जुबैर को 79 हजार 09 और भाजपा के अनिल शर्मा को 36 हजार 532 मत मिले और कांग्रेस के अब्दुल रहमान 16 हजार 551 तक सिमट गए। चांदनी चौक के 10 विधानसभा सीटों में चार मुस्लिम बहुल हैं। चारों में एक भी भाजपा नहीं जीत सकी। बल्लीमारान में भाजपा के पार्षद कमल बागड़ी को केवल 27 हजार 181 और दिल्ली कांग्रेस के प्रमुख मुस्लिम चेहरे और जाने-माने नेता हारून यूसुफ भी 13 हजार 569 मत पा सके जबकि आप के इमरान हुसैन को 57 हजार 04 मत मिला। सदर बाजार में आप के सोमदत्त को 56 हजार 177 वोट मिला और उन्होंने भाजपा के मनोज कुमार जिंदल को 6307 वोट से हराया। यह भी मुस्लिम प्रभाव वाले क्षेत्र है, लेकिन यहां हिन्दुओं और गैर मुसलमानों की भी बड़ी आबादी है।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❋; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❋समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ° यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 15 फरवरी, 2025



संक्षिप्त समाचार

## तिताईगंज में बंद पड़े घर से लाखों की चोरी, केस दर्ज



**गया, एजेंसी।** तिताईगंज मोहल्ले में बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया है। चोरों ने घर में रखे लाखों रुपये के घरेलू सामान, नकदी और जेवर की चोरी कर ली। टिकारी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। तिताईगंज मोहल्ले के केदार लाल गुप्ता ने केस दर्ज कराया है। शिकायत में कहा गया है कि विगत 22 जनवरी को केदार लाल गुप्ता परिवार सहित इलाज कराने बाहर गये थे। बुधवार को परिजनों ने घर का ताला टूटे होने की जानकारी दी। सूचना मिलते ही घर पहुंचा तो घर में रखे पीतल व अन्य धातु के बर्तन, कपड़े, जेवर व पचास हजार नगदी गायब थे। घर के सभी कमरे और अलमीरा के ताले टूटे हुए थे। पीड़ित ने तीन लाख रुपये के मूल्य का सामान चोरी होने का केस दर्ज कराया है। पीड़ित ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि घटनास्थल का जायजा लिया गया। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। संदिग्धों की पहचान की जा रही है।

## मजिस्ट्रेट के मौजूदगी में कब्र से निकली गई लाश



**वैशाली, एजेंसी।** बिहार के वैशाली से अचरज करने वाली खबर आ रही है. जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी अंजनी कुमार और अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर के आदेश पर गुरुवार को कब्र से एक युवती का शव बाहर निकाला गया. फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. शव रुबीना खातून (20) की है. वैशाली में कब्र से निकाला गया शव : दरअसल, पूरा मामला दाउदनगर लालवन टोला की है. रविवार की रात रुबीना खातून की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई. उसके परिवार वालों ने कब्र खोदकर उसे दफना दिया. तब स्थानीय लोगों ने मामले को संदिग्ध बताते हुए इसकी शिकायत एसएसपी से की. पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार सदर एसडीपीओ ओमप्रकाश और मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में गुरुवार को शव को बाहर निकाला गया. मौत की खबर आसपास के लोगों को भी नहीं हुई: परिजनों ने बताया को लड़की की अचानक मौत हो गई थी. इसलिए उसे दफना दिया गया. वहीं मौके पर पहुंचे एसडीपीओ सदर ओमप्रकाश ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है. जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि लड़की के मौत की खबर आसपास के लोगो को भी नहीं हुई. कब्र से शव निकालने के दौरान थानाध्यक्ष रवींद्र पाल सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे. डीएसपी ओम प्रकाश का कहना है कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है.पोस्टमर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.-

## शराब बेचने का विरोध करने पर चाकू से गोदा

**सीवान, एजेंसी।** सीवान के महाराजगंज थाना क्षेत्र के बेलदारी टोला गांव में शराब बेचने से मना करने पर शराब तस्कर ने एक व्यक्ति पर चाकुओं से जानलेवा हमला कर दिया। जख्मी की पहचान बेलदारी टोला निवासी बुंदीलाल चौहान के बेटे जयनाथ चौहान के रूप में हुई है। पीड़ित ने बताया कि पड़ोसी गांव बाल बंगरा का देव कुमार उनके गांव में अवैध शराब का धंधा करता था। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो देव कुमार ने उन पर चाकुओं से हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार, इससे पहले आरोपी ने उनके घर में शराब रखवाकर फंसाने की धमकी भी दी थी। गंभीर रूप से घायल जयनाथ को पहले अनुमंडल अस्पताल और फिर स्थिति गंभीर होने पर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर उनकी स्थिति को स्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं। महाराजगंज थानाध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें अभी तक घटना की औपचारिक सूचना नहीं मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सूचना मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# चुनावी साल में नीतीश कैबिनेट ने दी सौगात, 51 एजेंडों पर लगाई मुहर




**पटना , एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज राज्य कैबिनेट की अहम बैठक आयोजित हुई, जिसमें महत्वपूर्ण एजेंडे पर मुहर लगी है. इस बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े 51 एजेंडों पर मुहर लगाई गई. कैबिनेट ने राज्य के विकास और कल्याण के लिए कई नए प्रस्तावों को मंजूरी दी है. इनमें से कुछ प्रमुख फैसले सरकारी योजनाओं से संबंधित थे, जबकि कुछ फैसले प्रशासनिक सुधारों को लेकर थे.

### ग्रामीण कार्य विभाग

ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत 11,251 पथों की स्वीकृति दी गयी, जिसकी कुल लंबाई 19 हजार 867 किलोमीटर है. कैबिनेट से इन पथों की कुल लागत 17,266 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी. इससे सभी 38 जिलों में जितनी खराब सड़कें हैं, उनका सात साल तक दीर्घकालीन प्रबंधन एवं अनुरक्षण हो सकेगा.

### गन्ना किसानों को नीतीश का तोहफा

राज्य के चीनी उद्योगों के समक्ष उत्पन्न आर्थिक संकट के आलोक में चीनी मिलों को आर्थिक पैकेज के रूप में प्राइस सत्र 2022-23, 2023 24 और 2024 25 में क्रय किए गए गन्ने पर क्षेत्रीय विकास परिषद कमीशन के दर को एक मूल के दर का 1.80 प्रतिशत से घटकर 0.20त्न पुनर्निर्धारण करने की स्वीकृति.

### इन एजेंडों पर फोकस

51 एजेंडा में 37 एजेंडा ग्रामीण कार्य विभाग का था. मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत काम होगा. मगध महिला कॉलेज में साइंस बिल्डिंग जी प्लस 7 होगा. ऑडिटोरियम का भी निर्माण होगा. इस पर 47 करोड़ से अधिक राशि इस पर खर्च होंगे.

मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना में अब सरकार सत्र शुरू होते ही यूनिफॉर्म के लिए राशि दे देगी. पिछले साल के अटेंडेंस के अनुसार फैसला होगा. केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम यूनियन योजना का विस्तार. वित्तीय वर्ष 2025-26 तक होने के फल स्वरुप वित्तीय वर्ष 2025-26 में उक्त योजना के कार्यान्वयन हेतु 295.44 करोड रुपए राशि की स्वीकृति. जयप्रकाश विश्वविद्यालय अंतर्गत राजेंद्र कॉलेज छपरा के परिसर में शैक्षणिक भवन जी प्लस 4 सभागार चहारदीवारी तथा परिसर विकास के लिए 61 करोड़ 42 लाख 83604 की स्वीकृति.

कृष्ण कुमार यादव अधीक्षक राजकीय अतिथि शाला पटना की संविदा अवधि 1 साल तक यह नियमित अधीक्षक की नियुक्ति होने तक विस्तारित किए जाने की स्वीकृति. औद्योगिक प्रोत्साहन नीति 2006 से आच्छादित इकाइयों को एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति.

### प्रशासनिक सुधारों पर ध्यान

कैबिनेट ने प्रशासनिक सुधारों की दिशा में भी कदम बढ़ाया है. सरकारी कार्यालयों में कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, और कई नई व्यवस्थाएं लागू करने का निर्णय लिया गया.

### बजट से संबंधित अहम निर्णय

वित्तीय वर्ष के अंत तक बजट के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। कैबिनेट ने राज्य के विभिन्न विभागों के लिए बजट आवंटन को स्वीकृति दी, ताकि विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जा सके. यह बैठक राज्य की विकासात्मक योजनाओं और प्रशासनिक सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है.

### विभिन्न योजनाओं को मिली मंजूरी

बैठक में राज्य सरकार की कई नई योजनाओं को मंजूरी दी गई. इनमें ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि के क्षेत्र में सुधार करने के लिए योजनाओं का समावेश किया गया है. इसके अलावा, किसानों को राहत देने के लिए विशेष योजनाओं की घोषणा की गई है. बिहार उच्च न्यायालय के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीशों और भूतपूर्व न्यायाधीशों की घरेलू सहायता संशोधन नियमावली 2025 की स्वीकृति दी गई.

## भोजपुर में स्कूटी-बाइक के बीच हुई टक्कर, 4 युवक घायल

### पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

### एक की हालत गंभीर, पटना रेफर



**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** आरा-बक्सर फोरलेन गजराजगंज ओपी अंतर्गत छोटकी सासाराम पड़ाव के समीप गुरुवार की देर शाम बाइक-स्कूटी की सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों गाड़ियों पर सवार चार युवक बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद गजराजगंज ओपी पुलिस की गश्ती टीम के द्वारा आनन-फानन में सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में स्कूटी पर सवार गजराजगंज ओपी क्षेत्र के छोटकी सासाराम गांव निवासी लल्लू तुरहा के बेटे राजा कुमार (18) और श्रीराम बिन्द के बेटे आदित्य कुमार (21) और बाइक पर सवार कारीसाथ गांव निवासी अनूप सिंह के बेटे किशन सिंह (17) और बीबीगंज गांव निवासी सतीश कुमार केशरी के बेटे पुष्कर कुमार (17) सिंह शामिल हैं। इधर, घटना की जानकारी देते हुए किशन ने बताया कि वो अपने दोस्त पुष्कर के साथ मैट्रिक की होने वाली परीक्षा को लेकर अपने दोस्त के पास छोटकी सासाराम गांव हुआ था। जबकि जख्मी राजा अपने गजराजगंज बाजार स्थित मछली के दुकान से अपने दोस्त आदित्य के साथ बाइक से गांव जा रहा था। इसी बीच छोटकी सासाराम के समीप दोनों गाड़ियों की आपस में भिड़ंत हो गई। इसके बाद सभी जख्मियों को रोड पर छटपटाते देख गश्ती की टीम ने तुरंत बिना लेट किए हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचे। वहीं ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि एक युवक राजा के सिर में काफी गंभीर चोटे आई है ,जिसे प्राथमिक उपचार के बाद उसे पटना रेफर कर दिया है।

# महाकुंभ के लिए सरकारी कर्मी और शिक्षकों को 2 दिनों की छुट्टी



**गया, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ में देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, लेकिन जो सरकारी नौकरी में हैं वे छुट्टी नहीं होने के कारण इसमें शामिल नहीं हो पा रहे हैं. इसको लेकर बिहार की बाराचट्टी विधायक ज्योति मांझी ने सीएम नीतीश कुमार के समक्ष बड़ी मांग रखी है. ज्योति मांझी ने मुख्यमंत्री को लिखित आवेदन दिया है, जिसमें दो दिनों की सरकारी छुट्टी घोषित करने की मांग की है.

### गया पहुंचे थे सीएम

गुरुवार को सीएम नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के तहत गया पहुंचे थे. गया में उन्होंने कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इस क्रम में बाराचट्टी की विधायक ज्योति मांझी ने आवेदन दिया. सरकारी नौकरी कर रहे शिक्षक और कर्मियों के लिए दो दिनों की सरकारी छुट्टी की मांग की है ताकि ये लोग महाकुंभ स्नान के लिए जा सके. बाराचट्टी की विधायक ज्योति मांझी का कहना है कि सरकारी शिक्षक और कर्मी रोज काम करने जाते हैं. इन लोगों की मांग है कि महाकुंभ में जाने के लिए छुट्टी की घोषणा की जाए. सीएम नीतीश कुमार से मांग है कि सारे सरकारी कर्मी और शिक्षकों को दो दिनों की सरकारी छुट्टी दी जाए.

**सरकारी कर्मियों के लिए दिखायी दरियादिली :** ज्योति मांझी ने गुरुवार को पत्रकार से बात करते हुए अपनी मांग को रखा. कहा कि सरकारी कर्मी नियम से बंधे हैं. उनकी दिनचर्या व्यस्त है. कई शिक्षकों और अन्य विभाग के सरकारी कर्मियों ने मुझसे कहा कि वह बिहार में सरकारी कर्मियों को महाकुंभ स्थान का अवसर दिलाएं. मुझे भी लगा कि यह अच्छी बात है. इसे लेकर मैं मुख्यमंत्री से प्रार्थना की और उन्हें लिखित आवेदन भी दिया कि वह महाकुंभ स्नान के लिए दो दिनों की सरकारी छुट्टी घोषित करें.

### मांग पूरा करेंगे सीएम

विधायक ज्योति मांझी ने यह भी विश्वास जताया है कि उनकी मांग पूरी हो जाएगी. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस मांग को पूरा करेंगे. कहा कि यदि दो दिनों की छुट्टी बिहार में घोषित होती है तो सरकारी कर्मियों को प्रयागराज महाकुंभ स्नान का अवसर मिलेगा. उनकी आस्था और इच्छा पूरी होगी.

### ज्योति मांझी कौन हैं?

आपकों बता दें कि ज्योति मांझी केंद्रीय मंत्री सह गया सांसद जीतन राम मांझी की समधन हैं. हम पार्टी के बाराचट्टी से विधायक हैं. जीतन राम मांझी की बहू भी इमामगंज से विधायक है. उपचुनाव 2024 में इस सीट से दर्ज की थी. इसके अलावा जीतन राम मांझी के बेटे संतोष सुमन भी एमएलसी सह बिहार सरकार में मंत्री हैं.

# बिहार में सौ प्रतिशत एनडीए की सरकार बनेगी और 225 सीट जीतेंगे: जीतन राम मांझी

### लालू यादव भविष्यवक्ता नहीं.. उनके घर में क्या हो रहा है सुने हैं..




**पटना, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने लालू प्रसाद यादव को लेकर बड़ा बयान दिया है और कहा है कि लालू यादव भविष्यवक्ता नहीं हैं. वह अपने भविष्य के बारे में सोचें. उनके घर में क्या हो रहा है, वह भी हम सुन रहे हैं. इसीलिए उन्हें अपने भविष्य की चिंता करनी चाहिए.

### लालू यादव भविष्यवक्ता नहीं

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि बिहार में फिर से नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बन रही है और एनडीए गठबंधन 225 से ज्यादा सीट पर इस बार चुनाव जीत रहा है. इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कोशिश कर रहे हैं और इस बार भागलपुर में वह 24 फरवरी को आ रहे हैं. इसीलिए लालू यादव अगर किसी के बारे में भविष्यवाणी कर रहे हैं तो वह कहीं से भी उचित नहीं है. केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि लालू अपने भविष्य के बारे में क्यों नहीं कहते हैं. अपने बारे में बताते कि क्या होगा. उनके घर में क्या हो रहा है, पता है. बिहार में सौ प्रतिशत एनडीए की सरकार बनेगी और 225 सीट जीतेंगे.

### मणिपुर मुद्दे पर मांझी का बयान

जीतन राम मांझी से जब सवाल किया गया कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया तो उन्होंने कहा कि ऐसे समय में मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करना उचित है. उन्होंने कहा कि वहां के मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दे दिया था. किसी और को मुख्यमंत्री बनाने की चर्चा हो रही थी, लेकिन केंद्र में बैठी हुई सरकार ने सोचा कि वहां पर राष्ट्रपति शासन लगाना उचित है. उससे लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति सही होगी तो उन्होंने जो निर्णय लिया राष्ट्रपति शासन लगाने का वह निर्णय अच्छा है.

**नीतीश के बेटे की राजनीति में एंट्री पर मांझी:** मांझी से सवाल किया गया कि नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार बिहार की राजनीति में आने वाले हैं, ऐसी चर्चा है तो उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जो बिहार का नागरिक है, वह राजनीति में आ सकता है. इसमें कोई गलत बात कहां है. इसीलिए आप लोग जो कह रहे हैं उसका सिर्फ हम यही जवाब देंगे कि बिहार की राजनीति में कोई भी व्यक्ति आ सकता है.

### क्या कहा था लालू यादव ने?

लालू यादव ने दावा किया है कि दिल्ली चुनाव का असर बिहार पर नहीं पड़ेगा. उन्होंने कहा कि बिहार में कैसे बीजेपी सरकार बना लेगी. बीजेपी को लोग जान गए हैं.



## मुजफ्फरपुर में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर, एसडीओ बोले-15 दिन पर फिर होगी कार्रवाई

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार में मुजफ्फरपुर में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने गुरुवार को अहियापुर थाना क्षेत्र के जीरो माइल से मेडिकल कॉलेज तक अतिक्रमणकारियों पर बुलडोजर चलाया. इस दौरान अस्थाई दुकानदारों के बीच अफरातफरी मची रही. वहीं, सैकड़ों की संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे. वहीं एसडीओ अमित कुमार ने कहा है कि अस्थाई दुकान के कारण आमजन को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है.

**मुजफ्फरपुर में अवैध दुकानों पर चला बुलडोजर:** जाम की समस्या से निजात को लेकर पहले भी कई बार अस्थाई दुकानों को हटाया गया था, लेकिन फिर दोबारा से अस्थाई दुकान लग जाने के कारण जाम की समस्या फिर से उत्पन्न हो गई है. आम नागरिकों को जीरो माइल से लेकर मेडिकल और बैरिया बस स्टैंड जाने में अस्थाई दुकानों के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

**15 दिन पर अस्थाई पर चलेगा बुलडोजर :** अस्थाई दुकान के कारण आमजन को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. जिस वजह से जिला प्रशासन की ओर से एक अभियान चलाया जा रहा है. मेडिकल के पास एक पार्किंग जोन बनाया जाएगा. जिससे जीरो माइल से मेडिकल जाने में लोगों को परेशानी नहीं होगी. महीने के हर 15 दिन पर अस्थाई दुकान को हटाया जाएगा. मुजफ्फरपुर के एसडीओ अमित कुमार का कहना है कि पूरे शहर में अतिक्रमणकारियों का कब्जा है. शहर से लगे इलाके में सड़क किनारे यहां-वहां फुटपाथ की दुकान खुले हैं तो कहीं गुमटी, ठेला और फुटपाथ पर ही दुकानें सजाई गई हैं. कुछ दुकानदार अपनी दुकानों के आगे बड़े-बड़े शेड बनाकर उसमें अपनी दुकानों के साथ समान सजा रखे हैं.

# नमामि गंगे परियोजना में लापरवाही:दीघा में 30 हजार घरों में कनेक्शन जोड़ने का काम बचा



## 7 हजार से अधिक मेनहोल अधूरा

**पटना, एजेंसी।** नमामि गंगे परियोजना के तहत दीघा और कंकड़बाग क्षेत्र में सिवर लाइन बिछाने से लेकर हाउस कलेक्शन के लिए बड़ी संख्या में सड़कों की खुदाई की जा रही है। लेकिन सड़क को खोदकर छोड़ दिया जा रहा है। सड़क खोदने के बाद वाटर पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो रहे हैं।

साथ ही पुराने ड्रेनेज भी तोड़ दिए जा रहे हैं। इसके चलते एक तरफ जहां सड़क पूरी तरह से जर्जर हो रही है, वहीं सड़क पर पानी भरने से जलजमाव से परेशानी बढ़ रही है। कंकड़बाग और दीघा के बड़े इलाके में नमामि गंगे की परियोजना में बड़ी लापरवाही दिख रही है। बुडको की देखरेख में यह प्रोजेक्ट चल रहा है। लेकिन बुडको के अधिकारी व इंजीनियर निर्माण साइट का निरीक्षण नहीं कर रहे हैं। एजेंसी के हवाले सबकुछ छोड़ दिया गया है। शहर में 145 जगहों पर सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है और इसके चलते लोगों की मुश्किलें बढ़ रही है।

### दीघा व कंकड़बाग में 10736 मेनहोल अबतक नहीं बना

सीवरेज नेटवर्क से लेकर घरों के सीवेज लाइन को जोड़ने और मेनहोल बनाने का काम बड़े स्तर पर बाकी है। दीघा में सीवरेज नेटवर्क का विस्तार 303 किमी में है। इसमें मात्र 129 किमी का काम ही हो सका है। इसी तरह अभीतक 11314 मेनहोल में से केवल 4215 की संख्या में ही मेनहोल का निर्माण किया जा सका है। अभी 7209 मेनहोल पूरे नेटवर्क में बनना बाकी है। कंकड़बाग एसटीपी प्रोजेक्ट के तहत 150 किमी नेटवर्क में सिर्फ 54.08 किमी का ही निर्माण हो सका है। इस हिस्से में भी 3527 मेनहोल बनाने का काम अधूरा है। दीघा और कंकड़बाग को मिलाकर

### डेढ़ साल पिछड़ गया एसटीपी का निर्माण

दीघा में बनने वाला एसटीपी 100 एमएलडी क्षमता का है, जो राज्य का सबसे बड़ा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट है। इसी तरह कंकड़बाग एसटीपी प्रोजेक्ट 50 एमएलडी का है। इन दोनों ही एसटीपी से शहर के बड़े हिस्से से निकलने वाले गंदे पानी को साफ करके गंगा में डालने की योजना है। दोनों ही परियोजना की लागत 1187.86 करोड़ है।

शरह में 10736 मेनहोल का निर्माण अबतक शुरू नहीं हो सका है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 15 फरवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### स्कॉर्पियो और 25 लाख न देने पर विवाहिता को लगा दिया एचआईवी संक्रमित इंजेक्शन, पति है नेगेटिव

**सहारनपुर , एजेंसी।** गंगोह कोतवाली क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को प्रताड़ित किया और एचआईवी संक्रमित इंजेक्शन लगा दिया, जिससे विवाहिता संक्रमित हो गई। अदालत के आदेश पर गंगोह कोतवाली में मामला दर्ज किया है। क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें बताया कि उन्होंने फरवरी 2023 में अपनी बेटी की शादी जसवावाला थाना पीरान कलियर (हरिद्वार) निवासी युवक से की थी। शादी में कार और 15 लाख रुपये नकद दिए थे। इससे नाखुश ससुराल पक्ष शादी के बाद स्कार्पियो कार और 15 लाख की जगह 25 लाख रुपये देने की मांग कर रहा था। उन्होंने दहेज की मांग पूरी करने से इन्कार कर दिया, जिस पर ससुरालियों ने विवाहिता को घर से निकाल दिया।

पंचायत के दबाव में कुछ समय बाद उसे ससुराल भेजा गया, लेकिन प्रताड़ना जारी रही। आरोप है कि ससुराल वालों ने पीड़िता को जान से मारने की नीयत से कुछ दवाइयां दीं और उसे एचआईवी संक्रमित इंजेक्शन तक लगा दिया। उसके साथ मारपीट भी की गई। जब परिजनों को इस साजिश की जानकारी मिली, तो वह तुरंत उसे अस्पताल ले गए, जहां जांच के दौरान पीड़िता को एचआईवी संक्रमित पाया गया। हालांकि, पति की जांच में वह एचआईवी नेगेटिव पाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### बस की टक्कर से बच्ची घायल, हालत नाजुक, अलीगढ़ इलाज के लिए ले गए परिजन

**अलीगढ़ , एजेंसी।** गांव मझोला निवासी एक बच्ची को घर के बाहर खेलते समय एक निजी बस ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। चालक बस छोड़कर भाग गया।

कासगंज से दिल्ली जाने वाली एक निजी बस ने 13 फरवरी को गांव मझोला में घर के बाहर रोड किनारे खेल रही तीन साल की बच्ची प्रियांशी पुत्री लक्ष्मण सिंह को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची की रोने की आवाज सुनकर घरवाले व पड़ोसी बाहर आ गए। लोगों आता देख चालक बस लेकर भागने लगा।

### एसएन मेडिकल कॉलेज की 19 वर्षीय छात्रा ने की आत्महत्या, फंदे पर लटकी मिली लाश

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन टेक्निकल का कोर्स कर रही कौशांबी की रहने वाली 19 वर्षीय छात्रा ने शोहदे से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। पिता का कहना है कि बेटी लोहामंडी स्थित किराए के मकान में रहती थी। वह रोजाना उन्हें बता रही थी कि एक युवक काफी समय से परेशान कर रहा है। फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। इससे वह तनाव में आ गई। बदनामी के डर की वजह से उन्होंने कहीं कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई। दो दिन पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के पास युवक का मोबाइल नंबर है। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

### महाकुंभ में भ्रामक पोस्ट करने वाले 22 और सोशल मीडिया अकाउंट पर केस, छानबीन में जुटी पुलिस

**प्रयागराज , एजेंसी।** महाकुंभ से जोड़कर भ्रामक पोस्ट करने पर पुलिस ने 22 और सोशल मीडिया अकाउंट पर मुकदमा दर्ज किया है। दो पुराने वीडियो मेले से जोड़कर पोस्ट किए गए हैं। बीते माह में कुल 53 सोशल मीडिया अकाउंट पर केस दर्ज हो चुका है। पहला वीडियो मिस्त्र देश का है। 14 जुलाई वर्ष 2020 में हुए अग्निकांड से संबंधित वीडियो को भ्रामक रूप से महाकुंभ का बता अफवाह फैलाई जा रही थी। वीडियो के माध्यम से बताया गया कि महाकुंभ में तीसरी बार आग लगने से बस स्टैंड पर 40 से 50 गाड़ियां जलकर राख हो चुकी हैं।

# 52 फीसदी विकास दर होने का अनुमान, 2025-26 में 1.5 लाख करोड़ ज्यादा लोन लेंगे छोटे उद्यमी



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर देश में सबसे तेज विकास करने वाले क्षेत्रों में से एक होगा। नाबार्ड ने वर्ष 2025-26 में पिछले वित्त वर्ष की तुलना में एमएसएमई सेक्टर में 52 फीसदी विकास दर का अनुमान लगाया है। पिछले वर्ष छोटे उद्यमियों ने 2.91 लाख करोड़ रुपये का लोन लिया था, जो आगामी वित्त वर्ष में बढ़कर 4.45 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। साफ है 1.5 लाख करोड़ रुपये के अधिक लोन इंडस्ट्री की सेहत में मजबूती का संकेत है।

प्रदेश में पारंपरिक क्लस्टरों की मौजूदगी लगातार मजबूत हो रही है। इससे एमएसएमई सेक्टर में अप्रत्याशित बदलाव आए हैं। देश में सर्वाधिक एमएसएमई इकाइयां यूपी में हैं। देश में करीब 6.33 करोड़ छोटी इकाइयां हैं, जिसमें यूपी की हिस्सेदारी 14 फीसदी है। नाबार्ड के मुताबिक एमएसएमई सेक्टर ने 1.4 करोड़ से ज्यादा लोगों को रोजगार दिया है। पिछले एक वर्ष में ही 18 लाख रोजगार पैदा हुए हैं।

खासतौर पर एक जिला एक उत्पाद, युवाओं को कौशल विकास, एमएसएमई नीति ने पूरे सेक्टर में बड़ा बदलाव किया है। छोटी इकाइयों द्वारा निर्यात पर पहली बार फोकस किया गया है। प्रदेश के निर्यात में हस्तशिल्प उत्पाद, प्रसंस्कृत मीट और चर्म उत्पादों के अतिरिक्त सॉफ्टवेयर, बीपीओ, इलेक्ट्रानिक्स और खाद्य प्रसंस्करण ने सबसे तेज ग्रोथ की है। इसी का नतीजा है कि निर्यात ऋण बढ़ रहा है। वर्ष 2025-26 में निर्यात के लिए 5,627 करोड़ रुपये के लोन का अनुमान किया गया है, जो अब तक की सबसे बड़ी राशि होगी। नाबार्ड के मुताबिक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान प्रदेश में स्वरोजगार की नई लकीर खींचेगा। इस अभियान का असर अगले वर्षों में दिखाई देगा और तकनीकी व निर्माण इकाइयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उत्तर प्रदेश में ऋण प्रवाह मुख्य रूप से फसल उत्पादन की ओर केंद्रित है, जबकि कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

एमएसएमई मंत्र राकेश सचान का कहना है कि एमएसएमई सेक्टर प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। मुख्यमंत्री एमएसएमई सेक्टर की मॉनिटरिंग खुद करते हैं। ईज ऑफ डूइंग और बैंकों द्वारा लोन की स्वीकृति की संख्या बढ़ाने के लिए लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पंकज कुमार का कहना है कि कृषि और एमएसएमई क्षेत्रों में अपार संभावना है। इन दोनों सेक्टरों को ऋण देने पर अधिक ध्यान दिया जाए, ताकि राज्य सरकार के दस खरब डालर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य पूरा हो सके।

## वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरें, महाकुंभ के चलते लग रहे जाम से निपटने को लेकर सीएम योगी के निर्देश



**लखनऊ, एजेंसी।** महाकुंभ के कारण प्रयागराज सहित प्रदेश के कई जिलों में बनी भीषण जाम की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरें। हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करें। जहां जाम होगा वहां के अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रयागराज महाकुंभ नगर, प्रयागराज जनपद, अयोध्या, वाराणसी और आसपास के सभी जिलों में कहीं भी सड़क पर जाम ना लगे।

**लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर करीब 25 किमी लंबा जाम लगा:** प्रदेश में महाकुंभ के पलट प्रवाह से अवध के अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर और बाराबंकी में बृहस्पतिवार को भयंकर जाम की स्थिति का सामना करना पड़ा। सबसे बुरा हाल अयोध्या का है। प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं का पलट प्रवाह सबसे ज्यादा रामनगरी की ओर है। इस कारण बृहस्पतिवार को 10 लाख से अधिक श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। हालात नियंत्रण करने के लिए जिले की सीमा से ही वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है। गोरखपुर, गोंडा, लखनऊ, रायबरेली, अंबेडकरनगर मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया है।

## कार्यकर्ता को छुड़ाने पहुंचे विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष, थाने में जमकर हुआ हंगामा



**बरेली , एजेंसी।** बरेली के फरीदपुर में अपने ही अपहरण की फर्जी सूचना दिलवाने वाले भाजपा कार्यकर्ता को इंस्पेक्टर ने थाने में बैठाया तो खासा हंगामा हो गया। नाराज विधायक ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंचकर गुस्सा जताया। एसएसपी को कॉल करके शिकायत करते हुए इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

गांव गोविंदपुर के मजरा हुलासपुर निवासी गुड्डी देवी ने पुलिस को तहरीर दी कि बुधवार शाम उसका बेटा 20 वर्षीय सोनू खेत पर गया था। वहां उनके विरोधी अनिल व तीन अन्य व्यक्ति बाइक से पहुंचे और सोनू को जबरन गांव में ले आए।

आरोपियों ने सोनू को तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। दो घंटे बाद सोनू किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर घर पहुंचा। सोनू के मामा कमालपुर निवासी दीनदयाल ने यूपी 112 को कॉल करके मामले की शिकायत की। आरोप है कि इंस्पेक्टर ने मदद की बात कहकर थाने बुलवाया और सोनू व दीनदयाल को ही हवालात में बैठा लिया।

महिला ने लगाया ये आरोप

महिला का आरोप है कि उनके परिजनों ने आरोपी अनिल के खिलाफ पहले रिपोर्ट कराई थी। इसके बाद अनिल पक्ष उन्हें गांव से भगाने की धमकी दे रहा था। अनिल पक्ष पर कार्रवाई न होने व अपने बेटे और भाई को हवालात में बैठाने की शिकायत महिला ने फरीदपुर विधायक प्रो. श्यामबिहारी लाल से की।

विधायक के मुताबिक, उन्होंने इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह से मामा-भांजों को छोड़कर उनकी मदद करने के लिए कहा। आरोप है कि इंस्पेक्टर ने बात नहीं मानी। तब रात में विधायक व भाजपा के आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ बृहस्पतिवार देर शाम थाने पहुंचे। यहां कुछ देर हंगामा हुआ। सूचना पर फरीदपुर सीओ आशुतोष शिवम भी थाने पहुंच गए। तब पुलिस ने सोनू व दीनदयाल को छोड़ दिया।

### विधायक बोले- कार्यकर्ता के उत्पीड़न पर आवाज उठाएंगे

विधायक ने बताया कि हुलासपुर गांव में सूरजपाल भाजपा के बूथ अध्यक्ष हैं। सोनू उनका भतीजा है। उसकी मां ने कॉल की तो उन्होंने उसकी मदद के लिए इंस्पेक्टर से कहा था। अपहरण का आरोप सही है या गलत, पुलिस को इसकी जांच करनी चाहिए थी। पीड़ित को ही थाने में बैठाना सही नहीं है। एसएसपी से इंस्पेक्टर की शिकायत की है। बताया है कि वह सपा की मानसिकता से काम कर रहे हैं और अक्सर पीड़ित को ही थाने में बैठा लेते हैं। कार्रवाई न हुई तो सदन में आवाज उठाएंगे। एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने कहा कि किसी ग्रामीण ने अपने ही अपहरण की फर्जी शिकायत कर दी थी। दो बार गलत शिकायत करने पर उसे थाने बुलाकर चेतावनी दी थी। उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। इसी दौरान विधायक फरीदपुर थाने पहुंचे तो उन्हें स्थिति से अवगत कराने के बाद ग्रामीण को घर भेज दिया गया। गलतफहमी की वजह से ऐसा हुआ। कोई खास बात नहीं है।

## राशन दुकानों पर हल्ला: हरियाणा से सप्लाई हुआ घुन लगा गेहूं, अलीगढ़ में वितरण पर रोक



**अलीगढ़ , एजेंसी।** हरियाणा और पंजाब से कुछ ऐसा गेहूं भी सप्लाई हो गया जिसमें घुन लगा हुआ था। राशन की कुछ दुकानों पर हल्ला मचने के बाद फिलहाल अलीगढ़ में इन गेहूं के वितरण पर रोक लगा दी गई है। अब जांच कराने के बाद ही गेहूं का वितरण किया जाएगा। फिलहाल एफसीआई गोदाम से भी राशन की दुकानों को यह गेहूं सप्लाई नहीं किया जाएगा। शिकायतें गूंजने पर सप्लाई विभाग की टीम ने भी 5 दुकानों पर जांच की है।

पिछले दिनों 26 जनवरी तक एफसीआई के कासिमपुर स्थित गोदाम से शहर की 1350 राशन की दुकानों को वितरण के लिए गेंहू की आपूर्ति की गई। कुछ दुकानों पर गेहूं वितरण के दौरान खराब गेहूं निकलने की शिकायतें गूंजी थीं। गेहूं में घुन लगा थी। सीलन भी नजर आ रही थी। कुछ लोगों ने बताया कि फफूंद भी थी। विभाग की जांच में भी एक दो दुकानों पर खराब गेहूं की बात सामने आई थी। अफसरों का कहना है कि यह गेहूं हरियाणा और पंजाब का था। फिलहाल इस गेहूं के वितरण पर रोक लगा दी गई है।

**10 हजार कुंतल गेहूं की सप्लाई हुई:** कोटेदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय विक्रम सिंह कहते हैं कि 26 जनवरी तक गोदाम 10 हजार कुंतल गेहूं आपूर्ति हुई है। इसमें ही वह गेहूं जो रैक में नीचे रह जाता है उसकी गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते हैं। कुछ राशन दुकानदारों ने भी घुन लगे गेहूं की शिकायत की थी। इसके बाद विभाग से शिकायत की गई।

**यहां पर पहुंचा है घुन लगा गेहूं:** अब तक जांच में पता चला है कि घुन लगा गेहूं शहर के एटा चुंगी क्षेत्र के साथ-साथ इगलास और खैर की दुकानों पर भी पहुंचा है। एटा चुंगी में तीन दुकानों पर स्टाक चेक किया गया है।

## बिजली बिल के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू, 15 फरवरी 2025 तक अंतिम मौका; जल्द उठा लें लाभ



**आगरा, एजेंसी।** बिजली के पुराने बकाया बिल पर ब्याज में छूट सिर्फ शनिवार तक ही मिलेगी। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के 37.50 लाख उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करना था, लेकिन बृहस्पतिवार शाम तक केवल 8 लाख उपभोक्ताओं ने ही बकाया बिल जमा किया है, जिनसे केवल 522 करोड़ रुपये मिले हैं, जबकि बकाया बिल 5,416 करोड़ रुपये है। निजीकरण से पहले पावर कॉरपोरेशन ने अपना बकाया बिल वसूलने के लिए 15 दिसंबर से 15 फरवरी के बीच एकमुश्त समाधान योजना चलाई। इसमें दिसंबर में पंजीकरण कराने पर ज्यादा छूट और उसके बाद ब्याज में छूट कम होती चली गई। बिजली का बकाया बिल जमा करने को लेकर उपभोक्ताओं ने इस योजना में रुचि नहीं दिखाई। हाल ये है कि महज दो दिन बाकी है, पर 10 फीसदी बकाया बिल भी जमा नहीं हो पाया है। दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के 21 जिलों में 5,416 करोड़ रुपये बकाया बिल था, लेकिन 522 करोड़ रुपये ही मिल पाए हैं। आगरा, मथुरा, एटा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, बांदा, झांसी, कानपुर और कानपुर देहात के जोन में एकमुश्त समाधान योजना में 10 फीसदी तक ही बकाया बिल जमा हो सका है।

## 22 महीने के मासूम को 26 करोड़ के इंजेक्शन का इंतजार, दर-दर भटक रहे मां-बाप

**अलीगढ़ , एजेंसी।** दुर्लभ बीमारी से जूझ रहे 22 महीने के बच्चे को 26 करोड़ रुपये का इंजेक्शन लगवाने के लिए उसके माता-पिता प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। यह बच्चा डचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) नामक गंभीर आनुवांशिक बीमारी से ग्रसित है। जिसमें शरीर की मांसपेशियां धीरे-धीरे कमजोर होने लग जाती हैं। इसकी जिंदगी बचाने के लिए एकमात्र उम्मीद एक जीवनरक्षक जीन थेरेपी इंजेक्शन, (डेलैंडिस्ट्रोजीन मोक्सेपरवोवेक आरओकेएल) है, जिसकी कीमत 26 करोड़ रुपये है।

मूल रूप से जबलपुर मध्यप्रदेश के रहने वाले स्वप्निल खुराना निजी अतंरराष्ट्रीय बैंक में काम करते हैं। वह आईटीआई रोड पर किशोर नगर पर रहते हैं। अलीगढ़ की रहने वाली हरमीत कौर से उनकी शादी दिसंबर 2021 में हुई थी। जब उनके यहां बेटा अंगद पैदा हुआ तो बेहद खुशी का माहौल था। डेढ़ साल तक जब बच्चे के चलने की शुरुआत नहीं हुई तो चिकित्सकों से संपर्क किया गया। जांच के सिलसिले में दंपती बंगलुरु और जबलपुर पहुंचे। यहां पर कई टेस्ट कराने के बाद पता चला कि मामला गंभीर है। बच्चे को डीएमडी नाम की गंभीर बीमारी है। जिसके इलाज के लिए 26 करोड़ रुपये के एक इंजेक्शन की जरूरत है।

स्वप्निल कहते हैं कि एक महीने तक तो समझ नहीं सके कि करना क्या है। इसके बाद थोड़ी हिम्मत की और लोगों से मदद की गुहार की। लोगों ने क्राउड फंडिंग की सलाह दी। जिसके बाद अब प्रशासन से मदद की गुहार कर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों से मदद की उम्मीद में प्रशासनिक अधिकारियों से अपील कर रहे हैं।

गेस्ट हाउस में कर्मचारी टरकाते रहे

स्वप्निल और हरमीत 12 फरवरी को अधिकारियों से मिलने नुमाइश गेस्ट हाउस पहुंचे तो कर्मचारी उन्हें टरकाते रहे। बोले अधिकारी व्यस्त हैं। उनसे कहा गया कि अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। उनका जब मैसेज आ जाएगा तब मिलवा दिया जाएगा। कई घंटे तक इंतजार के बाद भी जब मुलाकात नहीं हुई तो स्वप्निल और हरमीत लौट गए।



## जारी छापों में एसएनके पान मसाला समूह की राजफाश हुई अरबों की अघोषित संपत्तियां

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** कर चोरी करने वाले उद्योगपतियों पर सरकार का शिकंजा लगाता जारी है ,जिसके क्रम में एसएनके पान मसाला समूह और उससे जुड़े कारोबारियों के देशभर में 47 ठिकानों पर जारी छापेमारी के दौरान अबतक बड़ी संख्या में जमीनों के दस्तावेज और बोगस कंपनियों के रिकॉर्ड मिले हैं।

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक इस छापेमारी में कन्नौज, फर्रुखाबाद, नोएडा, दिल्ली, मुंबई, गोवा समेत दक्षिण भारत के कई शहरों के 45 ठिकानों पर अब तक अरबों की अघोषित संपत्तियां का राजफाश हुआ है।

वहीं समूह के चेयरमैन स्थित स्वरूप नगर आवास से करीब 12 करोड़ रुपए की कैश रिकवरी भी हुई है। वहीं कन्नौज में चल रही छापेमारी के दौरान वहां भी कैश बरामद किया गया है। वहां नोटों को गिनने के लिए मशीन भी लाई गई है। इस बीमारी की अभी दो-तीन दिन और जारी रहने की भी संभावना बताई गई है। सूत्रों ने बताया कि कर चोरी के खिलाफ इस छापेमारी में सफलता के लिए दिल्ली, मुंबई से आए फॉरेंसिंक एक्सपर्ट ने ठिकानों से मिले कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को खंगाला है।

**देशभर में एस एन के समूह के 47 ठिकानों पर लगातार जारी छापेमारी में अबतक कन्नौज, फर्रुखाबाद, नोएडा, दिल्ली, मुंबई, गोवा समेत दक्षिण भारत के कई शहरों में अरबों की अघोषित संपत्तियां का हुआ राजफाश ,50 करोड़ से ज्यादा की कर चोरी का अनुमान,मिले जमीनों के दस्तावेज और बोगस कंपनियों के भी रिकॉर्ड**

सूत्रों के अनुसार, कई अहम डेटा डिवाइस से डिलीट भी मिले हैं। अबतक की जांच पड़ताल में समूह और इनके सहयोगियों के यहां बड़ी टैक्स चोरी भी उजागर हुई है। फिलहाल इस छापेमारी में अबतक 50 करोड़ से अधिक की टैक्स चोरी भी मिली है। वहीं 100 से अधिक बोगस कंपनियां भी सामने आने के साक्ष्य मिले हैं। जिनकी छानबीन में लगातार जारी है।

अवगत कराते चलें कि एस एन के पान मसाला समूह में इसके पहले भी कर चोरी के खिलाफ कई बार छापे मारी की जा चुकी है ,जिसमें भी करोड़ों की कर चोरी का पर्दाफाश भी हो चुका है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 15 फरवरी, 2025



# मणिपुर में मैतेई राष्ट्रपति शासन के खिलाफ, कुकी का समर्थन

एजेंसी, इंफाल

21 महीने से जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू करने के फैसले का मैतेई समुदाय ने विरोध किया है। वहीं कुकी समुदाय के लोग केंद्र सरकार के फैसले से खुश हैं। मैतेई समुदाय का कहना है कि एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य में जल्द किसी सक्षम व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। राष्ट्रपति शासन लागू करने का फैसला ठीक नहीं है। कुकी समुदाय की संस्था ITLF ने कहा कि राष्ट्रपति शासन लगाने का फैसला सही है। CM बदलने से कुछ नहीं होता। फोरम कुकी समुदाय के लिए अलग प्रशासन की भी मांग कर रहा है। वहीं, मणिपुर भाजपा अध्यक्ष शारदा देवी ने कहा कि, 'विधानसभा अभी भी निलंबित अवस्था में है। कुछ समय बाद हालात को देखते हुए



सदन चलाने पर विचार हो सकता है।' केंद्र सरकार ने राज्य में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया था। यह फैसला मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के 4 दिन बाद लिया गया। सिंह ने 9 फरवरी को गवर्नर को इस्तीफा सौंपा था। राहुल बोले- PM को तुरंत मणिपुर जाना चाहिए एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राहुल गांधी ने कहा कि हिंसा, जान-माल के नुकसान के बावजूद पीएम मोदी ने एन बीरेन सिंह को पद पर बनाए रखा। लेकिन अब लोगों की तरफ से बढ़ते दबाव, सुप्रीम कोर्ट की जांच और कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव की वजह से एन बीरेन सिंह इस्तीफा देने को मजबूर हो गए।

X पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस वक्त सबसे जरूरी बात यह है कि राज्य में शांति बहाल की जाए और मणिपुर के लोगों के घावों को भरने का काम किया जाए। पीएम मोदी को तुरंत मणिपुर जाना चाहिए, वहां के लोगों की बात सुननी चाहिए और

## भाजपा अध्यक्ष बोलीं- विधानसभा भंग नहीं सस्पेंड है, हालात देखकर फैसला होगा

यह बताना चाहिए कि वे हालात सामान्य करने के लिए क्या योजना बना रहे हैं। हिंसा पर बीरेन सिंह ने कहा था- मुझे माफ करें दिसंबर 2024 को मणिपुर के CM बीरेन सिंह ने राज्य में हुई हिंसा और उसमें हुई जनहानि को लेकर माफी मांगी थी। बीरेन सिंह ने कहा था कि पूरा साल बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा है। इसका मुझे बहुत दुख है। 3 मई 2023 से लेकर आज तक जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए मैं राज्य के लोगों से माफी मांगता हूं। CM बीरेन सिंह ने सेक्रेटेरिएट में मीडिया से चर्चा के दौरान कहा- कई लोगों ने अपने प्रियजन को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे वास्तव में खेद है। मैं माफी मांगना चाहता हूं। मणिपुर में 3 मई 2023 से कुकी-मैतेई समुदाय के बीच हिंसा जारी है। मैतेई-कुकी समुदाय के बीच भड़की हिंसा को 600 से ज्यादा दिन बीत चुके हैं। बीरेन ने बताया, 'मणिपुर में मई 2023 से अक्टूबर 2023 तक गोलीबारी की 408 घटनाएं दर्ज की गईं। नवंबर 2023 से अप्रैल 2024 तक 345 घटनाएं हुईं। मई 2024 से अब तक 112 घटनाएं सामने आई हैं।' हालांकि राज्य में पिछले महीने से शांति है। हिंसा की कोई घटना नहीं हुई। छिटपुट प्रदर्शन के लिए भी लोग सड़कों पर नहीं उतरे। सरकारी दफ्तर रोजाना खुल रहे हैं और स्कूल में बच्चों की तादाद बढ़ रही है।

## केंद्र-आंदोलनकारी किसानों की 5वीं वार्ता




**चंडीगढ़।** फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) समेत अन्य मांगों को लेकर हरियाणा-पंजाब के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों की आज (14 फरवरी) चंडीगढ़ में केंद्र के साथ 5वें दौर की वार्ता होगी। किसानों की तरफ से इसमें 28 किसान नेता शामिल होंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) की तरफ से जगजीत डल्लेवाल और किसान मजदूर मोर्चा के सरवन पंधेर इनकी अगुआई करेंगे। खनौरी बॉर्डर पर 81 दिन से आमरण अनशन कर रहे डल्लेवाल एम्बुलेंस में चंडीगढ़ पहुंचे हैं। इस मीटिंग में केंद्र की तरफ से केंद्रीय खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी और पंजाब सरकार की तरफ से कृषि मंत्री गुरमीत खुड्डियां शामिल होंगे। यह मीटिंग चंडीगढ़ के सेक्टर 26 स्थित मगसीपा ऑफिस में शाम 5 बजे होगी। सरवन पंधेर ने चेतावनी दी कि अगर मीटिंग में हल नहीं निकला तो किसान दिल्ली कूच करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### केरल रैगिंग- कॉलेज आरोपी सीनियर्स को निकाल सकता है

**कोट्टायम।** केरल में कोट्टायम में नर्सिंग के स्टूडेंट्स के साथ रैगिंग के मामले में कॉलेज प्रबंधन पांचों आरोपी छात्रों को कॉलेज से निकाल सकता है। फिलहाल आरोपियों को सस्पेंड किया गया है। इस मामले में विपक्षी गठबंधन यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) ने शुक्रवार को दावा किया कि आरोपियों का लेफ्ट की स्टूडेंट विंग स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI) से संबंध है। विपक्ष के नेता वीडी सतीशन ने आरोप लगाया कि कोट्टायम रैगिंग मामले के आरोपी SFI के सदस्य हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि केरल गवर्नमेंट नर्सिंग स्टूडेंट एसोसिएशन (KGNSA) का भी SFI से संबंध है। सतीशन ने कहा कि आरोपी KGNSA से भी जुड़े हैं और उनमें से एक संगठन में महत्वपूर्ण पद पर है। हालांकि, SFI और सरकार ने इन दावों को खारिज किया और कहा है कि उसका आरोपियों से कोई संबंध नहीं है। केरल के उच्च शिक्षा मंत्री आर बिंदु ने कहा कि कोट्टायम रैगिंग घटना के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्या है पूरा मामला केरल के एक सरकारी नर्सिंग कॉलेज में 12 फरवरी को जूनियर्स के साथ रैगिंग का मामला सामने आया था। पांच सीनियर छात्रों ने 3 स्टूडेंट के पहले कपड़े उतारे। फिर उनके प्राइवेट पार्ट पर डंबल (भारी वजन) लटका दिया था। सीनियर्स ने बाद में कंपास और नुकीली वस्तुओं से भी छात्रों को घायल किया। इसके बाद जख्म पर लोशन लगाया। ताकि दर्द और बढ़े। जब पीड़ित दर्द से चिल्लाने लगे, तो उनके मुंह में भी लोशन डाल दिया। तीनों पीड़ित फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट हैं और तिरुवनंतपुरम के रहने वाले हैं। पुलिस ने इस मामले में 13 फरवरी को 5 आरोपी छात्रों को गिरफ्तार किया था। गांधीनगर पुलिस ने बताया था कि सभी को 2 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा है। उन्हें एंटी-रैगिंग अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया।




### ईशा फाउंडेशन केस- SC का पॉल्यूशन बोर्ड से सवाल, कैसे कह सकते हैं कि योग सेंटर शैक्षणिक संस्थान नहीं

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को ईशा फाउंडेशन केस से जुड़ी याचिका पर सुनवाई की। यह याचिका तमिलनाडु पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की तरफ से लगाई गई है। याचिकाकर्ता की मांग है कि, दिसंबर 2022 में मद्रास हाईकोर्ट ने ईशा फाउंडेशन को जारी कारण बताओ नोटिस को रद्द करने का आदेश दिया था। इस आदेश पर रोक लगाई जाए। जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि, आप कैसे कह सकते हैं कि योग सेंटर शैक्षणिक संस्थान नहीं है? जब राज्य दो साल बाद अदालत का दरवाजा खटखटाता है, तो हमें संदेह होता है। मामला कोयंबटूर के वेल्लियांगिरी पहाड़ियों पर बने ईशा फाउंडेशन योग सेंटर से जुड़ा है। तमिलनाडु सरकार ने पॉल्यूशन क्लियरेंस लिए बिना कंस्ट्रक्शन करने के लिए ईशा फाउंडेशन को 19 नवंबर 2021 को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।



### महाराष्ट्र में GB सिंड्रोम का कारण सी.जेजुनी बैक्टीरिया NIV में जांच के दौरान 30% केस में मिला

**मुंबई।** महाराष्ट्र में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (GBS) के बढ़ते मामलों के पीछे कैम्पिलोबैक्टर जेजुनी (सी. जेजुनी) बैक्टीरिया होने का दावा किया गया है। राज्य में GB सिंड्रोम संदिग्ध मरीजों की संख्या 205 हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुणे से सामने आए GB सिंड्रोम पॉजिटिव केसों की जांच में 20 से 30 फीसदी मामलों में सी. जेजुनी पाया गया है। ये नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ वायरोलॉजी (NIV) में की गई है। कैम्पिलोबैक्टर जेजुनी बैक्टीरिया आमतौर पर पेट में संक्रमण का कारण बनता है, ये GB सिंड्रोम को ट्रिगर करता है। ये बैक्टीरिया दूषित पानी और खाने में होता है। इससे नर्व डिसऑर्डर का खतरा बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक गुरुवार को 2 नए मामले सामने आए। 205 में से 177 में GB सिंड्रोम की पुष्टि हुई है। अबतक 8 मरीजों की मौत हुई है। वर्तमान में 20 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। ठाणे सहित दूसरे जिलों में जिला परिषद ने वाटर डिसइन्फेक्शन कैंपेन शुरू किया गया है। कैंपेन के जरिए ठाणे, पुणे सहित दूसरे जिलों के ग्रामीण इलाकों में लोगों को शुद्ध पानी पीने के लिए जागरूक किया जा रहा है। पुणे में GB सिंड्रोम के बढ़ते मामलों के लिए प्रदूषित जल कारण माना जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक सार्वजनिक स्थानों, ग्राम पंचायत कार्यालयों, स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों सहित 5430 से ज्यादा वाटर सोर्स का निरीक्षण किया जाएगा।




### कुतुब मीनार-हुमायूं के मकबरे को वक्फ प्रॉपर्टी बताया, ऐसे 280 स्मारकों के नाम शामिल

**नई दिल्ली।** संसद को सौंपी गई संयुक्त संसदीय समिति (JPC) की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि देश में राष्ट्रीय महत्व के करीब 280 स्मारकों को वक्फ बोर्ड ने अपनी जायदाद घोषित किया हुआ था। इन स्मारकों में ज्यादातर राजधानी दिल्ली में हैं। इनमें कुतुब मीनार, फिरोजशाह कोटला, पुराना किला, हुमायूं का मकबरा, जहांआरा बेगम की कब्र, कुतुब मीनार क्षेत्र में स्थित आयरन पिलर (लौह स्तंभ), इल्तुतमिश का मकबरा जैसे स्मारकों पर भी वक्फ का दावा है। समिति की सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने इन स्मारकों की फेहरिस्त सौंपी थी। इसके अलावा शहरी विकास मंत्रालय ने कमेटी को बताया कि भूमि एवं विकास विभाग की 108 और DDA की 130 संपत्तियां वक्फ के कब्जे में दी गईं। वक्फ ने बाद में इन स्मारकों पर अपना दावा बताया। एक समय देश में वक्फ बोर्ड की 52 हजार रजिस्टर्ड संपत्तियां थीं। आज 9.4 लाख एकड़ जमीन पर 8.72 लाख अचल संपत्तियां हैं।

### ग्वालियर से किडनैप बच्चा 14 घंटे बाद मिला, मुरैना में छोड़कर भागे बदमाश

**ग्वालियर।** ग्वालियर से गुरुवार सुबह करीब 8 बजे किडनैप हुआ शक्कर कारोबारी का 6 साल का बेटा शिवाय 14 घंटे बाद रात करीब 10 बजे मिला। बदमाश उसे मुरैना में बंशीपुर के कांजी बसई गांव में ईंट भट्टे के पास छोड़कर भाग गए थे। शिवाय यहां एक जगह पर खड़ा रो रहा था। वहां से गुजरे एक ई-रिक्शा वाले ने उसे पहचान लिया कि वह ग्वालियर से किडनैप हुआ है। उसने बच्चे को कांजी बसई गांव के सरपंच को सौंप दिया। सरपंच ने बच्चे के माता-पिता और पुलिस से संपर्क किया। जिसके बाद पुलिस वहां पहुंची। पुलिस ने बच्चे को अपनी निगरानी में लिया। उसकी वीडियो कॉल पर मां-पिता से बात कराई। रात में ही पुलिस की टीम शिवाय को लेकर ग्वालियर उसके घर पहुंची। बेटे को देखते ही मां-पिता के आंसू निकल आए। पुलिस के मुताबिक, फिलहाल ये पता नहीं चल सका है कि अपहरणकर्ता कौन थे और वारदात के पीछे क्या मकसद था? शिवाय ने बताया- बाइक वाले अंकल मुझे एक खेत में ले गए थे। वहां मुझे एक अंकल के पास रखा। मुझे रस्सी से भी बांधा गया था। वह मुझे बिस्किट्स और चॉकलेट खाने के लिए दे रहे थे, लेकिन मैंने नहीं खाए। मैंने मम्मी के पास जाने के लिए कहा तो बाइक वाले अंकल कह रहे थे कि तेरे पापा से पहले पैसे लेंगे। इसके बाद रात होने पर मुझे एक खेत के पास छोड़कर चले गए। मुझसे कहा कि कुछ दूर चलेगा तो तेरा घर आ जाएगा। कुछ दूर चलने के बाद घर नहीं आया तो मैं रोने लगा। फिर वो गांव वाले अंकल आ गए थे।

# गुजरात में बच्चे को 16 करोड़ का इंजेक्शन दिया गया

एजेंसी, अहमदाबाद

गुजरातियों ने एक बार फिर मानवता दिखाई है। चार साल पहले, गुजराती गोधरा के एक बच्चे की जान बचाने के लिए जरूरी 16 करोड़ रुपए जुटाने सड़कों पर उतर आए था। ऐसा ही अब हिम्मतनगर में हुआ है। यहां एक गरीब परिवार के 20 महीने का बच्चे को 16 करोड़ रुपए के इंजेक्शन की जरूरत थी। परिवार की गुहार पर लोगों ने पैसे इकट्ठे करने का अभियान शुरू किया और आखिरकार यह रकम जमा कर ली गई। बीते सोमवार को अमेरिका से यह इंजेक्शन अहमदाबाद पहुंचा और मंगलवार की शाम बच्चे को इसके डोज दिए गए। डॉक्टर्स का कहना है कि अब उसकी हालत में सुधार होना शुरू हो गया है। गुजरात में एसएमए टाइप-1 से पीड़ित किसी बच्चे को इंजेक्शन दिए जाने का पहला मामला है। पहले जानिए, एसएमए



♦ अमेरिका से 72 घंटे में पहुंचा, गुजरातियों ने 1 महीने में ही चंदे से जमा किए रुपए

टाइप-1 बीमारी के बारे में बच्चे का इलाज करने वाले रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड न्यूरोसाइंस के डॉ . संजीव मेहता का कहना है कि स्पाइनल मस्कुलर अट्रोफ़ी (एसएमए) टाइप 1, एक आनुवंशिक बीमारी है। यह मांसपेशियों की कमजोर करना शुरू कर देती है।

# यूक्रेन का दावा- रूस ने चेर्नोबिल पर ड्रोन अटैक किया

एजेंसी, कीव

यूक्रेन के चेर्नोबिल एटॉमिक प्लांट पर गुरुवार रात को ड्रोन हमला हुआ। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस अटैक का आरोप रूस पर लगाया है। जेलेंस्की ने कहा कि गुरुवार देर रात विस्फोटकों से लैस एक रूसी ड्रोन ने चेर्नोबिल प्लांट के कॉन्क्रीट से बने सेफ्टी कवच पर हमला किया। हमले में इस कवच को नुकसान पहुंचा है। जेलेंस्की के मुताबिक, यह हमला तबाह हो चुके पावर रिएक्टर नंबर-4 पर किया गया। हमले के चलते इमरात में आग लग गई थी, जिसे बुझा दिया गया है। 1986 में हुए चेर्नोबिल ब्लास्ट के बाद रेडिएशन रोकने के कॉन्क्रीट की यह एक शील्ड बनाई गई थी। इसके अलावा किसी और नुकसान या रेडिएशन का लेवल बढ़ने की कोई खबर नहीं है। वोलोदिमीर जेलेंस्की ने VIDEO पोस्ट किया यूक्रेनी राष्ट्रपति



वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें चेर्नोबिल प्लांट की इमारत से तेज रोशनी निकलती दिख रही है। इसके बाद पूरा आसमान धुएं से भर जाता है।

इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी ने बताया कि यूक्रेन में स्थानीय समय के मुताबिक रात करीब 2 बजे यह हमला किया गया। 1986 में हुआ था चेर्नोबिल न्यूक्लियर प्लांट में ब्लास्ट 26 अप्रैल 1986 में चेर्नोबिल के न्यूक्लियर पावर प्लांट में ब्लास्ट हुआ था। यहां काम कर रहे 32 कर्मचारियों की मौत हो गई थी। सैकड़ों कर्मचारी रेडिएशन की चपेट में आ गए थे। तब रूस नहीं सोवियत संघ होता था। इस ब्लास्ट में मारे

♦ जेलेंस्की ने वीडियो शेयर किया, बोले- रेडिएशन रोकने वाली कॉन्क्रीट शील्ड को नुकसान पहुंचा

गए लोगों की सही संख्या आज नहीं नहीं पता चल सकी है। हालांकि, 50 लाख लोग प्लांट में हुए हादसे से निकले रेडिएशन का शिकार बने थे। इससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की वजह से 4,000 से भी अधिक लोगों की मौत हुई। सोवियत संघ ने हमले को छिपाने की कोशिश की थी, लेकिन स्वीडिश रिपोर्ट आने के बाद विस्फोट की बात मानी गई। सोवियत संघ के बंटवारे के बाद चेर्नोबिल यूक्रेन के हिस्से आ गया था।

# ट्रम्प ने सभी देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ लगाया बोले- भारत टैरिफ लगाने में सबसे ऊपर

एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने PM मोदी से मुलाकात के 2 घंटे पहले भारत समेत सभी देशों पर जैसे को तैसा टैरिफ (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाने का ऐलान किया है। रेसिप्रोकल टैरिफ यानी जो देश अमेरिकी सामान पर जितना टैरिफ लगाएगा, अमेरिका भी उस देश के सामान पर उतना ही टैरिफ लगाएगा। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने इससे जुड़े नए टैरिफ पॉलिसी पर गुरुवार रात दस्तखत किए। ट्रम्प ने प्रेस ब्रीफिंग में भारत पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- "मुझे याद है कि जब हार्ले डेविडसन भारत में अपनी मोटरबाइक नहीं बेच पा रही थी, क्योंकि भारत में टैक्स बहुत ज्यादा था, टैरिफ बहुत ज्यादा था और हार्ले को मैन्युफैक्चरिंग बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। मुझे लगता है कि टैरिफ से बचने के लिए उन्हें भारत में एक फैक्ट्री लगानी पड़ी। हम भी ऐसा ही कर सकते हैं। टैरिफ से बचने के लिए वे हमारे यहां फैक्ट्री या प्लांट लगा सकते हैं।"

## भारतीय अप्रवासियों का दूसरा विमान भेजने की तैयारी




ट्रम्प ने क्यों लगाया रेसिप्रोकल टैरिफ ट्रम्प ने कुछ दिन पहले मीडिया से कहा था कि अब रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) होने का समय आ गया है। अब आप लगातार रेसिप्रोकल शब्द सुनेंगे। अलग दूसरे देश पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाते हैं तो हम भी उन पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प का मानना है कि दूसरे देश अमेरिका के मुकाबले में बहुत ज्यादा टैरिफ लगाकर अमेरिका को धोखा दे रहे हैं। दूसरे देशों की तरह ही आयात कर लगाने से निष्पक्ष व्यापार होगा और अमेरिकी सरकार में कमाई में बढ़ोतरी होगी। व्हाइट हाउस ने इसे लेकर कहा था कि अन्य देश अमेरिका को लूट रहे हैं।

यही वजह है कि राष्ट्रपति का मानना है कि यह एक बेहतरीन पॉलिसी होगी जो अमेरिकी वर्कर्स को फायदा देगी और हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा में सुधार करेगी। भारत पर क्या असर पड़ेगा? अगर अमेरिका ने भारत पर टैरिफ बढ़ाया तो इससे नुकसान होगा। भारत अपना 17% से ज्यादा विदेशी व्यापार अमेरिका से करता है। अमेरिका, भारत के एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स जैसे फल और सब्जियों का सबसे बड़ा खरीदार है। 2024 में अमेरिका ने भारत से 18 मिलियन टन चावल भी इम्पोर्ट किया है। अगर अमेरिका ने भारत पर टैरिफ लगाया तो अमेरिकी बाजारों में भारतीय प्रोडक्ट्स महंगे बिकने लगेंगे। इससे अमेरिकी जनता के बीच इनकी डिमांड कम हो जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर रोक बढ़ाई

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (14 फरवरी) को पूर्व ट्रेनी IAS पूजा खेडकर की गिरफ्तारी पर लगी रोक 17 मार्च तक बढ़ा दी। कोर्ट ने 15 जनवरी को हुई पिछली सुनवाई में गिरफ्तारी पर रोक लगाई थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने खेडकर को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। खेडकर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कोर्ट में बताया कि खेडकर जांच में सहयोग कर रही हैं लेकिन पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए नहीं बुलाया है। वहीं, कोर्ट ने पूजा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर दिल्ली पुलिस को जवाब दाखिल करने के लिए दिया गया समय भी बढ़ाया है। पूजा पर संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) परीक्षा पास करने के लिए अन्य पिछड़ा



पूर्व ट्रेनी IAS पर UPSC परीक्षा में धोखाधड़ी का आरोप, 18 मार्च को अगली सुनवाई

वर्ग (OBC) और दिव्यांगता कोटे से आरक्षण लेने के लिए धोखाधड़ी करने का आरोप है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश पलटा पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट का 23 दिसंबर 2024 का आदेश पलट दिया था। पूजा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा ने कहा था कि हाईकोर्ट के आदेश में कुछ ऐसी टिप्पणी हैं जो ट्रायल शुरू होने पर पूजा के खिलाफ प्रयोग हो सकते हैं।

# रणवीर अलाहबादिया की अर्जेंट हियरिंग की मांग खारिज

एजेंसी, नई दिल्ली

यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया ने अब सुप्रीम कोर्ट में अपील की है। अलाहबादिया के अश्लील कमेंट को लेकर देशभर में कई FIR दर्ज हुई थीं, यूट्यूबर ने इसके खिलाफ ही शीर्ष कोर्ट में शुक्रवार को याचिका दायर की। अलाहबादिया की तरफ से वकील अभिनव चंद्रचूड़ पैरवी करेंगे। याचिका को एक-दो दिन में लिस्टेड किया जाएगा। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच इसकी सुनवाई करेगी। चंद्रचूड़ ने अपने मुवक्किल की याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की थी, क्योंकि असम पुलिस ने उन्हें शुक्रवार को समन भेजा। पूरा मामला यूट्यूब के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में अश्लील कमेंट से जुड़ा है। गुरुवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना मुंबई पुलिस के बाद असम पुलिस ने भी समन भेजा। असम क्राइम ब्रांच के दो



अधिकारी पुणे के बालेवाड़ी में समय रैना के घर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हम गुवाहाटी में उनके (समय रैना) खिलाफ दर्ज FIR के संबंध में उन्हें कानूनी नोटिस देने आए हैं। इससे पहले असम पुलिस ने रणवीर अलाहबादिया और आशीष चंचलानी को भी नोटिस भेजा था। असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने भी इस मामले को लेकर राज्य में FIR की जानकारी दी थी। उन्होंने X पोस्ट में बताया था कि गुवाहाटी पुलिस ने आशीष चंचलानी, जसप्रीत सिंह, अपूर्वा मखीजा, रणवीर अलाहबादिया, समय रैना और अन्य के खिलाफ 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो में अश्लीलता को बढ़ावा देने के आरोप में FIR दर्ज की है।

# भाजपा को होली से पहले नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलेगा

एजेंसी, नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत मार्च के पहले हफ्ते तक शुरू हो जाएगी। होली (14 मार्च) से पहले पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए दक्षिण भारत से किसी नेता के नाम पर सहमति बन सकती है। क्योंकि, भाजपा का फोकस अब दक्षिणी राज्यों पर है। फरवरी के आखिरी तक 18 राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी होते ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होगा। भाजपा संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तभी कराया जा सकता है जब देश के कम से कम आधे राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव हो जाएं। पार्टी के एक नेता के मुताबिक, मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को एक और कार्यकाल देने की जगह पार्टी नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनेगी। हालांकि, भाजपा संविधान के मुताबिक राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए कोई व्यक्ति लगातार दो टर्म के लिए चुना जा सकता है। इस लिहाज से नड्डा तकनीकी रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की योग्यता रखते हैं, लेकिन सूत्रों



का कहना है कि उन्होंने दोबारा अध्यक्ष बनने की जगह किसी नए व्यक्ति को यह जिम्मेदारी देने की बात कही है।

दक्षिण भारत से किसी को मौका संभव, 20 साल से नहीं बना इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए दक्षिण भारत से किसी नेता के नाम पर सहमति बनाने का विचार है। क्योंकि, भाजपा का फोकस अब दक्षिणी राज्यों पर है। 20 साल से वहां से कोई राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बना है। 2002-2004 के बीच वेंकैया नायडू (आंध्र) आखिरी थे। इस पर आरएसएस व आनुषंगिक संगठनों से भी चर्चा हो चुकी है। ये तय है कि जो भी नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा

## दक्षिण भारत से हो सकता है नया नेशनल प्रेसिडेंट, नड्डा एक और कार्यकाल नहीं लेंगे

अगला लोकसभा चुनाव 2029 उसी के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल 3 साल होता है, ऐसे में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल जनवरी 2028 तक होगा। ठीक 14 महीने बाद लोकसभा चुनाव होंगे। जिसके चलते उनका कार्यकाल लोकसभा चुनाव तक बढ़ाया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराने से पहले भाजपा में सभी प्रदेशों में संगठनात्मक चुनाव होते हैं। यह चुनाव मंडल से लेकर जिला और प्रदेश स्तर तक होता है। प्रदेश स्तर पर चुनाव की प्रक्रिया जारी है। जून में बढ़ा था जेपी नड्डा का कार्यकाल नड्डा का कार्यकाल जनवरी 2024 में खत्म हुआ था। पिछले साल लोकसभा चुनाव के लिए जून तक उनके कार्यकाल को 6 महीने का विस्तार दिया गया था। नड्डा अभी केंद्रीय मंत्री भी हैं।

# भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा- श्रेयस चैंपियंस ट्रॉफी में अहम भूमिका निभाएंगे

**एजेंसी, अहमदाबाद**



भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि श्रेयस अय्यर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अहम भूमिका निभाएंगे। गंभीर ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसय सीरीज में श्रेयस की उपेक्षा नहीं हुई है। श्रेयस ने नागपुर एकदिवसीय में 36 गेंद में 59 रन की आक्रामक पारी खेली थी। उन्होंने अगले दो मैच में 44 और 78 रन बनाए। पहले मैच के बाद अय्यर ने कहा था कि उन्हें टीम में इसलिए जगह मिली थी क्योंकि विराट घुटने में दर्द के कारण मैच से बाहर हो गए। सीरीज के गंभीर ने कहा, ' सीरीज के दौरान उन्हें बाहर बैठाने की योजना नहीं थी। हम पहले मैच में यशस्वी जायसवाल को अवसर देना चाहते थे और देखना चाहते थे कि वह क्या कर सकते हैं क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में वह बहुत अच्छी फॉर्म में थे। अय्यर को आखिरकार जायसवाल पर वरीयता देते हुए टीम के लिए अहम खिलाड़ी बताया है। गंभीर ने कहा, 'मुझे पता है कि आप यशस्वी) को एक पारी से नहीं आंक सकते पर हम हमेशा से जानते थे कि श्रेयस हमारे लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी होने जा रहे हैं। कभी-कभी जब आपके पास केवल तीन मैच होते हैं तो आप सभी खिलाड़ियों को अवसर देना चाहते हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होगी जिसमें भारत का पहला मुकाबला 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश से होगा। गंभीर का मानना है कि अगर कोई बाहर होता है तो किसी अन्य के लिए सुनहरा मौका बनता है। उन्हें उम्मीद है कि हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह जैसे खिलाड़ी मुख्य तेज गेंदबाज बुमराह के बाहर रहने के अवसर का लाभ उठाते हुए बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

गंभीर ने कहा, 'किसी का अवसर चूकना किसी और के लिए एक बड़ा अवसर हो सकता है। खेल में ऐसा ही होता है। उम्मीद है कि ये खिलाड़ी राणा, अर्शदीप और मोहम्मद शमी अच्छा प्रदर्शन करेंगे और टीम के लिए काम करेंगे। गंभीर ने कहा, 'मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने कुछ अच्छे संकेत दिए हैं। हर्षित और अर्शदीप ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। आपको जसप्रीत बुमराह जैसे गेंदबाज की हमेशा कमी खलेगी। लेकिन फिर मोहम्मद शमी जैसे किसी खिलाड़ी का अपने अनुभव और गुणवत्ता के साथ वापस आना हमेशा अच्छा होता है।

## विश्वकप के इंतजार को कम करता है चैम्पियंस ट्रॉफी : वाटसन

**सिडनी** । पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा है चैम्पियंस इस टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को फार्म हासिल करने का अवसर मिल जाएगा। भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के अपने मुकाबले दुबई में खेलेगी। वाटसन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी दो एकदिवसीय विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को को कम करने का अच्छा रास्ता है। उन्होंने कहा, 'चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में सबसे अहम टूर्नामेंट है क्योंकि एकदिवसीय विश्व कप चार साल में एक बार होता है। यह उस इंतजार को कम करता है और इससे इससे टेस्ट क्रिकेट और टी20 के बीच संतुलन बनता है। एकदिवसीय क्रिकेट को इस तरह के टूर्नामेंट से ऊर्जा मिलती रहती है क्योंकि यह काफी अच्छा प्रारूप है।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी : शिखर धवन को नियुक्त किया ब्रांड एम्बेसडर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के चार इवेंट एंबेसडर में से एक के रूप में नामित किया गया है। धवन के अलावा पाकिस्तान के 2017 के विजेता कप्तान सरफराज अहमद, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वॉटसन और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी भी इस सूची में शामिल हैं। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी से होने वाली है, और इसके कुछ मुकाबले पाकिस्तान में तो कुछ दुबई में खेले जाएंगे। शिखर धवन, जिन्होंने 2013 में भारत के चैंपियंस ट्रॉफी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और प्लेयर ऑफ द सीरीज बने थे, ने आईसीसी की एक विज्ञप्ति में कहा, चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा बनना एक विशेष एहसास है और एक ब्रांड एम्बेसडर के रूप में आगामी सत्र का आनंद लेने का अवसर मिलना एक सम्मान की बात है।

उन्होंने आगे कहा, "अगले कुछ हफ्तों में हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को आपस में प्रतिस्पर्धा करते हुए देखेंगे, जहां एक गलती या हार उनके सभी प्रयासों को समाप्त कर सकती है। यह एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें सब कुछ दांव पर लगा होता है और यही इसे इतना रोमांचक बनाता है।" धवन चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास के सबसे प्रतिष्ठित खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। इस टूर्नामेंट में भारत के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में दो सत्रों में 701 रन बनाकर उन्होंने अपनी स्थिति मजबूत की है।

## राष्ट्रीय खेलः हरियाणा ने उत्तराखंड को हराकर नेटबॉल (मिश्रित) में जीता स्वर्ण

**एजेंसी, देहरादून**

यहां जारी 38वें राष्ट्रीय खेलों में नेटबॉल (मिश्रित) स्पर्धा का रोमांच चरम पर रहा। कड़ी प्रतिस्पर्धा और शानदार प्रदर्शन के बीच हरियाणा ने फाइनल में उत्तराखंड को 39-33 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, उत्तराखंड को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पूल ए में छत्तीसगढ़ ने दिल्ली को 39-24 से हराया, जबकि हरियाणा ने पुडुचेरी के खिलाफ 36-25 से जीत दर्ज की।

दूसरी ओर, पूल बी में तेलंगाना ने कर्नाटक को 26-22 से हराया, जबकि उत्तराखंड ने असम को 34-29 से मात दी। पहले सेमीफाइनल में उत्तराखंड ने दमदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ को 35 अंकों के अंतर से हराया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में हरियाणा ने तेलंगाना को 38-23 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। कांस्य पदक के लिए छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के बीच भिड़ंत हुई, जिसमें मुकाबला 31-31 की बराबरी पर खत्म हुआ, और दोनों टीमों को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जहां हरियाणा और उत्तराखंड के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। हरियाणा ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए 39-33 से जीत दर्ज की और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस पूरे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय दिया और दर्शकों को रोमांचक पल देखने को मिले।



## नाथद्वारा में 10 मार्च से शुरू होगी 'ऑल टी20' एशियन लीजेंड्स लीग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राजस्थान के नाथद्वारा में 10 मार्च से एशियन लीजेंड्स लीग "ऑल टी20" का आगाज होगा। यह लीग 18 मार्च तक चलेगी, जिसमें एशिया के पूर्व क्रिकेट दिग्गज शामिल होंगे। भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा द्वारा समर्थित इस टी20 लीग में पांच टीमें हिस्सा लेंगी—इंडियन रॉयल्स, श्रीलंकाई लायंस, बांग्लादेश टाइगर्स, अफगानिस्तान पठान्स और रेस्ट ऑफ एशियन स्टार्स।

लीग कमिश्नर चेतन शर्मा ने कहा, "ऑल टी20 सिर्फ एक क्रिकेट लीग नहीं, बल्कि एशिया के दिग्गज खिलाड़ियों के पुनर्मिलन का एक मंच है। यह प्रशंसकों को एशिया के सर्वश्रेष्ठ पूर्व खिलाड़ियों को देश बनाम देश के मुकाबले में देखने का रोमांचक अवसर देगा।"

**15 फरवरी को होगा खिलाड़ियों का ड्राफ्ट** : लीग में खिलाड़ियों का चयन 15 फरवरी को नई दिल्ली में होने वाले ड्राफ्ट के जरिए किया जाएगा। इसमें केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही अपनी-अपनी टीमों के लिए चुने जाएंगे। इस लीग में कुछ अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कोच की भूमिका निभाएंगे—हर्शल गिब्स (बांग्लादेश टाइगर्स), शिवनारायण चंद्रपॉल (अफगानिस्तान पठान्स) और मार्वन अटापट्टू (एशियन स्टार्स) को कोच के रूप में नियुक्त किया गया है।

**नाथद्वारा में होंगे सभी मुकाबले** : टूर्नामेंट के सभी मैच राजस्थान के नाथद्वारा स्थित मिराज इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

**लीग का कार्यक्रम** : लीग चरण के मुकाबले 10 से 14 मार्च तक होंगे, जिसके बाद प्लेऑफ और फाइनल खेले जाएंगे।

**लीग मैच** : 10 मार्चः अफगानिस्तान पठान्स बनाम एशियन स्टार्स (दोपहर 3 बजे), इंडियन रॉयल्स बनाम बांग्लादेश टाइगर्स (शाम 7 बजे)

**11 मार्च** : बांग्लादेश टाइगर्स बनाम अफगानिस्तान पठान्स (दोपहर 3 बजे), इंडियन रॉयल्स बनाम श्रीलंकाई लायंस (शाम 7 बजे)

**12 मार्चः** श्रीलंकाई लायंस बनाम अफगानिस्तान पठान्स (दोपहर 3 बजे), बांग्लादेश टाइगर्स बनाम एशियन स्टार्स (शाम 7 बजे)

**13 मार्चः** एशियन स्टार्स बनाम श्रीलंकाई लायंस (दोपहर 3 बजे), इंडियन रॉयल्स बनाम अफगानिस्तान पठान्स (शाम 7 बजे)।

## 38वें राष्ट्रीय खेलों की मल्लखंब प्रतियोगिता संपन्न, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का दबदबा

**एजेंसी, देहरादून**

38वें राष्ट्रीय खेलों के मल्लखंब इवेंट्स रोमांचक मुकाबलों और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ संपन्न हुए। प्रतियोगिता में भारत के शीर्ष एथलीटों ने अपनी चपलता, ताकत और सटीकता का प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न श्रेणियों में कई पदक अपने नाम किए। रोप फाइनल में मध्य प्रदेश के प्रणव कोरी और महाराष्ट्र के ऋषभ घबडे ने 8.70 के समान स्कोर के साथ स्वर्ण पदक साझा किया। वहीं, तमिलनाडु के एम. हेमाचंद्रन और महाराष्ट्र के श्रदुल वैशाली ने 8.60 के स्कोर के साथ कांस्य पदक अर्जित किया। पोल फाइनल में मध्य प्रदेश का दबदबा रहा। प्रणीत यादव ने 8.65 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि उनके साथी कुंदन एल. कछावा ने 8.50 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक तमिलनाडु के पी. रेड्डी, उत्तराखंड के वासु और महाराष्ट्र के दर्शन मिनियार ने 8.20 के समान स्कोर के साथ साझा किया। हैंगिंग स्पर्धा में महाराष्ट्र के श्रदुल वैशाली ने 8.60 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनके साथी सोहिल शेख ने 8.45 के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि मध्य प्रदेश के देवेंद्र पाटीदार और तमिलनाडु के एम. हेमाचंद्रन ने 8.40 के समान स्कोर के साथ कांस्य पदक साझा किया। पोल फाइनल में मध्य प्रदेश की अनुष्का नायक ने 8.40 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र की रूपाली गंगावाने ने समान स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक महाराष्ट्र की जान्हवी जाधव और राजस्थान की रौनक राठौड़ को 8.30 के समान स्कोर के साथ मिला। रोप फाइनल में महाराष्ट्र की जान्हवी जाधव ने 8.65 के शानदार स्कोर के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।




## फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम : गुकेश ने ड्रा खेला, कार्लसन और नाकामुरा की शानदार जीत

**एजेंसी, हैम्बर्ग**




भारत के डी. गुकेश ने निराशाजनक स्थिति से वापसी करते हुए फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर के अंतिम दौर के पहले गेम में फ्रांस के अलीरेज़ा फ़िरोज़ा के खिलाफ ड्रॉ खेला। अंतिम-आठ क्वालीफायर में सातवें स्थान के लिए संघर्ष कर रहे गुकेश ने पूरे गेम में बचाव किया और एक लंबे एंडगेम के बाद मुकाबले को ड्रॉ कराने में सफल रहे। स्थानीय खिलाड़ी विंसेंट कीमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराकर 1-0 की बढ़त बना ली है। अब कारुआना के पास बराबरी लाने का मौका होगा, जिसके लिए उन्हें टाईब्रेकर की जरूरत पड़ेगी। दूसरी ओर, नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने उज्बेकिस्तान के जाइंट किलर जावोखिर सिंदारोव को मात देकर सेमीफाइनल में कीमर के खिलाफ अपनी हार को भुला दिया। 750,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में अब कार्लसन तीसरे स्थान के लिए प्ले-ऑफ खेलेंगे, जहां वे जीत के प्रबल दावेदार हैं। अमेरिका के हिकारू नाकामुरा ने भी काले मोहरों से जीत दर्ज की। उन्होंने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुस्सत्तोरोव के खिलाफ मुकाबले में बाजी पलट दी, जब स्थिति उनके पक्ष में नहीं लग रही थी। अब्दुस्सत्तोरोव ने छोटे टुकड़ों के खेल में जटिलताएं बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन इसका खामियाजा उन्हें हार के रूप में भुगतना पड़ा।

**परिणाम** : विंसेंट कीमर (जर्मनी) ने फैबियानो कारुआना (यूएसए) को हराया। नोदिरबेक अब्दुस्सत्तोरोव (उज्बेकिस्तान) हिकारू नाकामुरा (यूएसए) से हार गए। अलीरेज़ा फ़िरोज़ा (फ्रांस) और डी. गुकेश (भारत) का मुकाबला ड्रॉ रहा। जावोखिर सिंदारोव (उज्बेकिस्तान) मैग्नस कार्लसन (नॉर्वे) से हार गए। टूर्नामेंट के अगले दौर में रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद की जा रही है, जहां खिलाड़ी अंतिम जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 में अग्निपरीक्षा के लिए तैयार

**एजेंसी, भुवनेश्वर**



वर्तमान में विश्व में पांचवें स्थान पर काबिज भारतीय पुरुष हॉकी टीम यहां प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में अपने बहुप्रतीक्षित एफआईएच प्रो लीग 2024-25 अभियान की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार विजेता हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय टीम 15 और 16 फरवरी को दुनिया की सातवें नंबर की टीम स्पेन के खिलाफ दो रोमांचक मैचों के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, इसके बाद 18 और 19 फरवरी को दुनिया की चौथे नंबर की टीम जर्मनी के खिलाफ जोरदार भिड़ंत होगी। भारत का अभियान घरेलू मैदान पर शुरू होगा, जिससे टीम को अपनी हालिया लय दिखाने का बेहतरीन मौका मिलेगा। जर्मनी के साथ अपने मुकाबलों के बाद, भारत 21 और 22 फरवरी को आयरलैंड से भिड़ेगा। 2024 पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी क्षमता साबित कर दी है। टीम को आखिरी बार अक्टूबर 2024 में जर्मनी के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान एक्शन में देखा गया था, जहां भारत ने पहले गेम में 2-0 की हार से वापसी करते हुए दूसरे गेम में मेहमान टीम को 5-3 से हराया था। हालांकि जर्मनी ने शूटआउट के जरिए सीरीज जीत ली, लेकिन प्रतिस्पर्धी प्रदर्शन ने एफआईएच प्रो लीग के लिए भारत की तैयारियों में आत्मविश्वास बढ़ाया। इससे पहले, भारत ने सितंबर में हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करके अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया, अपने सभी मैच जीते और एशिया की सबसे मजबूत टीमों में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की। हरमनप्रीत सिंह के साथ उप कप्तान हार्दिक सिंह भी होंगे, जो अनुभवी और युवा प्रतिभा से भरी एक संतुलित टीम का नेतृत्व करेंगे। मनप्रीत सिंह, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, सुमित, संजय, जुगराज सिंह और विवेक सागर प्रसाद जैसे वरिष्ठ खिलाड़ी टीम की रीढ़ बनेंगे, जबकि अरिजीत सिंह हुंदल, अंगद बीर सिंह और अर्शदीप सिंह जैसे उभरते सितारे लाइनअप में नई ऊर्जा और कौशल लाएंगे। हरमनप्रीत ने अपने शुरुआती मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, "टीम हाल ही में संपन्न हॉकी इंडिया लीग में कुछ शानदार प्रदर्शन करके तरोताजा हुई है। मैं जुगराज को शीर्ष स्कोरर का पुरस्कार जीतते देखकर विशेष रूप से खुश हूं और यह भारतीय टीम के लिए अच्छा ही है क्योंकि हमारे ड्रैगफ्लिक में और अधिक ताकत है।" अनुभवी खिलाड़ियों और होनहार युवाओं के मिश्रण के साथ, भारत एक मजबूत शुरुआत करने और टूर्नामेंट में दुनिया की कुछ शीर्ष टीमों को चुनौती देने के लिए उत्सुक होगा। इसके अलावा, एफआईएच प्रो लीग के पिछले साल के संस्करण में सातवें स्थान पर रहने के बाद, भारत इस सीज़न में एक मजबूत वापसी करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगा। टीम बेहतर प्रदर्शन करने और शीर्ष स्थान हासिल करने का लक्ष्य रखेगी, एक ऐसी उपलब्धि जो 2026 विश्व कप के लिए स्वचालित योग्यता का अतिरिक्त इनाम देती है।

## अखिल भारतीय इंटर जोनल वेटलिफ्टिंग वूमेन चैंपियनशिप का हुआ आगाज़

**एजेंसी, धर्मशाला**




भारतीय विश्वविद्यालय संघ एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित की जा रही आल इंडिया इंटर जोनल वेटलिफ्टिंग वुमेन चैंपियनशिप का शुक्रवार को आगाज़ हुआ। चैंपियनशिप 14 से 17 फरवरी इंडोर स्टेडियम धर्मशाला में चलेगी। चैंपियनशिप का शुभारंभ कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डा. राजीव भारद्वाज ने किया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन खिलाड़ी सोरोख़ैबम बिंधारानी देवी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की। चैंपियनशिप में देश भर के विभिन्न 78 यूनिवर्सिटीज के 320 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रही हैं। वहीं बतौर मुख्यातिथि सांसद डॉ राजीव भारद्वाज ने कहा कि बेटियां आज देश को आगे ले जाने का कार्य कर रही हैं, तो इस कार्यक्रम में पहुंचकर मुझे भी गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। सांसद ने कहा कि बिंधारानी से भी बहुत से खिलाड़ी प्रेरणा लेकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी खेल से मात्र मेडल ही नहीं जीतते हैं अपितु अनुशासन भी सीखते हैं, जोकि देश को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने गुरु के महत्व बताने के लिए महाभारत के गुरु द्रोणाचार्य व उनके शिष्य अर्जुन व एकलव्य से सिख लेने की प्रेरणा की बात कही। सांसद ने कहा कि ये मात्र खेल आयोजन नहीं भारतीय महिला शक्ति का समागम है। डॉ भारद्वाज ने खिलाड़ियों को लगातार संघर्ष की राह पर चलते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान केंद्रीय विवि धर्मशाला के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



# फाल्गुन माह के दौरान कितने, कहां और कौन से दीये जलाने चाहिए?

माघ पूर्णिमा 12 फरवरी को पड़ रही है और इसी के साथ माघ माह का समापन हो जाएगा। वहीं, 13 फरवरी, दिन गुरुवार से फाल्गुन माह का आरंभ होगा। फाल्गुन माह में महाशिवरात्रि और होली जैसे बड़े पर्व आते हैं। इसके अलावा, इस माह में विजय दिलाने वाली विजया एकादशी भी आती है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य ने हमें बताया कि इस माह में रोजाना भगवान शिव, भगवान विष्णु, श्री राधा-कृष्ण की पूजा करनी चाहिए। साथ ही, रोजाना दीये जलाने चाहिए क्योंकि इससे कई लाभ मिलते हैं। आइये जानते हैं कि फाल्गुन माह के दौरान कितने, कहां और कौन से दीये जलाने चाहिए।

## फाल्गुन माह में कितने दीये जलाने चाहिए?

फाल्गुन माह में रोजाना 5 दीये जलाने चाहिए। एक दीया भगवान शिव शंभू के नाम का, दूसरा दीया भगवान विष्णु के नाम का, तीसरा दीया राधा रानी और श्री कृष्ण के नाम का, चौथा दीया दिशाओं के नाम का और पांचवा दीया ग्रहों के नाम का। अगर आप 5 दीये रोजाना नहीं जला सकते हैं तो 1 दीपक भी जला सकते हैं लेकिन आटे का। बस इस एक दीये को जलाते समय सभी का ध्यान कर लें।

## फाल्गुन माह में कहां दीये जलाने चाहिए?

फाल्गुन माह के दौरान अगर आप 5 दीये जला रहे हैं तो 5 अलग-अलग दिशाओं या स्थानों पर जलाएं। वहीं, अगर आप एक दीया जला रहे हैं तो एक ही दिशा सक्षम है। 5 दीयों के लिए 5 दिशाएं हैं- घर का मुख्य द्वार, घर की पूर्व दिशा, घर की रसोई, घर की छत, घर में रखे तुलसी के पौधे के पास आदि। एक दीया जला रहे हैं तो मात्र पूर्व दिशा में ही दीपक प्रज्वलित करें और शुभता पाएं।

## फाल्गुन माह में कौन से दीये जलाने चाहिए?

फाल्गुन माह के दौरान मिट्टी के दीये जलाएं क्योंकि मिट्टी के दीये जलाने से घर में भू तत्व का संचार होता है और प्रकृति की शुभता भी प्राप्त होती है। अगर मिटटी के दीये नहीं हैं तो 5 पीतल के दीये भी जला सकते हैं। यहां तक कि आप उन दीयों का इस्तेमाल दुबारा से भी कर सकते हैं, लेकिन मिट्टी के दीयों में अगले दिन दोबारा से दीये न जलाएं। इससे दोष उत्पन्न होगा और ग्रह शांत होंगे।



# क्या घर में पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति या तस्वीर रखना ठीक है? जानें ज्योतिष के नियम

**पंचमुखी हनुमान जी को हिंदू धर्म में शक्ति, साहस और नकारात्मक ऊर्जा से रक्षा का प्रतीक माना जाता हैं। उनकी पांच मुखों वाली मूर्ति विशेष रूप से पूजनीय मानी जाती है। पंचमुखी हनुमान जी से पांच मुख अलग-अलग देवताओं के रूप को प्रदर्शित करते हैं, लेकिन क्या इसे घर में रखना उचित है? यह सवाल कई लोगों के मन में जरूर उठता है क्योंकि इनके पांच स्वरूप उत्तर दिशा में वराह मुख, दक्षिण दिशा में नरसिंह, पश्चिम में गरुड़, आकाश की तरफ हयग्रीव मुख एवं पूर्व दिशा में हनुमान जी हैं। ऐसे में ये सभी देवता अलग-अलग रूपों का प्रतिनिधि करते हैं।**

ऐसा कहा जाता है कि यदि आप इस मूर्ति का उचित तरीके से पूजन व सम्मान न कर सकें तो आपको इसके भूलकर भी पाने घर के मंदिर में नहीं रखना चाहिए। ज्योतिष के अनुसार पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति या तस्वीर को घर में रखने के विशेष नियम बताए गए हैं। ऐसा माना जाता है कि पंचमुखी हनुमान जी का स्वरूप अत्यधिक ऊर्जा और शक्ति का प्रतीक है, जो घर के सामान्य वातावरण के लिए अनुकूल नहीं है। हनुमान जी का यह स्वरूप आमतौर पर पूजा स्थलों और मंदिरों के लिए उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि इसकी उग्र ऊर्जा को संभालने के लिए विशेष पूजा-अर्चना और नियमों का पालन करना आवश्यक होता है।

## पंचमुखी हनुमान जी का महत्व

पंचमुखी हनुमान जी के पांच मुख अलग-अलग दिशाओं और तत्वों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस मूर्ति में पूर्व दिशा की तरफ हनुमान ही का मूल स्वरुप दिखाई देता है। जो भक्तों को आत्म-शक्ति और साहस प्रदान करता है। मूर्ति का दक्षिण मुख जो नरसिंह स्वरुप है यह मुख भय और शत्रु विनाश का प्रतीक होता है।

पश्चिम मुख जो गरुड़ देव को दिखाता है सभी प्रकार के नाग दोष और विष से हमारी रक्षा करता है। उत्तर दिशा की तरफ का मुख वराह रूप होता है जो धन और समृद्धि का प्रतीक होता है। ऊपर का मुख हयग्रीव रूप होता है जो ज्ञान और विजय का प्रतीक होता है। इन सभी स्वरूपों को एक मूर्ति में ढालकर पंचमुखी हनुमान जी बनते हैं जो अत्यंत शक्तिशाली माने जाते हैं।

## घर में पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर क्यों नहीं रखनी चाहिए?

पंचमुखी हनुमान जी का स्वरूप अत्यधिक उग्र और शक्तिशाली है। उनकी ऊर्जा इतनी प्रबल होती है कि इसे नियंत्रित करना आसान नहीं होता है। इस मूर्ति को घर में गलत स्थान पर रखने से कुछ नकारात्मक प्रभाव भी हो सकते हैं। पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर या मूर्ति घर में रखने से उस स्थान की ऊर्जा बहुत ज्यादा सक्रिय हो सकती है जो ऊर्जा के असंतुलन का कारण बन सकती है। यह ऊर्जा कभी-कभी घर के सदस्यों के लिए असुविधाजनक और तनावपूर्ण हो सकती है। इस ऊर्जा के सकारात्मक की जगह कुछ नकारात्मक प्रभाव पड़ सकते हैं, जिससे लोगों के बीच आपसी झगड़े बढ़ सकते हैं और अशांति का वातावरण पैदा हो सकता है।

## पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर उग्रता का प्रतीक

पंचमुखी हनुमान जी का स्वरूप उग्रता और सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। इसे घर में रखने से वहां का माहौल उग्र और अशांत हो सकता है, खासकर यदि उनकी पूजा विधिवत न की जाए। दरअसल इस मूर्ति की पूजा करना आसान नहीं होता है, बल्कि इसके कुछ विशेष नियम होते हैं और उनका पालन सब लोग नहीं कर पाते हैं। यदि उनकी पूजा में कोई त्रुटि होती है तो उसके जीवन में नकारात्मक प्रभाव हो सकते हैं।

## पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति के लिए विशेष स्थान होना जरूरी

पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति या तस्वीर को घर में रखने से पहले उचित स्थान और दिशा का चयन करना अनिवार्य है। ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के अनुसार, गलत दिशा या स्थान पर इस पवित्र स्वरूप की स्थापना करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा की बजाय वास्तु दोष उत्पन्न हो सकता है। अक्सर देखा गया है कि लोग इसे बिना सोचे-समझे घर के मुख्य द्वार पर लगा देते हैं। हालांकि, यह स्थान पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता, क्योंकि ऐसा करने से उनकी ऊर्जा का सही उपयोग नहीं हो पाता और अनजाने में मूर्ति का अपमान भी हो सकता है। इस स्वरूप को घर में रखने का उद्देश्य बुरी शक्तियों से बचाव और सकारात्मकता को बढ़ावा देना है, लेकिन यदि इसे नियमों के अनुसार न रखा जाए तो इसके विपरीत परिणाम हो सकते हैं।



## पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति कहां रखनी चाहिए

पंचमुखी हनुमान जी की पूजा मुख्य रूप से मंदिरों में की जाती है, जहां उनकी ऊर्जा का प्रबंधन सही तरीके से हो सकता है। अत: यह मूर्ति मंदिरों में रखना सबसे अच्छा विकल्प होता है, जिससे उनकी पूजा नियम से की जा सके। व्यावसायिक स्थलों पर पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति रखने से आपको व्यापार में मुनाफा हो सकता है और यह मूर्ति नकारात्मक ऊर्जा से रक्षा करती है।



# फाल्गुन माह में करें गीता के इस एक श्लोक का जाप, मिल सकते हैं ये लाभ

फाल्गुन माह आरंभ हो चुका है और इस माह में भगवान शिव, भगवान विष्णु और राधा-कृष्ण की पूजा का विशेष विधान है। मान्यता है कि फाल्गुन माह में कोई भी किया गया धार्मिक कार्य 100 गुना होकर वापस मिलता है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स ने हमें बताया कि फाल्गुन माह में भगवद गीता के एक श्लोक का निरंतर रोजाना जाप करने से कई लाभ प्राप्त होते हैं।

फाल्गुन माह में करें भगवद गीता के इस श्लोक का जाप

भगवद गीता में एक श्लोक वर्णित है- अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाह परयुपासते। इस श्लोक का अर्थ है- जो लोग मुझे केवल अपने हृदय में सोचते हैं और मेरी पूजा करते हैं, मैं उन्हें सभी परेशानियों से मुक्त करता हूं।

इस श्लोक में भक्ति योग का अद्भुत संदेश है। इसमें भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि जो भक्त बिना किसी भेदभाव के केवल उनका ध्यान करते हैं, भगवान उन्हें अपनी कृपा से हर मुश्किल से उबार ही लाते हैं।


फाल्गुन माह में रोजाना इस श्लोक का जाप करने से भगवान श्री कृष्ण की विशेष कृपा होती है। इस श्लोक के जाप से व्यक्ति में भक्ति का संचार होता है और वह आध्यात्म की ओर बढ़ता है। इस श्लोक के फाल्गु माह में रोजाना जाप से आत्मा की शुद्धि होती है और आत्मिक उन्नति की दिशा में व्यक्ति का मार्गदर्शन होता है। आपका मन शांत होता है और भगवान से आपका जुड़ाव बढ़ता है।

इस श्लोक का जाप सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह करता है। फाल्गुन माह में यह ऊर्जा विशेष रूप से शक्तिशाली होती है, और यह आपके जीवन में अच्छे परिवर्तन और मानसिक शांति लाती है।

जब आप इस श्लोक का जाप करते हैं, तो आपका मन केवल भगवान श्री कृष्ण के ध्यान में रम जाता है। इससे नकारात्मक विचार आपको प्रभावित नहीं कर पाते हैं और विचारों में स्थिरता बनी रहती है।

फाल्गुन माह में इस श्लोक का जाप करने से व्यक्ति के संसारिक कष्टों में कमी आती है। यह श्लोक उन समस्याओं से मुक्ति दिलाता है, जो जीवन में विघ्न उत्पन्न करती हैं, चाहे वे आर्थिक हों, पारिवारिक हों या मानसिक। इस श्लोक के माध्यम से भक्ति और समर्पण की भावना मजबूत होती है। भगवान श्री कृष्ण के प्रति निस्वार्थ प्रेम और विश्वास बढ़ता है, जिससे जीवन में शुभ फल प्राप्त होते हैं। इस श्लोक के जाप से संतान सुख प्राप्त होता है।



# भगवान राम की तरह श्री कृष्ण के आगे क्यों नहीं लगता मर्यादा पुरुषोत्तम?

भगवान विष्णु के एक अवतार थे श्री राम जो त्रेता युग में जन्में थे वहीं, दूसरे अवतार थे भगवान श्री कृष्ण जो द्वापरयुग में अवतरित हुए थे। दोनों ही भगवान विष्णु के अवतार और दोनों में ही समान दिव्यता एवं समान शक्ति फिर आखिर क्यों श्री राम के आगे मर्यादा पुरुषोत्तम लगाया जाता है, लेकिन श्री कृष्ण को मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं कहा जाता है।

श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है, लेकिन श्री कृष्ण को छलिया या रणछोड़ के नाम से जाना जाता है। इसके पीछे दो कारण हैं- पहला कारण तो धार्मिक दृष्टि से है वहीं, दूसरा कारण सामाजिक शिक्षा के रूप में है जिसे स्वयं श्री कृष्ण ने दिया था। धर्म ग्रंथों में बताया गया है कि श्री राम ने अपने काल में हर परिस्थिति में मर्यादा का अनुसरण किया था। ताड़का वध से लेकर रावण वध तक वनवास के दौरान कठिन परिस्थियों में रहते हुए और यहां तक कि राम राज्य के समय में भी मर्यादा नहीं छोड़ी।

श्री राम ने मर्यादा के चलते ही माता कैकेयी के कहने पर 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया। मर्यादा को निभाने के उद्देश्य से ही युद्ध में विजय होने से पहले ही श्री राम ने विभीषण को लंका का राजा बना दिया था। मर्यादा पालन करते हुए एक पत्नी धर्म पर चले।

वहीं, इसके विपरीत दानवों और राक्षसों का अंत करने के लिए श्री कृष्ण ने कई बार मर्यादा का उलंघन किया। श्री कृष्ण ने कालयवन राक्षस को छल से गुफा में ले जाकर ऋषि के माध्यम से मृत्यु के घाट उतारा, जरासंध को भीम के हाथों छल से मरवाया।

श्री कृष्ण ने कूटनीति के चलते महाभारत युद्ध में भी कई बार छल का प्रयोग करते हुए कौरवों का विनाश सुनिश्चित किया। श्री कृष्ण ने समाज की कुरीतियों का खंडन करते हुए बिना विवाह के राक्षस के चंगुल से छूटी सभी कन्याओं को आदर सहित अपने महल में स्थान दिया।

ऐसे में इन सब घटनाओं और श्री कृष्ण एवं श्री राम की लीलाओं में अंतर को देखते हुए श्री कृष्ण को मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं कहा जाता है। वहीं, इसके पीछे की सामाजिक शिक्षा यह है की समय काल के अनुसार व्यक्ति को अपनी नीतियों में परिवर्तन करना आवश्यक है।





# टीजर के साथ सामने आया विजय की अगली फिल्म का नाम, एक्शन और स्टंट करते नजर आए एक्टर

विजय देवरकोंडा की फिल्म, जिसे अस्थाई रूप से वीडी 12 कहा जा रहा था, उसके टाइटल का खुलासा हो गया है। दरअसल, आज बुधवार को फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है। इसी में फिल्म के टाइटल से परदा उठा है। और फिल्म का नाम है, किंगडम। यह फिल्म इसी साल मई में रिलीज होगी।

### विजय ने दिखाया एक्शन

आज जारी हुए टीजर में विजय देवरकोंडा एक्शन का दम दिखाते नजर आए हैं। टीजर करीब एक मिनट 55 सकेंड का है। जैसा की इसका नाम है किंगडम, फिल्म की कहानी भी वैसी है। टीजर सितारा एंटरटेनमेंट के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्नानुरी ने किया है।
विजय देवरकोंडा ने साझा किया पोस्ट टीजर में विजय देवरकोंडा जेल में कैद नजर आए हैं। यह फिल्म 30 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विजय देवरकोंडा ने भी पोस्ट साझा कर फिल्म के टाइटल का जिक्र फैंस से किया है। उन्होंने लिखा है, फिल्म का नाम किंगडम है। सवाल, गलतियां, रक्तपात और नियति...।

### यूजर्स ने दी प्रतिक्रिया

टीजर पर यूजर्स की प्रतिक्रिया आ रही हैं। टीजर हिंदी भाषा में भी जारी हुआ है। बता दें कि फिल्म के हिंदी वर्जन में रणबीर कपूर आवाज दे रहे हैं। यूजर्स को उनका अंदाज पसंद आ रहा है। इस फिल्म को हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। सिनेमाघरों के बाद यह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# श्रीलीला के हाथ लगी अनुराग बसु की फिल्म!

श्रीलीला कई फिल्मों के जरिए अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। अब खबर है कि वह बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसका पहले नाम आशिकी 3 बताया जा रहा था। हालांकि, अब फिल्म का नाम आशिकी 3 नहीं है, क्योंकि इस शीर्षक पर विवाद जारी है। ऐसे में फिल्म के शीर्षक को लेकर आधिकारिक एलान होना बाकी है। वहीं, अब फिल्म की मुख्य नायिका को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

### तृप्ति थीं फिल्म के लिए पहली पसंद

इससे पहले खबर थी कि फिल्म में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की लिया गया था। हालांकि, बाद में कुछ कारणों से फिल्म से बाहर हो गईं। तृप्ति के फिल्म से बाहर होने को लेकर कई धारणाएं बनाई गईं कि किरदार के मासूम चेहरे की मांग के कारण तृप्ति को बाहर किया गया है, क्योंकि वह रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल में अपने प्रदर्शन के कारण फैंस के बीच बोल्ड इमेज बना चुकी हैं। हालांकि, अनुराग बसु ने इन बातों का खंडन करते हुए कहा था कि ये बातें सच नहीं हैं और तृप्ति भी यह जानती हैं। फिल्म की अभिनेत्री बनीं श्रीलीला अब फिल्म के लिए नई अभिनेत्री को चुन लिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक अनुराग बसु की मुख्य महिला अभिनेत्री की तलाश आखिरकार श्रीलीला पर आकर रुकी। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र का कहना है कि यह प्रोजेक्ट उनके पास गया था और वह अपनी दूसरी बॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हैं। तृप्ति डिमरी के बाहर होने के बाद से यह फिल्म चर्चा में थी, जिसके कारण फिल्म की टीम ही जानती है।

### टीम जल्द करेगी आधिकारिक घोषणा

अनुराग बसु की अगली फिल्म पहले से ही काफी चर्चा बटोर रही है और कलाकारों के बारे में अटकलें केवल उत्साह को बढ़ाती हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि साउथ इंडस्ट्री की सेंसेशन श्रीलीला को कार्तिक आर्यन के साथ जोड़ा जाएगा। यह एक दिलचस्प जोड़ी होगी, जिसे देखना दिलचस्प होगा। श्रीलीला अपने करियर में इस नए रोमांटिक रोमांच की शुरुआत करने के लिए उत्सुक हैं, जबकि उनकी टीम जल्द ही एक भव्य घोषणा करने के तरीकों की तलाश कर रही है।







# अगली फिल्म में प्रभास के साथ नजर आएंगे अनुपम खेर

अनुपम खेर के हाथ एक और फिल्म लगी है। वे साउथ सुपरस्टार प्रभास के साथ इसमें काम करेंगे। यह जानकारी खुद अनुपम खेर ने साझा की है। मूल रूप से साउथ की इस फिल्म को मैत्री मूवीज के बैनर तले बनाया जाएगा। वहीं, इसके निर्देशन की कमान भी साउथ के लोकप्रिय निर्देशक हनु राव राघवपुडी के हाथ है। अनुपम खेर की यह 544वीं फिल्म है। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से प्रभास के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ लिखा है, अनाउंसमेंट- यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मेरी 544वीं फिल्म भारतीय सिनेमा के बाहुबली प्रभास के साथ है! फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं है। इस फिल्म को बेहद प्रतिभाशाली निर्देशक हनु राव राघवपुडी निर्देशित करेंगे।
अनुपम खेर ने आगे लिखा है, इस फिल्म को मैत्री मूवीज के शानदार निर्माताओं की टीम बनाएगी। कमाल की कहानी है!! और क्या चाहिए लाइफ में दोस्तों! जय हो! अनुपम खेर के पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और उन्हें बधाई दे रहे हैं।

# महेश बाबू के लिए बोलीं शिल्पा शिरोडकर

भारतीय तेलुगु फिल्म अभिनेता महेश बाबू को उनकी शानदार फिल्मों और एक्शन सीन को लेकर चर्चा होती रहती है। महेश बाबू का शिल्पा शिरोडकर से भी रिश्ता है। शिल्पा की बहन नम्रता शिरोडकर महेश बाबू की पत्नी हैं। शिल्पा ने अब महेश बाबू को लेकर कुछ बातें कही हैं।

### बहुत हार्ड वर्क करते हैं

शिल्पा शिरोडकर ने भारती सिंह के पॉडकास्ट में कहा, वाकई उसकी उम्र कम हो रही है। इतना ही नहीं, सच में महेश सबसे अच्छे एक्टर हैं। वह बहुत ज्यादा हार्ड वर्क करते हैं। सभी अभिनेता हार्ड वर्क करते हैं, लेकिन मैं महेश का काम देखती हूं इसलिए कह सकती हूं।

### वो दिन में दो बार वर्कआउट करते हैं

शिल्पा ने कहा, महेश को वे बहुत करीब से जानती हैं इसलिए कह सकती हैं कि वह दिन में दो बार वर्क आउट करते हैं। वे घर का साधारण सा खाना ही पसंद करते हैं। ये जो भी है, सब अपने माइंड और हार्ट का खेल है। शिल्पा ने बताया कि महेश बाबू को पार्टी करना भी पसंद नहीं है।



# नागार्जुन ने शोभिता को दिया तंडेल की सफलता का श्रेय

नागा चैतन्य की फिल्म तंडेल को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इससे उनके पिता नागार्जुन बेहद खुश हैं। फिल्म को मिल रही जबर्दस्त प्रतिक्रिया पर उन्होंने बेटे की पीठ थपथपाई है। साथ ही इसका श्रेय बहुरानी शोभिता धुलिपाला को भी दिया है। नागार्जुन का कहना है कि यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि नागा ने शोभिता से शादी की।

### शोभिता को दिया सफलता का श्रेय

फिल्म तंडेल 07 फरवरी को रिलीज हुई। इसे काफी पसंद किया जा रहा है। हाल ही में फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नागा चैतन्य के अलावा उनकी पत्नी शोभिता धुलिपाला और पिता नागार्जुन भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि फिल्म के लिए नागा चैतन्य ने जमकर मेहनत की। साथ ही कहा कि इसके पीछे शोभिता का भी हाथ रहा है।

### शोभिता हमेशा से खास हैं

नागार्जुन बेटे की फिल्म की सफलता की खुशी पर बात करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने शोभिता को शुक्रिया कहा। साथ ही बताया कि बेटे को मिल रही इस अपार सफलता के पीछे की एक अहम वजह शोभिता हैं। नागार्जुन ने नागा चैतन्य से कहा, यह सफलता शोभिता से आपकी शादी होने की वजह से है। शोभिता हमेशा खास हैं! आगे उन्होंने शोभिता से कहा, आपने चैतन्य के लिए जो किया है, वह शानदार है। आपने उनके अंदर के अभिनेता को बाहर निकाला है। इसके अलावा नागार्जुन ने दर्शकों और फैंस का भी शुक्रिया अदा किया, जिनकी वजह से यह सफलता हासिल हो सकी। उन्होंने फिल्म निर्माता चंदू मोंडेती, निर्माता बनी व्यास, संगीतकार देवी श्री प्रसाद और नागा चैतन्य के साथ नजर आईं साई पल्लवी सभी का शुक्रिया अदा किया।





# अजय देवगन के साथ रिश्ते को लेकर बोले डायरेक्टर अनुभव

**डायरेक्टर अनुभव सिन्हा ने हाल ही में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि फिल्म कैश के दौरान उनकी और अजय देवगन की आखिरी बार बात हुई थी। फिल्म को रिलीज हुए 18 साल का समय हो गया है, लेकिन अजय और अनुभव की कभी आपस में बात नहीं हुई। डायरेक्टर ने दोनों के बीच बातचीत बंद होने का कारण बताया है।**

### अनुभव ने अजय से बात न होने का कारण बताया

अनुभव सिन्हा कहा, 'हमारे बीच कभी कोई लड़ाई नहीं हुई। वह बस मुझसे बात नहीं करते और मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों है। फिल्म कैश की मेकिंग के बाद से, हम एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं। शायद वो मुझे इग्नोर करते हैं या उनके मन में कुछ और भी हो सकता है। मैंने उन्हें दो-तीन बार मैसेज भी किए, लेकिन उनकी तरफ से कभी कोई जवाब नहीं मिला। इसलिए मैंने खुद से सोच लिया कि शायद वह भूल गए होंगे या उन्होंने मेरा मैसेज देखा ही नहीं होगा। लेकिन, हमें बात किए हुए लगभग 18 साल हो गए हैं।'

### हमारे बीच कभी कोई विवाद नहीं हुआ

डायरेक्टर से पूछा गया कि फिल्म की शूटिंग के समय उनके बीच कोई विवाद हुआ था? जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा- नहीं, हमारे बीच कभी कोई विवाद नहीं हुआ था। हां, उस समय प्रोड्यूसर और फाइनेंसर के बीच विवाद हुआ था।

### यारों के यार हैं अजय देवगन

डायरेक्टर अनुभव ने अजय की तारीफ करते हुए कहा- अजय मेरे पसंदीदा कलाकारों में से एक थे। मैं उन्हें एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में पसंद करता था। उनके साथ रहना और काम करना मुझे अच्छा लगता था। वह यारों के यार जैसे हैं। अजय हमेशा जरूरत पड़ने पर दोस्त की मदद के लिए सबसे पहले खड़े रहते हैं।



# जूनियर एनटीआर के फैंस का इंतजार होगा जल्द खत्म

जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एनटीआर 31' की घोषणा बहुत पहले ही कर दी गई थी, लेकिन कुछ कारणों से इसकी शूटिंग शुरू नहीं हो सकी। हालांकि, अब ऐसा लग रहा है कि जूनियर एनटीआर के फैंस का इंतजार जल्द ही खत्म होगा। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक अहम अपडेट सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जूनियार एनटीआर के इस आगामी प्रोजेक्ट का पहला शेड्यूल अगले हफ्ते विकाराबाद फॉरेस्ट में शुरू होने वाला है। इस फिल्म का नाम नाम 'ड्रैगन' बताया जा रहा है, रिपोर्ट्स बताती हैं कि इसके शुरुआती सीन जूनियर एनटीआर के बिना शूट किए जाएंगे। अभिनेता फिलहाल अपनी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं, हालांकि, निर्माताओं की ओर से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिल्म में रुक्मिणी वसंत को फीमेल लीड रोल में नजर आ सकती हैं, टोविनो थॉमस कथित तौर पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, फिल्म 9 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

